CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 06°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 8 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## योगी ने राज्यमंत्री बृजेश सिंह के दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सीएम ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की

**देवबंद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनपद में राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह के पैतृक आवास जड़ौदा जट्ट, देवबंद पहुंचकर उनके दिवंगत पिता स्व. डा. राजकुमार रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

श्री योगी गांव जड़ौदा जट्ट में करीब 3.30 बजे पहुंचे एवं 3.40 बजे कुंवर बृजेश सिंह के आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री शाम 4.05 पर सरसावा एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान होकर मेरठ के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री श्री योगी ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

## चुनाव आयोग ने पेश किया अपना डिजिटल मंच ईसीआईनेट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- प्रौद्योगिकी को दूसरे निकायों को और दूसरे देशों के साथ साझा करने का प्रस्ताव किया
- इसे कानून की कसौटी पर परख कर विकसित किया गया है और यह 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध : ज्ञानेश कुमार

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यहां लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर भारत के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसीडीईएम-2026) में चुनाव से संबंधित सभी जानकारी और सेवाओं के लिए भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट का उद्घाटन किया और इसकी प्रौद्योगिकी को दूसरे देशों के साथ साझा करने का प्रस्ताव किया।

तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भारत मंडपम में चल रहा है। ईसीआईनेट की परिकल्पना ज्ञानेश कुमार ने अपने साथी चुनाव आयुक्तों डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी के साथ मिलकर की है। आयोग ने इसके विकास की घोषणा मई 2025 में की थी। श्री कुमार ने विश्व भर में इसे चुनाव प्रबंधन से जुड़ी संस्थाओं और संगठनों के समक्ष ईसीआईनेट को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसे कानून की कसौटी पर परख कर विकसित किया गया है और यह 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध है। उन्होंने इसकी प्रौद्योगिकी को दुनिया के दूसरे देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमपी) को अपने देशों के लिए, अपने कानूनों के अनुसार और अपनी-अपनी भाषाओं में, इसी तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास पर भारत के साथ सहयोग करने की पेशकश की। इस अवसर पर डा. संधू ने कहा कि ईसीआईनेट चुनाव प्रबंधन में विश्वास बढ़ाने वाला एक प्रतिष्ठित उपकरण है, क्योंकि यह अधिक पारदर्शिता लाता है और सभी कार्यों की निगरानी में मदद करता है और त्वरित निर्णय लेने तथा जानकारी के प्रसार की सुविधा प्रदान करता है।चुनाव आयुक्त डा.जोशी ने कहा कि यह सम्मेलन भारत के चुनाव आयोग जैसे दूसरे देशों के चुनाव निकायों को प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों को अपनाने पर वैश्विक प्रथाओं से सीखने और प्रेरणा लेने का अवसर देगा। इन प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी देते हुए आयोग की महानिदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) डा. सीमा खन्ना ने कहा कि साइबर सुरक्षा इसके प्रमुख स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा कि आज तकनीक का प्रयोग रणनीतिक आवश्यकता बन गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनकपुरी और विकासपुरी मामले में सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान राजधानी के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हिंसा भड़काने के आरोपी पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को गुरुवार को बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने संक्षिप्त मौखिक आदेश सुनाते हुए सज्जन कुमार को बरी किया। उन्होंने कहा कि मामले का विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। यह मामला दंगों के दौरान हुई हिंसा की शिकायतों पर फरवरी 2015 में विशेष जांच दल (एसआईटी) की दर्ज की गई दो प्राथमिकियों से संबंधित था। अगस्त 2023 में निचली अदालत ने सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा भड़काने और शत्रुता को बढ़ावा देने के आरोपों में आरोप तय किए थे, जबकि हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपों को हटा दिया गया था।

### मुंबई समेत 15 नगर निगम में महिला महापौर होंगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में से मुंबई समेत 15 में महिलाएं मेयर होंगी। गुरुवार को मुंबई में लॉटरी सिस्टम से इन्हें चुना गया। परभणी नगर निगम पर महिला महापौर को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है। लॉटरी सिस्टम पर शिवसेना (यूबीटी) नेता और मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला लेने के नियम बिना किसी को बताए बदल दिए गए। पिछले दो मेयर सामान्य वर्ग के थे, इसलिए नई मेयर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग से होनी चाहिए थी।

### यूपी व हरियाणा के 21 जिलों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद अब बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की चेतावनी है। शुक्रवार से राजस्थान, हिमाचल और पंजाब-हरियाणा में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है। यूपी के 15, राजस्थान और हरियाणा के 6-6 जिलों में बारिश हो सकती है। इस दौरान 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ जगहों पर ओले गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में गुरुवार को बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट था। यहां भी 24 जनवरी तक तेज बारिश और ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। उत्तराखंड के 5 जिलों में शुक्रवार को बर्फबारी का अलर्ट है।

# पूजा के साथ नमाज भी अदा होगी

## विवादित भोजशाला पर सुप्रीम कोर्ट में बनी बात, सीजेआई ने निकाला बीच का रास्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला में शांतिपूर्ण बसंत पंचमी पूजा और जुमे की नमाज का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादित भोजशाला, कमाल मौला परिसर में बसंत पंचमी पूजा और शुक्रवार की जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ गुरुवार को हिंदू पक्षकारों के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी। इसमें 23 जनवरी को पूरे दिन बसंत पंचमी की धार्मिक गतिविधियों की अनुमति मांगी गई थी।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से संरक्षित भोजशाला 11वीं सदी का स्मारक है। हिंदू इसे देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर बताते हैं, जबकि मुस्लिम इसे कमाल मौला मस्जिद मानते हैं। वर्ष 2003 की व्यवस्था के तहत हिंदुओं को मंगलवार को पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुसलमान शुक्रवार को नमाज अदा करते हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि बसंत पंचमी की पूजा और हवन सूर्योदय से सूर्यास्त तक किए जाने का प्रस्ताव है। वहीं मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने अदालत को सूचित किया कि जुमे की नमाज एक से तीन बजे के बीच होती है। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के सदस्य परिसर खाली कर देंगे। वहीं अपर महाधिवक्ता (एएसजी) के एम नटराज और मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता (एसजी) ने अदालत को आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था बनाई रखी जाएगी। जब श्री जैन ने सुझाव दिया कि बिना बाधा के पूजा जारी रखने के लिए नमाज 5 बजे के बाद हो तो श्री खुर्शीद ने कहा कि जुमे की नमाज का खास वक्त होता है, इसलिए 5 बजे के बाद ऐसा करने में कठिनाई आएगी और इसे पुनर्निर्धारित नहीं किया जा सकता। एएसजी ने इसके बाद सुझाव दिया कि मस्जिद समिति नमाज में उपस्थित लोगों की अपेक्षित संख्या जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए, जिससे प्रशासन अलग से एक स्थान बना सके और यदि आवश्यक हो तो पास जारी कर सके। श्री खुर्शीद ने उसी दिन विवरण प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। समझौते को रिकॉर्ड करते हुए पीठ ने निर्देश दिया कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच उसी परिसर के भीतर नमाज के लिए एक विशेष और अलग क्षेत्र उपलब्ध कराया जाए, जिसमें अलग प्रवेश और निकास हो। हिंदू समुदाय के लिए भी बसंत पंचमी की रस्में अदा करने के लिए अलग स्थान चिह्नित करने का निर्देश दिया गया। न्यायालय ने आगे निर्देश दिया कि प्रशासन उचित उपाय करे। इसमें पास जारी करना भी शामिल है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

### एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी हो: सुप्रीम कोर्ट

#### कोर्ट बोला: चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता

#### ईसी ने कहा: हमें गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल किया कि क्या एसआईआर नियमों से हटकर हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने कहा कि वोटर लिस्ट की जांच करना न्यायसंगत और सही है। कोर्ट को इस प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए। द्विवेदी ने आगे कहा कि कुछ एनजीओ और नेताओं के कहने पर हर मामले की जांच नहीं हो सकती। बिहार में जिन 66 लाख लोगों के नाम हटे हैं, उनमें से किसी ने कोर्ट में शिकायत नहीं की। आजकल ईसी को गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बन गया है।

## भारत की बेटियां हर क्षेत्र में बना रही हैं नए रिकॉर्ड: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी ने कहा कि जिस देश में पुत्रियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है, वहां आज से 11 वर्ष पहले इसी दिन 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान आरंभ किया गया था।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने बेटियों के महत्व पर आधारित शाश्वत भारतीय मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हुए कहा कि एक पुत्री दस पुत्रों के समान है और दस पुत्रों से प्राप्त पुण्य या सद्गुण एक पुत्री से भी प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि कन्या को लक्ष्मी मानने वाले हमारे देश में 11 साल पहले आज ही के दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत हुई थी। यह बड़े गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नित-नए रिकॉर्ड बना रही हैं। उल्लेखनीय है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत 22 जनवरी 2015 को हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य लड़कियों के अस्तित्व, शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

### भारत ने क्रोएशिया में उसके दूतावास पर तोड़फोड़ की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारत ने क्रोएशिया के जाग्रेब में उसके दूतावास में घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दूतावास पर तोड़फोड़ की घटना के बाद गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत ने इस विषय को क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया है और भारतीय दूतावास की वियना संधि के तहत सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए उन्होंने कहा कि हम क्रोएशिया के जाग्रेब स्थित हमारे दूतावास में भारत-विरोधी तत्वों द्वारा की गई अवैध घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हैं।

## डोडा में सेना की गाड़ी गहरी खाई में गिरी, 10 जवानों की मौत

- 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है। सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में 21 जवान सवार थे। सभी डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे।

भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया। इस हादसे में जान गंवाने वाले जवानों के बारे में सेना ने अब तक जानकारी नहीं दी है। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से हादसे वाली जगह से एयरलिफ्ट करके उधमपुर के मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस हादसे से दुखी हूं। इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। घायल सैनिकों को एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को बेहतरीन इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुखी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायल सैनिकों को मेडिकल केयर मिल रही है और सबसे अच्छा इलाज पक्का करने के लिए सभी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जान गंवाने वाले सैनिकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अब्दुल्ला ने त्वरित बचाव और निकासी प्रयासों की भी सराहना की। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि सेना का वाहन गहरी खाई में गिरने की वजह से कई जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि डोडा से आई दुखद खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द ठीक होने के लिए प्रार्थना करती हूं।



नई दिल्ली: कांग्रेस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

## मोदी को पीछे हटाने का मौका है मनरेगा को बचाने की लड़ाई: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: भाजपा चाहती है देश में लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति एक वोट' की अवधारणा खत्म हो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ शुरू हुई लड़ाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने देने और मनरेगा की बहाली के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा।

श्री गांधी ने रचनात्मक कांग्रेस के प्रमुख संदीप दीक्षित द्वारा मनरेगा बचाओ मोर्चा के कार्यकर्ताओं के गुरुवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा चाहती है कि देश में लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति एक वोट' की अवधारणा खत्म हो और आजादी से पहले वाला हिंदुस्तान फिर से वापस लाया जाए। इसी सोच का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को मनरेगा के तहत मिले अधिकार को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने गरीबों को रोजगार की गारंटी और सम्मान से जीने का अधिकार दिया था। मनरेगा के पीछे की सोच थी कि जिसे भी काम की जरूरत हो, वो सम्मान के साथ वह अधिकार के साथ काम मांग सके और अधिकार के साथ उसे काम मिले। मनरेगा को पंचायती राज के तहत चलाया जाता था और यह लोगों की आवाज और उनका अधिकार था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे खत्म करने में लगे हैं, लेकिन कांग्रेस इसके लिए लड़ रही है और सरकार को मनरेगा की बहाली के लिए मजबूर करेगी। उनका कहना था कि इससे पहले मोदी सरकार किसानों के खिलाफ काले कानून लेकर आई थी, जिसे किसानों ने रोक दिया, जो अन्याय किसानों के साथ किया गया था, वही अब मजदूरों के साथ किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि कुछ साल पहले भाजपा सरकार 'तीन काले कृषि कानून' लेकर आई और इसके जरिये उसने किसानों पर आक्रमण किया, लेकिन किसानों और हम सबने श्री मोदी पर दबाव डालकर उसे रोक दिया। अब उसी तरह का हमला मजदूरों पर करने की कोशिश हो रही है और अब केंद्र सरकार निर्णय लेगी कि किस राज्य को कितना पैसा भेजा जाएगा। भाजपा शासित राज्य में ज्यादा पैसा जाएगा और विपक्ष शासित राज्य में कम पैसा जाएगा। केंद्र सरकार ही तय करेगी कि कब कहां काम होगा, किसको कितनी मजदूरी मिलेगी, जो अधिकार मजदूरों को मिलते थे, अब वह ठेकेदारों को मिलेंगे। भाजपा की विचारधारा है कि देश की धन, संपत्ति चुने हुए हाथों में हो और वही लोग इस देश को चलाएं। भाजपा चाहती है कि देश का पूरा धन अमीरों के हाथ में चला जाए, ताकि गरीब, दलित और आदिवासी लोग उनपर निर्भर हो जाएं और उनकी बात मानें।

## झारखंड में एक करोड़ के इनामी अनल समेत 15 नक्सली ढेर

- सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

**रांची।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत गुरुवार को चाईबासा जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सली संगठन के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ छोटानागरा थाना क्षेत्र के घने और दुर्गम जंगलों में तब हुई, जब नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान शुरू किया था।

मुठभेड़ में 1 करोड़ रुपये के इनामी नक्सली अनल सहित 9 से 14 अन्य साथी नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सारंडा के जंगलों में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके बाद कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 जनवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। इस अवसर पर शाह 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना की शुरुआत करेंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक जनपद/जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजन को चिह्नित कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्वाद की केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान बन सके। शाह समारोह में सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का भी शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार देंगे और उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 का वितरण करेंगे।

### 10 हजार किमी सड़क परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-4) के जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10,000 किलोमीटर से अधिक की सड़क परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आज बताया कि दूरदराज की पहाड़ियों से लेकर ग्रामीण समुदायों के मध्य तक फैली ये सड़कें मात्र बुनियादी ढांचे में सुधार का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि प्रगति के लिए महत्वपूर्ण मार्ग हैं, जो कई अवसर खोलती हैं और समावेशी विकास को बढ़ावा देती हैं। इन सड़कों के निर्माण से लगभग 3,270 अलग-थलग पड़े बस्तियों को कनेक्टिविटी और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

# उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नई दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की 14 'लखपति दीदियों' को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'नारी शक्ति' आज आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गांव की बेटियां और बहुएं 'लखपति दीदी' बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर रही हैं। यह सम्मान प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। मौर्य ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए चयनित 14 लखपति दीदियों को 23 जनवरी को उनके कैंप कार्यालय, 7 कालिदास मार्ग, लखनऊ से दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा, ठहराव और वापसी से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने खेती, डेयरी, ई-रिक्शा संचालन, कैफे, मसाला निर्माण, सौंदर्य प्रसाधन, गो-आधारित उत्पाद और लघु उद्योगों के जरिए अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है।

# सनातन धर्म को कमजोर करने वालों से सतर्क रहना जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता: मुख्यमंत्री
- उप्र दिवस 2026 के दो दिन पूर्व विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर उप्र के संकल्प को दोहराया

**लखनऊ/सोनीपत।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि संन्यासी की कोई व्यक्तिगत संपत्ति नहीं होती, उसका धर्म ही उसकी संपत्ति और राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान होता है।

सोनीपत में आयोजित मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं आठ महंतों के भव्य भंडारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सनातन धर्म की आड़ में उसे कमजोर करने की साजिशें रचने वाले कालनेमि तत्व समाज के लिए खतरा हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धर्म के विरुद्ध आचरण करने वाले तत्व न केवल सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक विरासत पर भी आघात करते हैं। उन्होंने संत परंपरा को राष्ट्र और धर्म की रक्षा का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। गौरतलब है कि प्रयागराज माघ मेला के दौरान मौनी अमावस्या महास्नान पर्व के मौके पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के संगम स्नान से वंचित रहने का मामला गरमा गया है। वहीं उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए एक पत्र लिखा है जिसके माध्यम से विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को दोहराया है।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि असंख्य संभावनाओं वाला उत्तर प्रदेश संघर्ष और वंचतता की बेड़ियों को तोड़ते हुए बीमार राज्य से भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ कानून एवं सुशासन का राज स्थापित किया गया है। सत्ता के संरक्षण में पनप रहे माफियाओं के भय के साम्राज्य का अंत कर विकास को गति दी गई। जो निवेशक कभी कानून व्यवस्था के नाम पर प्रदेश से दूरी बनाए रखते थे, आज वही उत्तर प्रदेश में निवेश की होड़ लगा रहे हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ बनकर उभरा है। बीज से बाजार तक की बेहतर व्यवस्था और रिकॉर्ड डीबीटी भुगतान से अन्नदाताओं की आय में वृद्धि हुई है।

### युवाओं को रोजगार सुनिश्चित हुआ

डबल इंजन सरकार के प्रयासों से प्रदेश में एक्सप्रेसवे, रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट, आईटी-सॉफ्टवेयर, एमएसएमई, औद्योगिक विकास, स्टार्टअप और एक जनपद-एक उत्पाद जैसी योजनाओं ने उत्तर प्रदेश को लोकल से ग्लोबल की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ाया है। इन पहलों से प्रदेश के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार सुनिश्चित हुआ है। महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला भागीदारी में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक सरकार आर्थिक सहायता सुनिश्चित कर रही है। निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के लिए पेंशन की व्यवस्था है। मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और हेल्थ टेक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ हुई हैं।

## माघ मेला मुद्दे को लेकर अखिलेश ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

# संतों का अपमान हुआ, तो सपा साथ खड़ी रहेगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पूर्व सीएम ने कहा: जनेश्वर मिश्र ने जो सिद्धान्त, जो आंदोलन दिया, उसे आगे बढ़ाने का हम संकल्प लेते हैं

**लखनऊ।** छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी विचारक डा. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र पार्क जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रयागराज माघ मेले में साधु-संतों के साथ दुर्व्यवहार की घटना सामने आई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी साधु-संत का अपमान होगा, तो समाजवादी पार्टी उनके सम्मान की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी। मीडिया से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा पीडीए की लड़ाई को आगे बघ रही है। जनेश्वर मिश्र ने जो सिद्धान्त, जो आंदोलन दिया, उसे आगे बढ़ने का हम संकल्प लेते हैं। अखिलेश यादव ने नोएडा में इंजीनियर की मौत के प्रकरण को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद भी सरकारी तंत्र समय रहते पीड़ित की जान नहीं बचा सका। अखिलेश ने आरोप लगाया कि कई घंटे तक इसलिए कार्रवाई नहीं की गई, क्योंकि यह कहकर टाल दिया गया कि पानी ठंडा है। उन्होंने इसे प्रशासनिक संवेदनहीनता बताते हुए कहा कि सरकार बताए कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं सम्भल प्रकरण में सीओ समेत अन्य पर केस दर्ज कराने का आदेश देने वाले जज के ट्रांसफर पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि सच्चाई को ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सच सामने आने से घबराती है। मौजूदा दौर में पूंजीवादी ताकतें हावी हो रही हैं। ऐसे में समाजवादियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे जनेश्वर मिश्र, डा. लोहिया, बाबा साहब और नेताजी के विचारों को आगे बढ़ाकर समाजवादी आंदोलन को मजबूती दें। इस दौरान अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि हम सभी ने देखा है कि जब वह योग कर रहे थे तो एक टांग पर लड़खड़ा रहे थे, क्या आप लोग उन्हें योगी कहेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग, वे लोग हैं, जब उन्हें लगता है कि धर्म के आधार पर वोट नहीं मिल सकता है, सनातन के रास्ते से वोट नहीं मिल सकता है, तो इस तरह का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन का रास्ता सत्य का रास्ता है, धर्म का रास्ता, न्याय का रास्ता है। हम सबको साथ लेकर चले, वही सनातनी रास्ता है। हमारे साधु संत और जितने भी पूजनीय लोग हैं उनका सम्मान करें। उनके पास समय-समय पर जाकर राय मशविरा करें। यही सनातन है। इस दौरान सतुआ बाबा के बारे में पूछने पर अखिलेश यादव ने कहा कि सतुआ बाबा को नहीं जानते हैं, हम भी मुख्यमंत्री रहे हैं।

### सत्ता जब अधर्म करने पर उतारू हो जाए, वही कलयुग है: सपा प्रमुख

**लखनऊ।** प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पालकी रोके जाने को लेकर हुई घटना पर सियासत तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता जब अधर्म करने लगे, वही कलयुग है। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगी 'धर्म-विरोधी' मानसिकता के साथ सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं, जिससे पूरे सनातनी समाज में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि सरकार की कार्यशैली से आम लोग ही नहीं, बल्कि भाजपा के समर्थक तक शर्मिंदा हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में सपा ने लगाए पोस्टर

## 'शंकराचार्य का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वर नंद सरस्वती की पालकी रोके जाने को लेकर घटित घटना के विरोध में समाजवादी पार्टी मैदान में उतर आई है।

पार्टी कार्यालय के बाहर अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में समाजवादी छात्रसभा के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह ने पोस्टर लगाया है। पोस्टर पर 'शंकराचार्य का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान' लिख कर समर्थन दिया है। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर लगातार भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। अभी दो दिन पहले ही फोन पर शंकराचार्य से बात कर उनकी लड़ाई को आगे बढ़ाने की बात कही गई थी। इसी क्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने शंकराचार्य से प्रयागराज माघ मेले में मुलाकात की थी। एक दिन पूर्व अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा था कि यदि कोई अधिकारी शंकराचार्य से परिचय और प्रमाण-पत्र मांग रहा है, तो सनातन धर्म का इससे बड़ा अपमान कोई और नहीं हो सकता।

### मानवाधिकार आयोग से की मामले में दखल देने की मांग

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्यों के साथ कथित अभद्रता का मामला अब राज्य मानवाधिकार आयोग की दहलीज पर पहुंच गया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉक्टर गजेंद्र सिंह यादव ने राज्य मानवाधिकार आयोग में मामले की शिकायत करते हुए आयोग से दखल देने की मांग की है।



सेंसेक्स 82307.37
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में फिर लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्रीनलैंड पर रुख नरम करने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई। सप्ताह के पहले तीन दिन भारी गिरावट देखने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 397.74 अंक (0.49 प्रतिशत) चढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। इसमें आज 909 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया।

सेंसेक्स ऊपर 82,783.18 अंक और नीचे 81,874.39 अंक तक गया। सुबह के समय यह 874 अंक चढ़ गया था, तो वहीं दोपहर बाद लाल निशान में भी गया। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के मुद्दे पर यूरोपीय देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का फैसला वापस ले लिया है। साथ ही, कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए बल प्रयोग नहीं करेगा। इससे शेयर बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 132.40 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 25,289.90 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 0.76 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों का सूचकांक 2.34 प्रतिशत मजबूत हुआ। रसायन, स्वास्थ्य, फार्मा, धातु, मीडिया और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर सबसे ज्यादा पौने चार प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील और अडानी पोर्ट्स के शेयर ढाई फीसदी से अधिक मजबूत हुए। भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, पावरग्रिड, सनफार्मा, इंडिगो, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, इंफोसिस, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी हरे निशान में रहे।

# इंडिगो को दिसम्बर में परिचालन व्यवधान के कारण 555 करोड़ का राजस्व नुकसान

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो को पिछले साल दिसम्बर में परिचालन व्यवधानों के कारण 555 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। एयरलाइंस ने गुरुवार को घोषित वित्तीय परिणामों में शेयर बाजार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि दिसम्बर के पहले सप्ताह में कंपनी ने अप्रत्याशित परिचालन चुनौतियों का सामना किया जिसके कारण 03 से 05 दिसम्बर के बीच बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं। इन व्यवधानों के कारण इस अवधि में यात्रियों से प्राप्त राजस्व में भारी गिरावट दर्ज की गई।ष इंडिगो ने बताया कि कंपनी प्रभावित यात्रियों को नियमों के अनुसार मुआवजा दे रही है और बुरी तरह प्रभावित यात्रियों को 10-10 हजार रुपये के वाउचर भी दे रही है। उसने बताया है कि इन सभी कारणों और संबंधित अन्य लागतों के कारण 555 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि का अनुमान है। उसने बताया कि इसके अलावा नागर विमानन महानिदेशालय से 17 जनवरी को कंपनी को एक आदेश प्राप्त हुआ है जिसमें एयरलाइंस पर 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वित्तीय परिणाम में इस राशि के लिए भी प्रावधान किया गया है। नियामक ने कंपनी को 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी भी जमा कराने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि 03 से 05 दिसम्बर के बीच इंडिगो की 2,507 उड़ानें रद्द रही थीं और 1,852 उड़ानों में देरी हुई थी। लाखों की संख्या में लोगों को परेशानी हुई।

# किफायती आवास के लिए कर छूट की नीति जरूरी: नरेडको

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) ने सभी को आवास मुहैया कराने के सपने को साकार करने के लिए सरकार से करों में छूट देने, आयकर की कुछ धाराओं में सुधार तथा किराए पर आवास के लिए नीति निर्माण का अनुरोध किया है।

नरेडको के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी ने यहां गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों लोगों को घर मिला है, लेकिन सबके लिए अपना घर का लक्ष्य अब भी काफी दूर है। जमीन की ऊंची कीमतों के कारण बिल्डरों के लिए किफायती आवास बनाना अब संभव नहीं है, इसलिए सरकार को नियमों में बदलाव, कर प्रोत्साहन और किराए पर आवास के विकल्प पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले साल के बजट में उद्योगों को अपने कामगारों के लिए किराए के आवास बनाने की छूट दी गई है। इसे रियल एस्टेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया जाना चाहिए। जैसे पहले चैरिटेबल ट्रस्ट चॉल बनाते थे, उसी प्रकार उन्हें किराए के लिए आवास और किफायती आवास भी बनाने चाहिए।

किराए के लिए आवास का मतलब है कि बिल्डर मकान बनाकर उसे बेचने की बजाय किराए पर लगा सकेंगे, ताकि उन लोगों को भी घर मिल सके, जो घर खरीदने में असमर्थ हैं। हीरानंदानी ने कहा कि आयकर के नियमों के तहत मकान यदि खाली हो, तब भी उसके सांकेतिक किराए पर कर लगता है। आयकर कानून की धारा 43 सीए में सर्किल रेट से 10 प्रतिशत तक कम कीमत पर ही बिक्री की अनुमति है। इससे ज्यादा छूट देने पर क्रेता और विक्रेता दोनों पर दंड लगता है। यही कारण है कि रियल एस्टेट डेवलपर चाहें भी तो कम कीमत गरीबों को घर नहीं मुहैया करा सकते। धारा 71 के तहत किराए पर दिए गए आवास के नुकसान की भरपाई दूसरे कारोबार में हुए मुनाफे से नहीं कर सकते, जबकि दूसरे कारोबारों के लिए ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है। इन सभी नियमों के कारण हर आदमी के लिए घर का सपना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि नरेडको ने आगामी बजट के लिए ये सभी सुझाव सरकार के समक्ष रखे हैं।

# फिक्की के सर्वे में कंपनी जगत ने अर्थव्यवस्था पर मजबूत भरोसा जताया

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल फिक्की ने आगामी वित्त वर्ष के बजट से पहले गुरुवार को जारी एक सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि देश की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं को लेकर भारत का कंपनी जगत आशावादी है और 2026-27 के वित्तीय वर्ष में आर्थिक वृद्धि 7.8 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

इस सर्वे के आधार पर फिक्की ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बजट में प्रत्यक्ष कर अनुपालन में सरलीकरण, डिजिटलीकरण, कर निश्चितता, विवाद निपटान एवं मुकदमेबाजी प्रबंधन और कॉरपोरेट पुनर्गठन एवं निवेशकों की सुविधा के उपाय किए जा सकते हैं। वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच बजट में निर्यात को मजबूत समर्थन की आवश्यकता, अवसंरचना, डिजिटल विनिर्माण और रक्षा उद्योग पर विशेष जोर देने की जरूरत को रेखांकित किया गया है। फिक्की के अनुसार सर्वेक्षण में विस्तृत रूप से आशावाद झलकता है, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने भारत की विकास संभावनाओं पर भरोसा जताया है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी जगत के 50 प्रतिशत लोगों को लगता है कि 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि 7.8 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है। यह अनुमान ऐसे समय आया है, जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम अग्रिम अनुमान में वृद्धि 7.4 प्रतिशत बताई गई है। फिक्की ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत मध्यावधिक (अगले दो-तीन वर्ष की) अवधि की संभावनाओं के मुताबिक बुनियादी तौर मजबूती में विश्वास को दर्शाता है। उद्योग ने राजकोषीय अनुशासन के महत्व को भी रेखांकित किया, जहां लगभग 42 प्रतिशत उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी के 4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा, जिससे सरकार की राजकोषीय समन्वय रूपरेखा में विश्वास मजबूत होता है। सर्वे के आधार पर केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए तीन प्रमुख व्यापक आर्थिक प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से उभरती हैं: रोजगार सृजन, अवसंरचना पर निरंतर जोर और निर्यात को मजबूत समर्थन। जिन क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहने की उम्मीद है, उनमें अवसंरचना, विनिर्माण, रक्षा और एमएसएमई प्रमुख हैं। सर्वे के आधार पर फिक्की की सिफारिश है कि सरकार को विनिर्माण और पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर अपना जोर बनाए रखना चाहिए। उद्योगमंडल ने मौलिक कल पुर्जा

# ग्रामीणों को बंधुआ मजदूर बनाने के मकसद से खत्म किया मनरेगा

नई दिल्ली, वार्ता



- भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं, इसलिए गरीबों को गुलाम बनाए रखने के इरादे से ग्रामीण श्रमिकों के हित की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) कानून को खत्म करने का कदम उठाया गया है।

खड़गे ने रचनात्मक कांग्रेस के प्रमुख संदीप दीक्षित द्वारा आयोजित मनरेगा कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय संवाद में 'मनरेगा बचाओ मोर्चा' के देशभर से यहां आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी है और इस लड़ाई को एक जगह पर बैठकर या सिर्फ नारे लगाकर नहीं लड़ा और जीता जा सकता है। उनका कहना था कि सरकार मनरेगा को खत्म करने का कानून संसद के शीतकालीन सत्र में लाई थी और कांग्रेस ने इसका जमकर विरोध किया था। अब जल्द ही बजट सत्र शुरु होने वाला है और कांग्रेस शीतकालीन सत्र की तरह ही बजट सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार के इस कदम का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबों के साथ अन्याय किया है और कांग्रेस गरीबों के हक की इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी जब तक इस कानून को बहाल नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार को नए कानून को हर हाल में वापस लेना पड़ेगा और कांग्रेस इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी जब तक सरकार मनरेगा को फिर से बहाल नहीं करती है। उनका कहना था कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी के नाम से मनरेगा शुरू किया था, लेकिन मोदी सरकार इसे तबाह करने पर तुली है। मनरेगा को खत्म कर सरकार ने ग्रामीण भारत के गरीबों, कमजोर तबकों पर हमला किया है, जिसका देशभर में विरोध हो रहा है। जल्द ही बजट सत्र शुरू होने वाला है, जिसमें कांग्रेस मनरेगा के मुद्दे को उठाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश के तमाम हिस्सों में कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए आंदोलन कर रही है। मनरेगा को खत्म करना समाज के कमजोर तबकों पर प्रहार ही नहीं है बल्कि यह महात्मा गांधी को जन स्मृति से हटाकर, ग्राम स्वराज की सोच पर हमला करने की साजिश है। यह पहली बार है कि कोई दल महात्मा गांधी के नाम पर रखी योजना से उनका नाम हटाने की हिमाकत कर रहा है। यह देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

### देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाने उतारू भाजपा: खड़गे

मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को बंधुआ मजदूर बनाकर उनकी आबरू अमीरों के हाथ में सौंपने जा रहे हैं ताकि लोग अमीरों के इशारों पर, उनकी मर्जी के पैसों पर काम करें। मनरेगा से लोगों को 100 दिन काम की कानूनी गारंटी मिलती थी, जिसे तबाह करने का काम किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस को मनरेगा और गरीबों के काम के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़नी है और इसके लिए सभी श्रमिकों को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा बचाने की लड़ाई किसी एक दल की नहीं है और ना ही वोट पाने की लड़ाई है बल्कि यह गरीबों के हक की लड़ाई है, ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार की गारंटी देने की लड़ाई है और इसके लिए सभी दलों के नेताओं तथा गरीबों को एक साथ खड़ा होना पड़ेगा और इस लड़ाई को जीतना होगा।

# अधिवक्ताओं ने शाहनवाज राना को भारी मतों से जिताने का दिया भरोसा

## अधिवक्ताओं ने क्रम संख्या 266 पर प्रथम वरीयता से जिताने का दिया विश्वास, शाहनवाज राना को प्रति एक जुट दिखाई दिए अधिवक्ता









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल पद के चुनाव को लेकर तीसरे चरण का मतदान की इस समय करीब है और आगामी 27 व 28 जनवरी को तीसरे चरण का मतदान होना है। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य पद के चुनाव को लेकर सदस्य पद का चुनाव लड रहे प्रत्याशी ने इस समय अपनी ताकत दिखाते हुए ऐसा कर दिखाया कि उनकी जीत निश्चित ही दिखाई पड़ रही है।

गुरूवार को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश सदस्य पद का चुनाव लड रहे हाजी शाहनवाज राना ने जनपद के अधिवक्ताओं के साथ एक मीटिंग मेरठ रोड स्थित फूड वैली में आयोजित की। इस मीटिंग में जनपद के भारी अधिवक्ताओं ने भाग लिया और इसी के साथ उन्होने पूर्व विधायक शाहनवाज राना को कामयाब बनाने के लिए अपनी प्रथम वरियता का वोट क्रम संख्या 266 पर देने की बात कही और शाहनवाज राना को एक बार फिर बार काउंसिल सदस्य पद जीताने का आह्वान भी किया है। गुरूवार को शाहनवाज राना ने सवेरे कचहरी पहुंचकर यहां सभी अधिवक्ताओं से सम्पर्क किया और जनसम्पर्क के बाद उन्होने मीटिंग में बोलते हुए कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश से बहुत अधिवक्ता चुनावी मैदान में है बार काउंसिल का चुनाव 25 सदस्यों के लिए लडा जाता है उन्होने कहा कि लगभग 21 से 22 सदस्य पूर्व से चुनकर आते है जबकि पश्चिम उत्तर प्रदेश के अंदर अधिवक्ताओं की संख्या इतनी ज्यादा है कि अगर वह चाहे तो दस अधिवक्ता सदस्य पद के लिए जीत हासिल कर सकते है। उन्होने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश से कम अधिवक्ता बार काउंसिल मेम्बर होने की वजह से पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच नहीं आ रही है। उन्होने कहा कि जब वह पहली बार बार काउंसिल का चुनाव जीते तो उन्हे बार काउंसिल में उपाध्यक्ष का पद मिला था। और उन्होने यह पद हासिल करने के बाद अधिवक्ताओं की मृत्यु के बाद मिलने वाली तीन लाख की धनराशि को पांच लाख कराया था। उन्होने यह भी कहा कि अधिवक्ताओं के लिए बहुत योजनाएं है, लेकिन अधिकतर जनपद के अधिवक्ता इससे महरूम रह जाते है, क्योकि इस मामले को कोई नहीं उठा पाता। उन्होने कह कि यदि इस बार भी अधिवक्ताओं ने उन्हे जिताया तो वह डेथ क्लेम पांच लाख से दस लाख कराने का काम भी करेगे। शाहनवाज राना ने बोलते हुए कहा कि जब वह सदस्य थे तब उन्होने अधिवक्ताओं की आवाज काउंसिल में मजबूती के साथ उठाया था और यदि इस बार भी उन्हे अधिवक्ताओं का प्यार मिला तो वह सभी मुद्दों को उठाएगे।

उन्होने यह भी कहा कि युवा अधिवक्ताओं को भी वह आवाज उठाने का काम करेगे। मंच पर बैठे अध्यक्ष मण्डल ने एक एक करके शाहनवाज राना को जिताने की अपील की है। इस मीटिंग का संच. ालन इनाम ईलाही त्यागी पूर्व सेकेटरी जिला बार संघ और अध्यक्ष मण्डल में राजबल राना, प्रमोद त्यागी एडवोकेट पूर्व जिला बार संघ अध्यक्ष, नसीर हैदर काजमी एडवोकेट जिला बार संघ अध्यक्ष, अमीर आजम खान, टैक्स बार एसोसिएशन।

**यह रहे मौजूद** पूर्व चेयरमैन नगर पालिका महफूज खा राठौर एडवोकेट, हाजी कमरूज्जमा एडवोकेट, बाबू फरीद एडवोकेट व कामरान हसनैन एडवोकेट, नेत्रपाल वर्मा एड., आफताब कैसर एड., अमजद अली एड., बाबू वसी अंसारी एड. पूर्व अध्यक्ष जिला बार संघ, अब्दुल रहमान एड., शादाब अहमद एड., मौ. शाहबाज एड., सैयद मुस्ताक अली एड., साजिद अली राना एड., प्रवेज आलम एड. गोदना, सिराज काजी एड., शशिक. ांत शर्मा एड., ईनाम इलाही एड., इस्लाम एड., आफताब एड., महफूज अली एड., असज जमा एड. पूर्व सभासद, नसीर हैदर एड., बाबू राजेन्द्र सिंह राना एड., मुर्तजा हसनैन एड., मौ. इरफान एड., एमआई नौशाद एड., भूपेन्द्र एड., राजमल सिंह एड., उदय पाल प्रजा. पति एड., प्रदीप एड., सीताराम एड. , दिलनवाज एड., मोहसीन एड., समीम एड., अमजद अली एड., महताब अंसारी एड., महराजुद्दीन राव एड., अमीर कासिम एड., सीताराम एड., अदनान खान एड., ललित एड., आसिफ मलिक एड., रविश कुमार एड., अमजद खानं एड., शाहिद मलिक एड., रिजवान अहमद एड., दीलिप कुमार एड., शाहजाद अली एड., मौ. सद्दाम अली एड., फुरकान राना, रिजवान अहमद एड. आदि मौजूद रहे।

**जनपद के अधिवक्ता बोले**–जनपद के अधिवक्ताओं ने शाहनवाज के राना के आह्वान पर बुलाई गई मीटिंग के दौरान एकजुटता दिखाते हुए यह संदेश दिया है कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य पद के चुनाव में शाहनवाज राना को प्रथम वरियता का मतदान कराकर जीत हासिल कराएगे। मंच पर बोलते हुए सीनियर अधिवक्ता व पूर्व जिला बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने भी शाहनवाज राना को जिताने के लिए अधिवक्ताओं से अपील की। इस दौरान एक एक करके अधिवक्ताओं ने मंच पर अपनी–अपनी बात रखी और कहा कि शाहनवाज राना की बड़ी मजबूती के साथ चुनाव लड रहे है और वह ऐसे प्रत्याशी है कि हाईकोर्ट की बेंच की मांग को वह मजबूती से उठाएगे। अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर मजबूत प्रत्याशी बार काउंसिल में पश्चिम से जाएगा तो पश्चिम में हाईकोर्ट बेंच भी स्थापित हो जाएगी।














# एसएफडीएवी स्कूल के छात्रों ने डीएवी स्पोर्ट्स में किया कमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** खेलो को बढ़ावा देने, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एवं सौहार्द की भावना विकसित करने के लिए डीएवी मैनेजिंग कमेटी द्वारा प्रत्येक वर्ष खेलो का आयोजन कराया जाता है।

एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर फुटबॉल गर्ल्स अण्डर 19 टीम ने कलस्टर व स्टेट लेवल पर जीत दर्ज कर डीएवी नेशनल में अपनी दावेदारी पक्की की। डीएवी गर्ल्स नेशनल्स का आयोजन डीएवी मैनेजिंग कमेटी द्वारा दिल्ली के चिल्ला स्पोटर्स कॉम्पलेक्स में 10 जनवरी 2026 से 12 जनवरी 2026 तक रहा। जिसमें डीएवी मन्सूरपुर की गर्ल्स फुटबॉल अण्डर 19 टीम ने नेशनल गेम्स में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना शानदार प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय खेलो में डीएवी मन्सूरपुर की गर्ल्स फुटबॉल अण्डर 19 टीम ने पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व हिमाचल प्रदेश की टीम को हराया।



इस टूर्नामेंट में डीएवी मन्सूरपुर की गर्ल्स फुटबॉल अण्डर- 19 टीम उपविजेता रही। विद्यालय में यह खबर आते हीं खुशी की लहर दौड गयी। खिलाडियों के विद्यालय वापसी पर प्रधानाचार्य श्री ऐके मोहन द्वारा मेडल पहनाकर तथा विद्यालय के अध्यापकों द्वारा सभी खिलाडियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ऐके मो हन ने सभी खिलाडियों की लगन, उत्साह एवं परिश्रम की सराहना करतें हुए भविष्य में ऊँचाइयों को छुने के लिए प्रेरित किया। वहीं कोच रोहिन कुमार व सौवीर सिंह की सराहना की।

## औद्योगिक प्रशिक्षण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**मीरापुर।** भगवंत इंस्टीटड्ट ऑफ फार्मेसी में बी.फार्मा छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण-पत्र वितरण कार्यक्रम का किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फार्मेसी विभाग द्वारा किया गया, जिसमें कुल 35 विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु पत्र प्रदान किए गए तथा सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण के पत्र संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल द्वारा विद्यार्थियों को वितरित किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण के दौरान अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। यह औद्योगिक प्रशिक्षण पैरिश फार्मा, ऐपको फार्मा, कॉन्सेप्ट फार्मा, बैक्सिल फार्मा, अक्यूम्स फार्मा सहित अन्य प्रतिष्ठित फार्मास्यूटिकल कंपनियों में प्रदान किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को उद्योग आधारित व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो सकेगा।

## प्रमोद राठी के निर्विरोध निर्वाचन पर जश्न

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

**मुजफ्फरनगर।** भूमि विकास बैंक सदर के चेयरमेन पद पर प्रमोद राठी के निर्विरोध निर्वाचित होने पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने आवास पर प्रमोद राठी का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि प्रमोद राठी का निर्विरोध निर्वाचन उनकी सादगी, जनसेवा के प्रति समर्पण, संगठनात्मक क्षमता और किसानों के बीच मजबूत विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रमोद त्यागी भूमि विकास बैंक सदर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के साथ-साथ किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों और बैंक से जुड़े लाभार्थियों के हितों की रक्षा करते हुए प्रभावी योजनाओं को धरातल पर उतारेंगे।

मंत्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि भूमि विकास बैंक किसानों की आर्थिक मजबूती की रीढ़ है और इसके माध्यम से कृषि विकास, ग्रामीण उत्थान तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। प्रमोद राठी के नेतृत्व में बैंक और अधिक पारदर्शी, सशक्त और किसान-हितैषी बनेगा।

इस खुशी के अवसर पर समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ नवनिर्वाचित चेयरमेन का भव्य स्वागत किया गया। आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया और पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने पुष्पमालाएँ पहनाकर प्रमोद त्यागी का अभिनंदन किया तथा एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर अपनी प्रसन्नता साझा की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, बैंक से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी,



किसान प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रमोद राठी को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएँ देते हुए आशा जताई कि उनके कार्यकाल में भूमि विकास बैंक सदर किसानों की समस्याओं के समाधान, ऋण सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

नवनिर्वाचित चेयरमेन प्रमोद राठी ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो विश्वास उन्हें दिया गया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा किसानों और बैंक से जुड़े हर वर्ग के हित में कार्य करेंगे।

# रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर खतौली में भक्ति का सैलाब

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के पावन अवसर पर गुरुवार को खतौली कस्बा श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। इस शुभ अवसर पर बुआडा रोड स्थित गणेशपुरी में श्री राम जानकी परिवार के तत्वावधान में सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष और भजन-कीर्तन से भक्तिमय हो उठा। रामभक्तों ने पूरे मनोयोग से पाठ में सहभागिता की और प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया। पाठ के पश्चात आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालु देर शाम तक भक्ति में लीन दिखाई दिए। कार्यक्रम के मुख्य यजमान गौरव शर्मा उर्फ बंटी (नगर अध्यक्ष, राष्ट्रीय लोकदल) रहे, जबकि आयोजन का शुभारंभ हितेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर गौरव शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ देश के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ा था। उन्होंने बताया कि 550 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर में विराजमान होना करोड़ों रामभक्तों के लिए गर्व और आस्था का विषय है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रभु श्रीराम के वनवास से लौटने पर अयोध्या में दीपावली मनाई गई थी, उसी परंपरा को जीवंत रखते हुए अब प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाया जा रहा है। रात्रि में श्रद्धालु अपने-अपने घरों में दीप जलाकर, आतिशबाजी कर एवं मिठाइयां बांटकर इस ऐतिहासिक दिवस को उत्सव के रूप में मनाएंगे। कार्यक्रम का समापन महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें नगरवा.



सियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में राकेश पाठक (प्रधान, श्री राम जानकी परिवार), अंकित गोयल, कपिल मलिक, सागर (मेडिकल स्टोर), चंद्रपाल राजपूत (अध्यक्ष, हिंदू रक्षा दल), नवीन त्यागी, सोनू, सौरभ, यशपाल सहित अनेक कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## प्रशासन व पालिका से एनजीटी ने मांगा जवाब

**मुजफ्फरनगर।** जिले में प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सखूत हस्तक्षेप करते हुए जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर सीधी जिम्मेदारी तय कर दी है। इसके साथ ही नगर पालिका प्रशासन से भी जवाब तलब किया गया है। यही नहीं अधिकरण ने जनपद की फैक्ट्रियों में आरडीएफ के उपयोग को लेकर गहन जांच के आदेश दिए हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की प्रधान पीठ ने मुज़फ्फरनगर में बढ़ते वायु और जल प्रदूषण पर कड़ी नाराज़गी जताते हुए विगत दिवस एक अहम आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफ़रोज़ अहमद की संयुक्त पीठ ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों और लचर निगरानी के चलते पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है, जिसे तत्काल रोके जाने की आवश्यकता है। अधिकरण की इस विशेष पीठ ने प्रदूषण और आरडीएफ उपयोग को लेकर दायर तीन याचिकाओं पर संयुक्त सुनवाई की। इनमें सनव्वर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य द्धओए 269/202), सैयद अली अब्बास बनाम उत्तर प्रदेश राज्य द्धओए 121/2024) और गौतम बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (ओए 797/2024) की पत्रावलियां शामिल हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अधिकरण ने इन तीनों याचिकाओं की सुनवाई और निपटारे के लिए अधिवक्ता राहुल खुराना को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया। याचिकाकर्ताओं का पक्ष अधिवक्ता एस.ए. जैदी, मानसी चाहल और कपिल, जबकि प्रतिवादी पक्ष का तर्क प्रियंका स्वामी, विक्रांत पचनंदा, प्रदीप मिश्रा, दलीप ध्यानी, गीगी सी. जॉर्ज, सुनील कुमार, शुभम सखुजा, उत्कर्ष शर्मा, अनुभव आनंद अरोन और अभिनव आनंद ने रखा। अधिकरण की विशेष पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फेंसिंग से जुड़े मोहम्मद अरशद ने बताया कि प्रदूषण की गंभीरता ने उनके परिवार को गहरा आघात पहुंचाया है। अरशद ने आरोप लगाया कि शहर में सप्लाई होने वाला पेयजल लगातार दूषित है।

## आज शिवसैनिक निकालेंगे भगवा यात्रा

**मुजफ्फरनगर।** आजाद हिंद फौज के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129 वी व हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की 100 वी जयंती के अवसर पर पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के साथ-साथ मुजफ्फरनगर में भी कल 23 जनवरी को शिवसेना और क्रांतिसेना के कार्यकर्ता भगवा यात्रा का आयोजन करेंगे।

शिवसेना के वेस्ट यूपी प्रमुख ललित मोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जीवन भर देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया, उन्होंने अंग्रेजों का मुकाबला करने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया। जिसके सेनिको ने बलिदान देकर इस देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया, इसी प्रकार हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे ने भी हिंदू गौरव के लिए अनेक कार्य किये आज भी देश भर के करोड़ों नवयुवक उनके पद चिन्हो पर चलकर हिंदुत्व के साथ-साथ आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं, उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति से दोनों नेताओं की जयंती समारोह में शामिल होने का आह्वान किया कल मुजफ्फरनगर में भी 1:00 बजे पार्टी कार्यालय से भगवा यात्रा का शुभारंभ होगा।

**समन** वास्ते करार वाद उमर तनकही तलब(आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय अपर उपजिलाधिक. ारी सदर मुजफ्फरनगर**।वाद सं- टी 202509550108280 सन 2025 1- **श्रीमति दयावती** पत्नी रणवीर सिंह 2- दिग्विजय सिंह पुत्र रणवीर सिंह निवासीगण ग्राम बसेडा परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफफरनगर हाल नि.गण एम.आई. जी.34 तहसील कसौली सैक्टर-3 उमाहोल परवाणु सैक्टर-3 सोलन परवानू (हिमाचल प्रदेश) **बनाम** 1- संजीव कुमार पुत्र सेवाराम 2- श्रीमति निर्दोष पत्नी सुदेश पाल निवासीगण ग्राम बसेडा परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 3- ग्राम पंचायत ग्राम बसेडा परगना पुरछपार तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा अध्यक्ष / ग्राम प्रधान मौजा बसेडा प्रथम धारा 116 उ.प्र.रा.सं.-2006 दरगाह वादी ने आपके नाम उक्त नालिश बाबत तकसीम हेतू दायर कर रखा है । लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 23-01-2026 के 10 बजे प्रात: में असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमा हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और कुछ उमूर तहत मुतालिक मुकदमा को जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स से हो जो कि वाह ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही और उसी रोज़ अपना जुमला गवाही के जिसकी शाहदत पर निजि तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मशमूह फैसला होगा। बस्ब मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में आज तारीख 2201-2026 को जारी किया गया ।

**उपजिलाधिकारी सदर**

**सूचना**

मेरा पहले नाम सायरा बानो SAYERA BANO था। अब मैने अपना नाम बदलकर SAYRA BANO कर लिया है। अब भविष्य में मुझे SAYRA BANO के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

**सायरा बानो**
**SAYRA BANO पत्नी नवाब निवासी म.न.1009/601, जामिया नगर, खालापार दक्षिणी-9, मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैंने अपना नाम PRIYANSHU से बदलकर PRIYANSHU CHOUDHARY रख लिया है। भविष्य में मुझे PRIYANSHU CHOUDHARY नाम से जाना जाये।

**प्रियांशु चौधरी पुत्र प्रमोद कुमार, गांव बुडीना कलां, मुज़फ्फरनगर**

**खोया-पाया सूचना**

मेरी हाईस्कूल की अंक तालिका वर्ष 1981 (अनुक्रमांक संख्या 118790) और सनद तथा इंटर मीडियट की अंक तालिका वर्ष 1985 (अनुक्रमांक संख्या 072146) वास्तव में खो गई है।

**आशीष कुमार**
**पुत्र रतनलाल सिंह**
**अंकित विहार, चकरोड, नई मंडी मुजफ्फरनगर।**
**9412211646**

**सार्वजनिक सूचना**

मैने अपना नाम **MOHAMMAD MAHRA-JUDDIN** से बदलकर मौ0 मेराजुद्दीन/**MOHD MERAJUDDIN** रख लिया है। भविष्य में मुझे मौ0 मेराजुद्दीन/**MOHD MERAJUDDIN** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मौ0 मेराजुद्दीन पुत्र फजल अहमद** निवासी ग्राम मुस्तफाबाद जिला मुजफ्फरनगर।

# सना का हर एपिसोड भावनात्मक शक्ति की लेगा परीक्षा

**बुढ़ाना।** हैंग ओवर नाइट्स पाटह्ल्ज़ दिल्ली के मीडिया पार्टनर साहिल सोंधी के अनुसार आगामी रियलिटी शो ज़िंदगी अनफ़िल्टर्ड में भाजपा नेत्री और मशहूर सुपर माडल सना शा एक कुशल और होनहार सेलिब्रिटी प्रतियोगी के रूप में उभरती जा रही हैं। निर्माता मोहम्मद अली अंसारी, निर्देशक नेहा गिरी व सह-निर्देशक और सहयोगी अमीन अंसारी हैं। यह शो जियो हॉट स्टार, वेव्स और दूरदर्शन सहित विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाला है। उनकी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और आत्मविश्वास से भरी पर्सनैलिटी पहले से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। ज़िंदगी अनफ़िल्टर्ड एक नए और रोमांचक रियलिटी शो का अनुभव देने का वादा करता है। विभिन्न पृष्ठभूमियों के प्रतियोगी अपने असली रूप को सामने लाएंगे। इस शो में प्रतिस्पधह्ल खेल, भावनात्मक पल, प्यार और नफरत शामिल हैं। गुप्त टास्क वफादारी, नैतिकता और निर्णय लेने की क्षमता की परीक्षा लेंगे। हर एपिसोड मानसिक और भावनात्मक शक्ति की परीक्षा लेगा। सना शा का सफर शो का एक प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद है। दबाव में भी उनकी सहजता ने निर्माताओं को प्रभावित किया है। यह शो रिश्तों की असलियत को दर्शाता है। उच्च प्रोडक्शन वैल्यू इसकी अपील को और बढ़ाती है। सेलिब्रिटी प्रतियोगियों की मौजूदगी से शो की लोकप्रियता और बढ़ जाती है। दर्शक बेसब्री से रिलीज का वेट कर रहे हैं। जिंदगी अनफ़िल्टर्ड में फुल मनोरंजन का वादा है।



# कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

पत्रांक-1603/न.पं.बु./2025-26 दिनांक-20.01.2026

## सूचना आम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा नगर पंचायत बुढ़ाना में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करते हुए रजिस्टर्ड बैनामा/हिबैनामा/वारिसान/पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र/मृत्यु प्रमाणपत्र/रजि. वसीयत के आधार पर अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन से आपत्ति है तो वह सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपना दावा/आपत्ति इस कार्यालय में कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। नाम परिवर्तन से सम्बन्धित प्राप्त आवेदनों का ब्यौरा निम्नप्रकार है:-

| क्रम सं. | नाम दर्ज करने हेतू आवेदन | भवन संख्या | भवन स्थित मौहल्ला | नगर पंचायत अभिलेखो में दर्ज नाम | नाम परिवर्तन किये जाने का कारण। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुनीजा पत्नि नौशाद अली निवासी मौ. पछाला पश्चिमी कस्बा बुढ़ाना | 337 | पछाला पश्चिमी | समयदीन पुत्र अजमूदीन | रजि. बैनामा सं. 11335 दिनांक 31.07.2025 व रजि. बैनामा सं. 6329 दिनांक 07.05.2025 व रजि. वसियत सं 314 दिनांक 27.09.2016 के आधार पर |
| 2. | वाशु त्यागी पुत्र महेश कुमार निवासी मौ. पछाला पश्चिमी कस्बा बुढ़ाना | 592 | पछाला पश्चिमी | राजेन्द्र प्रसाद पुत्र अतर सिंह | रजि. वसियत संख्या 358 दिनांक 26.07.2024 व राजेन्द्र प्रसाद के मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 29.12.2025 के आधार पर। |
| 3. | श्रीमति शगुफ्ता पत्नि शाहनवाज (भवन के 1/2 भाग पर) निवासी मौ. चमारान कस्बा बुढ़ाना | 128 | नई बस्ती नं0 2 | धर्मपाल पुत्र कालू | रजि. बैनामा सं. 17736 दिनांक 18.12.2025 व रजि. बैनामा दिनांक 30.03.1998 के आधार पर। |
| 4. | ताहिर पुत्र मतलूब (भवन के 1/2 भाग पर) निवासी मौ. चमारान कस्बा बुढ़ाना | 128 | नई बस्ती नं0 2 | धर्मपाल पुत्र कालू | रजि. बैनामा सं. 17737 दिनांक 18.12.2025 व रजि. बैनामा दिनांक 30.03.1998 के आधार पर |
| 5. | राजीव कुमार पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम बड़कता | 256 | मण्डी उत्तरी | विजयपाल पुत्र बलवन्त | रजि. बैनामा सं. 2662 दिनांक 27.06.2092 व रजिर्स्टड वसियत सं. 200 दिनांक 17.05.2024 के आधार पर |
| 6. | तसलीम पुत्र जमीरूदीन निवासी मौ. काजीवाडा दक्षिणी कस्बा बुढ़ाना | 84 | काजीवाडा दक्षिणी | जमीरूदीन पुत्र अमीरूदीन | रजि. हिबैनामा दिनांक 29.08.2023 के आधार पर |
| 7. | श्रीमति सरोज देवी पत्नि नत्थूराम निवासी मौ. पछाला पश्चिमी कस्बा बुढ़ाना। (भवन के आंशिक भाग पर 66.57 वर्ग मीटर) | 492 | पछाला पश्चिमी | अमरेश देवी पत्नि विरेन्द्र कुमार सहरावत व निर्भय सहारावत व शुभम सहरावत पुत्रगण विरेन्द्र कुमार सहरावत | रजि. बैनामा सं. 16754 दिनांक 26.11.2025 |
| 8. | पंकज वर्मा पुत्र महिपाल सिंह निवासी मौ. पछाला पश्चिमी कस्बा बुढ़ाना | 280 व 366 | पछाला पश्चिमी | प्रेमवती पत्नि महिपाल सिंह | वारिसान प्रमाण पत्र सं. 23/एस.टी. /वा. प्र. पत्र दिनांक 13.02.2014 व मृतक प्रेमवती के मृत्यु प्रमाणपत्र दिनांक 25.01.2014 के आधार पर |
| 9. | मौ. नसीम अहमद पुत्र मीरहसन निवासी मौ. पछाला पश्चिमी कस्बा बुढ़ाना | 669 | पछाला पश्चिमी | रसीद पुत्र रहमतुल्ला | रजि. वसियत सं. 296 दिनांक 13.09.2010 व रजि. हिबैनामा सं. 10971 दिनांक 24.07.2025 के आधार पर |
| 10. | ओमपाल सिंह पुत्र कलीराम सिंह व अंशुल सिंह-आशुतोष कुमार कुशवाहा पुत्रगण ओमपाल सिंह निवासी ग्राम कुरालसी | 224 | पछाला पश्चिमी | रेखा पत्नि ओमपाल | पाारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र पत्र सं. 1726/एस.टी./2025 दिनांक 26.11.2025 व मृतक रेखा रानी के मृत्यु प्रमाणपत्र दिंनाक 29.08.2020 के आधार पर |
| 11. | युनूस पुत्र यासीन निवासी मौ. चमारान कस्बा बुढ़ाना | 172 | नई बस्ती नं. 2 | फसीउदीन पुत्र वकील अहमद | रजि. बैनामा दिनांक 02.02.2008 व रजि. बैनामा दिनांक 06.03.2019 व रजि. बैनामा दिनांक 14.03.2019 व रजि. बैनामा दिनांक 30.03.2021 व रजि. बैनामा सं. 10647 दिनांक 27.11.2021 के आधार पर |
| 12. | विष्णुदत्त पुत्र स्व. भगीरथ निवासी मौ. भटवाडा कस्बा बुढ़ाना | 30 | भटवाडा उत्तरी | भगीरथलाल पुत्र दीपचन्द | रजि. वसियत दिनांक 02.04.2014 व मृतक प्रेमवती के मृत्यु प्रमाणपत्र दिनांक 19.07.2016 के आधार पर |
| 13. | विष्णुदत्त पुत्र स्व. भगीरथ निवासी मौ. भटवाडा कस्बा बुढ़ाना | 850 | भटवाडा दक्षिणी | प्रेमो देवी पत्नी भगीरथ | |
| 14. | आशुतोष-शरद-राघव पुत्रगण गजेन्द्र व उषा पत्नि गजेन्द्र निवासी मौ. खाकरोबान कस्बा बुढ़ाना | 37 | खाकरोबान | रामकिशन पुत्र भूल्लण सिंह | रजि. वसियत सं. 254 दिनांक 02.08.2011 व रामकिशन का मृत्यु प्रमाणपत्र दिनांक 02.03.2023 के आधार पर |
| 15. | श्रीमति नीसा पत्नि सलीम निवासी मौ. खाकरोबान कस्बा बुढ़ाना | 51 | खाकरोबान | सलीम पुत्र रफीक | रजि. हिबैनामा सं 12392 दिनांक 20.08.2025 के आधार पर |
| 16. | अलका पत्नि प्रदीप निवासी मौ. पछाला पूर्वी कस्बा बुढ़ाना | 172 | पछाला पूर्वी | सचिन जैन उर्फ रिंकू पुत्र रमेश चन्द | रजि. बैनामा सं. 11954 दिनांक 11.08.2025 के आधार पर |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बुढ़ाना**

# चोरों ने पांच टयूबवैल को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव शुक्रतारी के जंगल में चोरों ने पुनरूचोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है एक सप्ताह में चोरी की यह दूसरी घटना है जंगल में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है।पीड़ित किसानों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी पूर्व सभासद राजीव कुमार ने जानकारी देकर बताया को बीती रात अज्ञात चोरो ने गांव शुक्रतारी के जंगल में किसान सुभाष,सतेन्द्र,महेश,रूबी निवासी कस्बा भोकरहेड़ी व मनोज निवासी गांव बहुपुरा की टड्बू वैल के कमरे की दीवारों को तोड़कर तथा दरवाजे के ताले तोड़कर टड्बू वैल का कीमती सामान चुरा लिया है। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह भी चोरों ने निकटवर्ती गांव बहुपुरा के जंगल में आधा दर्जन टड्बू वैल पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।भोकरहेड़ी निवासी प्रगतिशील किसान व पूर्व सभासद चौधरी रामबीर सिंह ने बताया कि टयूबवैल चोरी गन्ना चोरी आदि की घटनाएं लगातार जारी है जो बड़ी चिंता का विषय है। पुलिस घटनाओं का शीघ्र खुलासा करे।

## जेएसटी जापान फेलोशिप के लिए प्रिंसी का चयन

**मुजफ्फरनगर।** शहर के रामलीला टिल्ला निवासी प्रिंसी वर्मा ने जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनका चयन प्रतिष्ठित जेएसटी जापान साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेलोशिप के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के तहत अब प्रिंसी वर्मा जापान जाकर शोध कार्य करेंगी। शहर के रामलीला टिल्ला निवासी साधारण परिवार में जन्मी प्रिंसी वर्मा को उच्च संस्कार और शिक्षा के प्रति समर्पण अपने माता-पिता रेखा वर्मा व राधे वर्मा से विरासत में मिला है। पिता राधे वर्मा ने बताया कि प्रिंसी वर्तमान में आईआईटी रुड़की से पीएचडी स्कॉलर हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन मेंटल हेल्थ केयर के क्षेत्र में शोध कर रही हैं। जेएसटी फेलोशिप के अंतर्गत वह जापान की सुकुबा यूनिवर्सिटी, टोक्यो में रहकर अपने शोध को आगे बढ़ाएंगी।प्रिंसी वर्मा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी इंटर कॉलेज से हाईस्कूल उत्तीर्ण कर प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने डीएवी पीजी कॉलेज से बीएससी व एमएससी की पढ़ाई पूरी की। उनकी इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित शहर के अनेक गणमान्य लोगों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने फोन कर बधाई दी।

## भाजपा ने लगाई किसान-मजदूर ग्राम चौपाल

**मुज़फ्फरनगर।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस और सपा का पूरा राजनी. तिक इतिहास जनता को गुमराह करने, झूठ फैलाने और केवल सत्ता के लिए समाज को बांटने का रहा है। कार्यक्रम से मंत्री कपिल देव अग्रवाल व भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अरुण सिंह का भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह योजना गांवों के कायाकल्प की दिशा में ऐतिहासिक पहल है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में वास्तविक विकास दिखाई देगा।किसानों को कृषि से जुड़े कार्यों का सीधा लाभ प्राप्त होगा। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से भ्रष्टाचार, बिचौलियों और फर्जीवाड़े का पूरी तरह अंत होगा और यदि किसी कारणवश भुगतान में देरी होती है तो मजदूर को ब्याज सहित भुगतान मिलेगा, जो भाजपा सरकार की जवाब. देही और संवेदनशीलता को दर्शाता है। अरुण सिंह ने कहा कि यह योजना किसी पर एहसान नहीं, बल्कि मेहनत. कश गरीब, किसान और श्रमिक का अधिकार है।

# अवैध होंडी का कारोबार कर रहा है मालामाल

**चरथावल।** क्षेत्र में मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय अनियमितताओं का अवैध कारोबार तेजी से पनप रहा है। सूत्रों के अनुसार विदेशों में काम कर रहे भारतीयों के पैसों को वैधानिक बैंकिंग चैनलों की बजाय अनधिकृत माध्यमों से भेजकर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी और अवैध लाभ कमाया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि विदेशों से कमाई करने वाले कई लोग थोड़े से अधिक रेट के लालच में बैंकों के बजाय गैरकानूनी नेटवर्क से अपने परिवारों को पैसा भेजते हैं। इस अवैध वित्तीय गतिविधि से न केवल सरकारी खजाने को नुकसान पहुँच रहा है बल्कि एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों का भी खुलेआम उल्लंघन हो रहा है।

सूत्रों का दावा है कि यह अनधिकृत मनी ट्रांसफर चेन चरथावल क्षेत्र के कुछ लोगों के साथ-साथ आसपास के इलाकों में फैला हुआ है।और चरथावल क्षेत्र मे तो यह कारोबार बहुत बड़े पैमाने पर पनप रहा है बल्कि कुछ लोग भी इस नेटवर्क में सक्रिय बताए जा रहे हैं, जो लगातार लेन-देन को संचालित कर रहे हैं।

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह के अवैध मनी ट्रांसफर में 'हवाला मॉडल' जैसा सिस्टम उपयोग किया जाता है, जिसमें पैसों का भौतिक आदान-प्रदान किए बिना देश-विदेश में रकम सेटल कर दी जाती है। इससे सरकार को टैक्स का नुकसान होता है और मनी लॉन्ड्रिंग कानून अप्रभावी हो जाते हैं।

स्थानीय वित्तीय मामलों पर नजर रखने वालों का कहना है कि इस अवैध नेटवर्क पर कठोर कार्रवाई न होने के कारण कारोबारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और लेन-देन का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। फिलहाल प्रशासनिक और केंद्रीय एजेंसियों की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि यंत्रों की ऑनलाईन बुकिंग

**मुजफ्फरनगर।** उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार सिरोही ने समस्त कृषक भाई जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-26 में कृषि यंत्रो पर अनुदान हेतु ऑनलाईन बुकिंग की है, उन्हें अवगत कराया है कि 23 जनवरी की सवेरे से विकास भवन, सभागार मे प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ काप रेज्डड्‌ू योजनान्तर्गत एंव सब मिशन ऑन एग्रीकल्वर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत बुकिंग किये गये ।

### उत्तर प्रदेश दिवस 2026 की तैयारियां जोरों पर

**मुजफ्फरनगर।** आगामी 24 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नुमाइश ग्राउंड में मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। **नारी शक्ति की थीम पर प्रदर्शनी** यूपी दिवस कार्यक्रम में पुलिस विभाग तथा प्रोबेशन विभाग द्वारा नारी शक्ति की थीम पर आधारित प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।?

### मृतक विद्युत लाइनमैन का हुआ अंतिम संस्कार

**बुढ़ाना।** विद्युत संविदा कर्मचारी के शव का अंतिम संस्कार परिजनों, ग्रामीणों और विद्युतकर्मियों द्वारा बीती देर रात में तब ही होने दिया गया जब प्रशासन ने उनकी सभी मांगों को मान लेने की बात कही।बीती बुधवार की सुबह अपने पिता मदन सिंह के स्थान पर लगा विद्युत संविदा कर्मचारी लाइनमैन दीपक कुमार किसान के खेत में खडे खंबे पर चढकर विद्युत फाल्ट ठीक कर रहा था। इस समय शटडाउन ले लिया गया था, लेकिन अचानक विद्युत सप्लाई चालू होने से तेज करंट लगने से नीचे गिरे दीपक की मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने हंगामा किया था तथा शव जमीन पर रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। हंगामे की सूचना पर पूर्व विधायक उमेश मलिक गांव में पहुंचे और मृतक दीपक के परिजनों को समझाते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कर मृतक की पत्नी को 14 लाख की आर्थिक सहायता, पत्नी को नौकरी के आश्वासन के बाद धरना समाप्त क दिया था जहां रात्रि करीब 11 बजे अंन्तिम संस्कार कर दिया गया।

### 27 जनवरी और 28 को कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में व्यस्त रहने के कारण बृहस्पतिवार के दिन सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से अलग ही रहे। इस संबंध में बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी ने बतलाया कि आगामी 27 जनवरी और 28 जनवरी को पूरे जनपद में बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश का चुनाव कार्य संपादित होना है। इस चुनाव के लिए जो भी प्रत्याशी हैं वे जनसंपर्क में लगे हुए है। बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष का भी आगमन प्रस्तावित है। मीटिंग में सबकी सहमति से न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया गया है और न्यायिक कार्यों से विरत रहने की सूचना सभी न्यायालयों को भी भेज दी गई।

### ताला तोड़कर आईडी कम्पनी के केबिल चोरी

**छपार।** इंडस भारती लिमिटेड कम्पनी के टावर में अज्ञात चोरों ने रैक का ताला तोड़कर आइडिया कंपनी के कैंबिल चोरी कर लिये। टावर कर्मी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव सिसोना में इंडस भारती लिमिटेड कंपनी का टावर है। 17 जनवरी की रात्रि में अज्ञात चोरों ने रैक का ताला तोड़कर बीटीसी कार्ड, 15 मीटर पावर कैंबिल,10 मीटर अर्थिंग कैबिल चोरी कर लिया। थाना मंसूरपुर के गांव दुधाहेडी निवासी विनय कुमार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है

### ट्रांसफार्मर का सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**छपार ।** अज्ञात चोरों ने बिजली की टयूवैल से ट्रांसफार्मर नीचे गिरा कर उसके अंदर का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसान ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव महरायपुर निवासी किसान राकेश त्यागी के खेत में बिजली की टयूवैल है। रात्रि में अज्ञात चोरों ने टयूवैल पर रखा ट्रांसफार्मर खम्भों से नीचे गिरा दिया ओर उसके अंदर से कीमती तार व तेल चोरी कर लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची ओर घटना का मुआयना किया। बरला बिजलीघर के जेई जावेद अख्तर भी जंगल में पहुंचे। किसान व जेई ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

### हमारे हिंदू भाई नहीं, संविधान खतरे में है: खान

**बुढ़ाना।** मौहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर के फार्मर वाइस चांसलर प्रोफेसर डाक्टर मौहम्मद लुकमान खान असारावी ने कहा कि किसी भी मुस्लिम को एसआईआर की प्रक्रिया से डरने की जरुरत नही। जो हो रहा है वह सही हो रहा है। इस प्रक्रिया से हमें भी अपनी सही जनसंख्या का पता लग जाएगा क्योंकि अब देश में ये ही बात चल रही है कि मुस्लिमों की जनसंख्या तेज़ी से बढ़ रही है जबकि ऐसा कुछ नहीं है। हमारे काफी लोगों के वोट एक जगह से भी ज्यादा हैं तो एसआईआर से ये डबल और ट्रिपल वोट खत्म हो जाएगी और फिर हमें हमारी सही जनसंख्या का पता लग जाएगा। प्रोफेसर डाक्टर मौहम्मद लुकमान खान असारावी बृहस्पतिवार की शाम पुलपार फैज टाइल्स एंड मार्बल्स पर शाह टाइम्स से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि हिंदू खतरे में हैं सच तो ये है कि हमारा कोई भी हिंदू भाई खतरे में नहीं है बल्कि संविधान खतरे में है। जिसका फायदा सांप्रदायिक शक्तियों को पहुंच रहा है। उन्होंने हिंदू राष्ट्र के बारे में कहा कि हमारा देश कभी भी हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं हो सकता और अगर बनता भी है तो इससे मुस्लिमों पर कोई भी फर्क नही पडेगा क्योंकि यहां पर सभी समुदाय के लोग रहते हैं और वे अपने अपने फन में माहिर हैं जैसे कि मुस्लिम समाज यहां पर बहुत सी वस्तुओं को बनाने में अहम भूमिका निभाता है और काफी कार्य हमारे मुस्लिम भाई ही कर सकते हैं जिसे हिंदू समुदाय नहीं कर सकता और यह बात सुलझे हुए लोग बाखूबी जानते हैं। यहां इमरान जिया, मुन्ना प्रधान जौला, मौहम्मद नासिर और दीन मौहम्मद आदि लोग मौजूद रहे।

### बच्चे की गुल्लक से हजारों की चोरी

**बुढ़ाना।** एक पुराने नौकर पर दुकान मालिक के पुत्र की गुल्लक से 33 हजार रुपये की नगदी चोरी छिपे निकालने का आरोप लगा है। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे की पुरानी तहसील के पास भगतजी की मशहूर पंसारी की दुकान है। जिस पर बुढ़ाना कस्बे की नई तहसील के पीछे रहने वाला शाहबाज नाम का युवक नौकरी करता है। आरोप लगा है कि दुकान मालिक ने नौकर शाहबाज अहमद को बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 11 बजे किसी काम के लिए अपने घर पर भेजा था। तब ही उसने मौका पाकर उनके एक बच्चे की गुल्लक से 33 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। गुल्लक से रुपये चोरी होने का पता उनको कुछ ही देर बाद लग गया। तब उन्होंने इस संबंध में अपने नौकर शाहबाज अहमद से कड़ाई से पूछ ताछ की तो उसने उक्त चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता नहीं बताई तो दुकान मालिक ने इसके बाद बुढ़ाना पुलिस को गुल्लक से रुपये चोरी होने की खबर की तो मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने मकान का मौका मुआयना कर दुकानदार से तहरीर लेकर चोरी के मामले की जांच शुरु कर दी। पुलिस का कहना है कि अगर चोरी में नौकर की संलिप्तता मिलती है तो उसके खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# व्यापारियों ने किया प्रसाद का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण की तीसरी वर्षगांठ पर मोरना में व्यापारियों ने हर्ष प्रकट करते हुए प्रसाद का वितरण किया तथा एक दूसरे को बधाई देकर जय श्रीराम के नारे लगाए। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री का गुणगान किया गया।

मोरना में जानसठ रोड पर गुरूवार को व्यापारी आरव राठौड, बादल राठौड, मुखिया हलवाई ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में हुई ऐतिहासिक प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से रामनगरी अयोध्या आस्था, श्रद्धा और समर्पण का केंद्र बन चुकी है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साहसिक प्रयासों के द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक क्षण को गौरवान्वित रखने के लिए प्रत्येक वर्ष मोरना में एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है। गुरूवार को भी व्यापारियों द्वारा एकत्र होकर प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण की तीसरी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। प्रभु श्रीराम सनातन तथा विश्व के लिए एक आदर्श हैं। सदियों से भगवान श्रीराम के मंदिर के लिए सनातनी प्रतीक्षारत थे।

इस ऐतिहासिक पल के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री धन्यवाद के पात्र हैं। प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार का आयोजन भविष्य में भी किया जाता रहेगा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिनमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान धर्मेन्द्र, मिन्टू, राहुल प्रजा. पति, संजीव प्रजापति, हरिगोपाल महेश्वरी, प्रमोद, अमनपाल आदि मौजूद रहे।

# मतदाता सूची सुधार को लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

**मीरापुर।** कस्बे में सैकड़ों लोगों का रिकॉर्ड वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मेल न खाने तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज पूरे न होने के कारण चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उन्हें नोटिस जारी किए गए थे। इसी क्रम में नगर पंचायत मीरापुर कार्यालय में एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बूथ संख्या 268 से 272 तक के कुल 70 मतदाताओं ने अपने वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए।

नायब तहसीलदार अजय कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत ऐसे मतदाताओं की पहचान की गई थी, जिनका वर्ष 2003 का डाटा उपलब्ध नहीं हो सका था। इन सभी को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए बुलाया गया था।

नगर पंचायत कार्यालय में नायब तहसीलदार अजय कुमार की देखरेख में सुनवाई शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हुई। बड़ी संख्या में मतदाता अपने नोटिस लेकर पहुंचे, जिससे कार्यालय परिसर में सुबह से ही चहल-पहल रही। जिन मतदाताओं के पास 2003 से संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध था, उन्होंने उसे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। वहीं जिनका डाटा नहीं मिल पाया, उन्होंने चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य सहायक दस्तावेज मजिस्ट्रेट के समक्ष जमा किए। अधिक. ारियों द्वारा सभी साक्ष्यों की विधिवत जांच की गई और मतदाताओं को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाताओं ने राहत की सांस ली। प्रशासन का कहना है कि सभी मामलों का परीक्षण कर पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रखे जाएंगे। भविष्य में भी बूथवार इस प्रकार के कैंप चुनाव आयोग के निर्देशानुसार समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## नर्सरी शिक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण लेने डैफोडिल स्कूल पहुंचीं गृह विज्ञान की छात्राएं

**खतौली।** श्री कुन्द-कुन्द जैन पी.जी. महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की बी.एससी. गृह विज्ञान अंतिम वर्ष की छात्राओं ने नर्सरी स्कूल एजुकेशन पाठ्यक्रम के तहत डैफोडिल स्कूल का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर 30 छात्राओं ने भाग लेकर नर्सरी शिक्षा की बारीकियों को नजदीक से समझा। महाविद्यालय परिसर से छात्राओं को प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ट सहित डॉ. विपिन कुमार बंसल, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. पारूल शर्मा और मिसेज एकता राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भ्रमण विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा पुण्डीर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ, जबकि डैफोडिल स्कूल की प्राचार्या कोमल चौधरी का सराहनीय सहयोग रहा। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने नर्सरी के बच्चों के लिए कविता, नाटिका, खेल और नृत्य जैसी रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया। वंशिका, दीपिका और अरुषा ने तितली पर कविता सुनाई, सलोनी ने आकृति पहचान से जुड़ा खेल कराया और शिखा ने शब्दों पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। वहीं नजिया, ज्योति, शिवांगी और साक्षी ने बाल कविताओं के माध्यम से बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित किया। सोफिया ने मनोरंजक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि वंशिका और हिमांशी ने कठपुतली के जरिए शिक्षाप्रद संदेश दिए।

## भगवत कथा सुनने से होता है मानव जाति का कल्याण

**बुढ़ाना।** श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर बुढ़ाना के प्रांगण में बृहस्पतिवार को श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन कथावाचक श्री श्री 108 श्री रामेश्वर दास जी महाराज जी ने सैंकड़ों महिला और पुरुष श्रदालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वासना तो पशुओ में भी पायी जाती है लेकिन श्री मद भागवत कथा ही हमें वासना से मुक्त करवाती है। श्री मद भागवत कथा एक जीने की कला देती है और हमें कैसे मरना है यह भी भागवत कथा सिखाती है मानव जाति का कल्याण भागवत कथा सुनने से ही हो जाता है। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से सुशील सैनी, सुभाष त्यागी, डॉक्टर गौरव त्यागी, इलम चंद सैनी, महेश राज, विशाल त्यागी, सविता त्यागी, मीना त्यागी, आदेश त्यागी, सुदेश त्यागी, रामगोपाल सैनी, धर्मपाल, मीना सैनी, लक्ष्मी देवी, सुमन त्यागी उकावली, मोनू त्यागी, भोलू त्यागी, शीतला त्यागी और प्रतिभा गोयल सहित अन्य कई सुन्दरसाथ की भी उपस्थिति देखने को मिली।

## एसआईआर नोटिसों पर सपा का कानूनी पलटवार, हर विधानसभा में बनेगा वकीलों का मजबूत नेटवर्क

**खतौली।** उत्तर प्रदेश में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाताओं को भेजे जा रहे नोटिसों को लेकर समाजवादी पार्टी ने आक्रामक रुख अपनाते हुए कानूनी रणनीति को जमीन पर उतार दिया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा ने फैसला लिया है कि प्रदेश की हर विधानसभा में अधिवक्ताओं का विशेष पैनल गठित किया जाएगा, जो मतदाता सूची से नाम कटने, सत्यापन और नोटिस से जुड़े मामलों में लोगों को तुरंत कानूनी सहायता देगा। सपा का कहना है कि इस कदम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता प्रशासनिक प्रक्रियाओं के चलते अपने संवैधानिक मताधिकार से वंचित न हो। पार्टी कार्यकर्ता और मतदाता, बीएलओ द्वारा जारी नोटिसों का समय रहते कानूनी तरीके से जवाब दे सकें, इसके लिए अधिवक्ताओं की तैनाती की जा रही है। इसी क्रम में जनपद मुजफ्फरनगर के सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने खतौली विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा की अनुशंसा पर खतौली विधानसभा क्षेत्र के लिए अधिवक्ताओं की सूची जारी की है।यह अधिवक्ता पैनल विधानसभा स्तर पर न केवल सपा कार्यकर्ताओं बल्कि आम मतदाताओं को भी कानूनी सलाह देगा, खासकर उन मामलों में जहां बीएलओ द्वारा नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए बुलाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया किै प्त प्रक्रिया का राजनीतिक उद्देश्य से दुरुपयोग हो सकता है, जिसे रोकने के लिए समाजवादी पार्टी बूथ स्तर तक पूरी सतर्कता और सक्रियता के साथ काम कर रही है।

## विकसित भारत जी-राम-जी' से गांवों का होगा विकास : अरुण

**खतौली।** भैंसी गांव में गुरुवार को भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू अहलावत के आवास पर आयोजित कृषक ग्राम चौपाल में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'विकसित भारत जी-राम-जी' योजना की विस्तार से जानकारी दी। अरुण सिंह ने कहा कि जी-राम-जी योजना के अंतर्गत गांवों में विकास कार्यो की रूपरेखा खुले मंच पर ग्रामीणों की भागीदारी से तैयार की जाएगी। कार्यो की निगरानी प्रशासनिक तंत्र और सरकार द्वारा की जाएगी, जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा उन्होंने मनरेगा में भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए कहा कि नई व्यवस्था से व्यवस्था में सुधार होगा।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** आर्य समाज शिवपुरी में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती राष्ट्रभक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान हवन-यज्ञ, विचार गोष्ठी और देशभक्ति नारों के माध्यम से नेताजी के त्याग और बलिदान को याद किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर्य समाज के जिला प्रधान सत्येंद्र आर्य ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि भारत के आत्मसम्मान और स्वाभिमान के प्रतीक थे। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी 1897 को कटक में जन्मे नेताजी ने अपना पूरा जीवन देश की आज़ादी के लिए समर्पित कर दिया।

सत्येंद्र आर्य ने कहा कि हतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगाह, हदिल्ली चलोह और हजय हिंदह जैसे नारों ने युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरित किया। कांग्रेस में रहते हुए उन्होंने संगठन को नई दिशा दी, जबकि बाद में वैचारिक मतभेदों के कारण फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। ?वहीं अजेश आर्य और भगवान सिंह आर्य ने भी नेताजी के संघर्ष, साहस और राष्ट्रप्रेम पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में रामानंद आर्य, चरण सिंह आर्य, रण सिंह आर्य, शोभाराम आर्य, राजेंद्र खारी, पूर्व स्टेशन अधीक्षक राज. कुमार, मास्टर जयपाल सिंह, धीरेंद्र आर्य, जिनीश राय, विनोद फोटोग्राफर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संच. ालन विकास आर्य ने किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को आत्मसात करने और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# रामलला की वर्षगांठ पर हुआ कीर्तन व भंडारा



**बुढ़ाना।** पिछले साल आज ही के दिन अयोध्या में रामलला के विराजमान होने की द्वितीय वर्षगांठ पर कीर्तन और भव्य भंडारे का सफल आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डॉक्टर सोनू कश्यप ने अपने कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों श्रद्दालुओं की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित किया। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढ़ाना में बृहस्पतिवार की सुबह रामलला के अयोध्या में विराजमान होने की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर रथ यात्रा के साथ कीर्तन और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें रथयात्रा का शुभारंभ डॉक्टर सोनू कश्यप द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। रथयात्रा मोहल्ला दक्षिणी भटवाड़ा एसडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज के पास से शुरू होकर पीठ बाजार बुढ़ाना से भारत टाकीज चौक, पारसी बस स्टैंड से होती हुई मंदिर हरनंश्वर धाम के प्रांगण में पहुंची। इसके उपरांत मंदिर परिसर में कीर्तन और भंडारे का भी आयोजन किया गया। यहां पर मास्टर सीताराम कश्यप, डॉक्टर विशाल कुमार पाल और शुभम कश्यप ने संयुक्त रूप से रामलला आरती की। मार्ग में नगरवासियों ने रथयात्रा पर पुष्प वर्षा की। आयोजन समिति में गौरव जैन, गुल्लू कारीगर, अनिल कश्यप, पिंकल कश्यप, मुकेश कश्यप, संदीप कश्यप, गोविंद कश्यप और अंग्रेज कश्यप आदि गणमान्य लोगों की मौजूदगी देखने को मिली।

## राम मंदिर द्वितीय स्थापना दिवस पर गणपति धाम में मनाया दीपोत्सव



**मुजफ्फरनगर।** प्रभु श्री राम मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर आज भरतिया कालोनी स्थित श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में दीपोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, समाजसेवी भीम कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, अनिल गोयल, संजय गर्ग, रजत राठी, रजत गोयल, गरिमा गोयल, मीनू गोयल, रुमन त्यागी सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा हजारों दीप जलाकर पूरे मंदिर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया

## कुत्तों से बछडे को बचाया

**बुढ़ाना।** आधा दर्जन से भी अधिक आवारा कुत्तों ने गाय के एक बछड़े को घेरकर नौंच लिया। तब बछड़ा कुत्तों के चंगुल से निकलकर गहरे गड्ढे में कूद गया। तब उधर मौके पर पहुंचे गौरक्षकों ने अन्य ग्रामीणों के सहयोग से आवारा कुत्तों को भगाया। वन विभाग की टीम ने घायल बछडे का उपचार करवाकर बछड़े को जंगल में छोड़ दिया। बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में अचानक से गाय का एक बछड़ा आ गया। तब उसे आवारा कुत्तों ने घेर लिया। बछडा कुत्तों से अपनी जान बचाने के लिए भागने लगा तो कुत्ते भी उसके पीछे पीछे भागने लगे। भागते हुए बछड़े ने कुत्तों से बचने को गहरे गड्ढे में छलांग लगा दी तो कुत्तों के भौंकने पर वहां से गुजर रहे गौरक्षक छोटा सैनी ने गड्ढे में घायल पड़े बछड़े को देखकर आवारा कुत्तों को मौके पर आए ग्रामीणों की सहायता से भगाकर गहरे गड्ढे में उतरकर निकाला और वन विभाग को इसकी सूचना दी। तब कुछ ही देर बाद वन विभाग के कर्मचारी मौके पर आ गये और उन्होंने उसकी मरहम पटी कर बछड़े को अपने साथ ले जाकर परासौली के जंगल में छोड़ दिया।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर युवाओं ने मनाया जश्न

**मुजफ्फरनगर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला के नेतृत्व में युवाओं ने जश्न मनाया आनंदपुरी में स्थानीय युवाओं द्वारा एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र के माहौल को राम-भक्ति से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा में युवाओं की भारी भागीदारी के साथ परंपरागत वेशभूषा, जयघोष और भक्ति संगीत ने उत्सव को और अधिक भव्य बना दिया। पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पूरे देश के सनातनी बच्चे और युवा उत्साहपूर्वक मना रहे हैं। लगभग 500 वर्षों से श्रीराम धाम के निर्माण की प्रतीक्षा थी। आज वह सपना साकार हो चुका है, इसलिए श्रद्धा और उत्साह दोनों चरम पर है।।

## अतुल मेरे छोटे भाई समान उनका बुरा नहीं मानता : सोम

नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत पर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह घटना अधिकारियों की गंभीर लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने बताया कि एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है और दोषियों पर कार्रवाई तय है। वहीं संभल में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर के आदेश के बाद संबंधित सीजेएम के तबादले पर उठ रहे राजनीतिक सवालों को खारिज करते हुए संगीत सोम ने कहा कि न्यायाधीशों का तबादला पूरी तरह ज्यूडिशरी का विषय है। इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं होती, इसलिए इसे राजनीति से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। सपा विधायक अतुल प्रधान के आरोपों पर संगीत सोम ने कहा कि वो उनको छोटा भाई मानते है और इसी नाते उनकी किसी भी बात का उनको बुरा नहीं लगता, मेरी मीट फैक्ट्री से वो मीट ले जाते रहे हैं। इसलिए उनको पता है कि मेरी मीट फैक्ट्री रही है।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर मीरापुर में भव्य आयोजन



**मीरापुर।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर मीरापुर कस्बे में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर श्रीरामलीला मंडल द्वारा मुख्य बाजार में विधि-विधान से भगवान श्रीराम परिवार की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीहनुमान जी की आरती एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

पूजन उपरांत सभी भक्तों को हलवा व लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही रामलला स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए रामलीला बाजार क्षेत्र में दीपक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों दीप जलाकर भगवान श्रीराम के प्रति आस्था प्रकट की गई। उधर, ग्राम मुकल्लमपुरा में भी रामभक्तों द्वारा बैंड-बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव में भ्रमण करती हुई मंदिर परिसर तक पहुंची।

इसके बाद मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाजसेवी संजीव गोयल 'शेरू' ने भक्तों को धार्मिक कैलेंडर वितरित किए। कार्यक्रम में अध्यक्ष पंकज संगल, तेजपाल वर्मा, घनश्यामदास अग्रवाल, ज्योतिषाचार्य डॉ. गौरव वत्स, प्रवीण अग्रवाल, बिजेंद्र डागा, निर्मला देवी, मुकेश कुमार, शुभम रस्तोगी, मनोज शर्मा, रमन रस्तोगी, कमलेश शर्मा, मोटि. हत गुप्ता, पुनीत रस्तोगी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण व भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

# फोन पर आशिक से बात कर रही पत्नी को पति ने डांटा

**बुढ़ाना।** अपने पति की गैर मोजूदगी में अपने आशिक से फोन पर बात कर रही पत्नि को अचानक से आए पति ने डांट डपट दिया तो पति की डांट से क्षुब्ध होकर पत्नि ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मौके पर पंहुची पुलिस ने महिला को समझाया और चली आई।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला खाक. रोबान निवासी एक युवक की शादी लगभग 5 महीने पहले जनपद शामली के कस्बा कैराना के एक मौहल्ले की युवती से हुआ था। बीती बुधवार की देर रात युवक की पत्नि अपने पति की गैर मौजूदगी में फोन पर किसी युवक से बातचीत कर रही थी कि अचानक से उसका पति घर पर पहुंच गया और अपनी पत्नि को फोन पर किसी गैर अज्ञात युवक के साथ बात करते हुए मौके पर पकड़ लिया। बस इसी बात पर उसने अपनी पत्नि को डांट डपट दिया तो पत्नी ने बजाए अपनी गलती मानने के घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। ये तो गनीमत रही कि पति मौके पर था वहीं तो पत्नी आत्महत्या कर लेती। बेचारे पति ने इस बात की सूचना डायल नंबर 112 को दी तो कुछ ही देर में डायल नंबर 112 पुलिस आ गयी। पुलिस को मौके पर आकर पूरी घटना का पता लगा तो उन्होंने महिला को समझा बुझाया और चली आई। अब पत्नि अपने ताया की मौत का झूठा बहाना बनाकर अपने पीहर चली गयी। उधर पति ने पुलिस को पूरी घटना की तहरीर देते हुए पत्नि से सुरक्षा की गुहार लगाई है और अंद. ेशा जताया है कि उसकी पत्नि उसे किसी भी झूठे केस में फंसा सकती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बिना पूर्व सूचना के गरीब का घर ध्वस्त, हो गए बेसहारा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** गुरूवार को कस्बा बनत के मोहल्ला रैदासपुरी में बिना पूर्व सूचना और नोटिस के मकान ध्वस्त किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवारों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों का कहना है कि मकान ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से वे बेघर हो गए हैं और उनके सामने गंभीर आवासीय संकट खड़ा हो गया है। शिकायत में बताया गया कि पीड़ितों ने आमिर, आशिफ, करण, राकेश सहित अन्य भूमि स्वामियों एवं डीलरों से रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से भूमि क्रय की थी। बैनामे की पूरी प्रक्रिया उप-निबंधक कार्यालय शामली में नियमानुसार पूरी की गई और स्टांप शुल्क आदि का भुगतान भी किया गया। भूमि खरीदने के बाद पीड़ितों ने उस पर अपने मकान बनाकर परिवार सहित निवास शुरू कर दिया था। आरोप है कि एमडीए विभाग द्वारा बिना किसी प्रकार का



नोटिस, सूचना अथवा समन जारी किए अचानक मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई से पीड़ित परिवारों के सिर से छत छिन गई और छोटे-छोटे बच्चों सहित उन्हें सड़क पर रहने को मजबूर होना पड़ा। पीड़ितों ने बताया कि वे सभी गरीब परिवार से हैं और उन्होंने उधार व लोन लेकर जमीन खरीदी तथा मकान निर्माण कराया था। अचानक हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई कर पाना उनके लिए असंभव है। पीड़ित पंकज कुमार, राजकुमार सहित अन्य निवासियों ने डीएम से मांग की है कि पूरे प्रकरण का संज्ञान लेकर एमडीए द्वारा बिना नोटिस की गई कार्रवाई की जांच कराई जाए तथा उन्हें उचित क्षतिपूर्ति दिलाई जाए, ताकि वे दोबारा अपना जीवन सामान्य रूप से शुरू कर सकें।

## करनाल सीआईए ने कैराना में दबिश देकर चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** करनाल सीआईए की टीम ने गुरुवार को कस्बे के मोहल्ला आल दरम्यान में छापेमारी कर चोरी के एक आरा.पी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने दो युवकों तारिक और आमिर की निशानदेही पर आरोपी तक पहुंच बनाई। गुरुवार को तीन सदस्य टीम एएसआई राजेश के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुंची। टीम ने कैराना कोतवाली में आमद दर्ज कराने के बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से निर्दिष्ट मकान पर दबिश दी। इस दौरान चोरी के मामलों में वांछित चल रहे राजा पुत्र सतपाल को हिरासत में लिया गया। आरोपी को पुलिस अपने साथ ले जाने की तैयारी कर रही है।इस कार्रवाई से इलाके में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है।करनाल सीआईए की यह कार्रवाई चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# पत्नी व दो बेटियों की हत्या के आरोपी की जमानत नामंजूर

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** गांव गढ़ी दौलत में पत्नी और दो नाबालिग बेटियों की निर्मम हत्या के मामले में आरोपी फारुख को जिला एवं सत्र न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली है। न्यायालय ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपी इस समय मुजफ्फरनगर जिला जेल में बंद है। विदित रहे कि 16 दिसंबर को कांधला थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में महिला ताहिरा और उसकी दो बेटियों आफरीन व सहरीन के शव घर में बने सेफ्टी टैंक से बरामद किए गए थे। जांच में सामने आया कि तीनों की गोली मारकर हत्या की गई थी। पुलिस ने मृतका के पति फारुख को गिरफ्तार कर ट्रिपल मर्डर का खुलासा किया था। पुलिस पूछताछ में फारुख ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया था कि वह पत्नी के बिना बुर्का पहने मायके जाने से नाराज था। इसी गुस्से में उसने पहले पत्नी की गोली मारकर हत्या की। घटना को देख लेने के कारण उसने अपनी दोनों मासूम बेटियों को भी मौत के घाट उतार दिया। मामले में मृतका के पिता अमीर अहमद की तहरीर पर कांधला थाने में मुक.दमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। फारुख की ओर से उसके अधिवक्ता ने कैराना स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय में जमानत याचिका दायर की, जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता ढ्ढक्राइमत्र संजय चौहान ने कड़ा विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और प्रकरण के तथ्यों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

## घर के बाहर से बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आलकला में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। चोर की पूरी करतूत पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला आलकला निवासी आरिफ पुत्र दिलशाद ने बताया कि उसने रोज की तरह अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद बाहर आया तो बाइक मौके से गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। बाद में घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक अज्ञात युवक बाइक चोरी करते हुए साफ दिखाई दे रहा है। पीड़ित का कहना है कि चोरी की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बावजूद अभी तक आरोपी का सुराग नहीं लग सका है। उसने पुलिस से चोरी हुई बाइक बरामद करने और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी समय पाल अत्री ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के सहारे आरोपी की पहचान की जा रही है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, सुनवाई में 50 में से 30 नदारद





शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** मतदाता सूची की शुद्धता को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। एसआईआर प्रक्रिया के तहत निर्धारित समय सीमा में फॉर्म जमा न करने वाले मतदाताओं के खिलाफ जारी नोटिसों पर गुरुवार से तहसील मुख्यालय में सुनवाई शुरू कर दी गई। पहले ही दिन यह साफ हो गया कि बड़ी संख्या में लोग अब भी इस प्रक्रिया को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

तहसील क्षेत्र में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान फॉर्म न भरने वाले कुल 17,542 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से पहले चरण में 50 लोगों को सुनवाई के लिए तहसील मुख्यालय बुलाया गया था, लेकिन इनमें से केवल 20 नोटिस धारक ही अपने दस्तावेज लेकर पहुंचे। शेष 30 लोग नदारद रहे। सुनवाई के दौरान जांच में सामने आया कि उपस्थित 20 नोटिस धारकों में से भी सिर्फ 8 के दस्तावेज ही पूरे और मानकों के अनुरूप पाए गए। शेष 12 लोगों के कागजात अधूरे या नियमों के मुताबिक नहीं थे। ऐसे सभी लोगों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अगली सुनवाई में सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों, अन्यथा उनके नाम मतदाता सूची से हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है, लेकिन इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन मतदाताओं ने समय रहते फॉर्म नहीं भरे और अब भी सुनवाई में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, उनके खिलाफ नियमों के तहत सख्त कदम उठाए जाएंगे। एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रतिदिन लगभग 150 लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। सुनवाई प्रातः 11 बजे से शाम तक चलेगी। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के पास एसआईआर के अनुसार सभी वैध दस्तावेज उपलब्ध होंगे, उनका मौके पर ही सत्यापन कर उन्हें राहत दी जाएगी, लेकिन अधूरे कागजात या टालमटोल किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। एसडीएम ने यह भी चेतावनी दी कि नोटिस जारी होने के बावजूद सुनवाई में अनुपस्थित रहना मतदाताओं के लिए भारी पड़ सकता है। यह प्रक्रिया केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि मतदाता सूची को दुरुस्त रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नोटिस धारकों से अपील की कि वे समय पर तहसील पहुंचकर अपने दस्तावेज प्रस्तुत करें। प्रशासन की सख्ती से यह संकेत साफ है कि आने वाले दिनों में सुनवाई के दौरान और भी कड़े फैसले लिए जा सकते हैं। अब यह मतदाताओं पर निर्भर करता है कि वे समय रहते दस्तावेज पूरे कर अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं या फिर कार्रवाई का सामना करते हैं।

## अर्पण स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** बृहस्पतिवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत अर्पण पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करना रहा। एआरटीओ शामली रो.हित राजपूत ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व, सड़क संकेतों की पहचान, पैदल चलते समय सावधानियां, ओवरस्पीडिंग के खतरे तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसी अहम बातों पर जोर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंदीप सैनी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन न केवल हमारी सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।

वहीं विद्यालय प्रबंधक अर्पण सैनी ने छात्रों को रोजमर्रा की जिंदगी में सीखी गई बातों को अपनाने और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आ]वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी यातायात नियमों से संबंधित प्रश्न पूछे और उन्हें सरल भाषा में समझाया गया। अंत में सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और छात्रों में यातायात सुरक्षा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

## एक नजर

### स्काउट गाइड कैंप का शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश तत्वावधान में लाल बहादुर शास्त्री स्मारक जूनियर हाई स्कूल, गढ़ीपुख्ता में स्काउट कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने ध्वजारोहण कर किया।शिविर की संचालिका गीता रानी एवं गायत्री देवी ने स्काउट छात्रों को स्काउटिंग के इतिहास, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा एवं सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्काउटिंग के माध्यम से अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर बल दिया।इस अवसर पर योगेश कुमार, सतीश भट्ट, रवीश कुमार, रश्मि, सोमपाल आदि मौजूद रहे।

### उचित दर विक्रेता दुकान गांव में ही बनाए जाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** ऊन क्षेत्र के ग्राम बिडौली सादात के ग्रामीणों ने उचित दर विक्रेता की दुकान को गांव में ही बनाए जाने की मांग को लेकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में वर्षों से संचालित उचित दर विक्रेता की दुकान को दूसरे मजरे में बनाए जाने की तैयारी से कार्ड धारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम बिडौली सादात में लंबे समय से उचित दर विक्रेता की दुकान महताब के नाम से आवंटित है। आरोप है कि ग्राम प्रधान उक्त दुकान को मजरा झिमरान बिडौली में बनवाना चाहते हैं, जबकि जनसंख्या के लिहाज से ग्राम बिडौली सादात अधिक बड़ा है और अधिकांश राशन कार्ड धारक वहीं निवास करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दुकान मजरा बिडौली में बनाई जाती है तो दूर-दराज रहने वाले कार्ड धारकों, बुजुर्गों, महिलाओं और गरीब परिवारों को राशन लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। जनहित को देखते हुए उचित दर दुकान का निर्माण ग्राम बिडौली सादात में ही कराया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर समीर, अखलाक, समर राजा, नवाब, रहीस, अययूब, नूरहसन, नफीस, जहीर आदि मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस पर होगी क्रॉस कंट्री दौड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर खेल निदेशालय के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा 26 जनवरी 2026 को शहीद उधम सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। दौड़ प्रातः 9 बजे से होगी, जिसमें पुरुष वर्ग के लिए 5 किमी तथा महिला वर्ग के लिए 3 किमी दौड़ रखी गई है। क्रॉस कंट्री दौड़ में ओपन आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। उप क्रीड़ा अधिकारी अश्वनी कुमार त्यागी ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी 25 जनवरी की सायं 5 बजे तक स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रशिक्षक भूपेन्द्र देव एवं मती संजूरानी के पास आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ पंजीकरण कराकर चेस्ट नंबर प्राप्त कर सकते हैं। दौड़ में प्रथम से छठे स्थान तक आने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### बाइपास से युवक गिरफ्तार, कब्जे से अवैध चाकू बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** थाना कैराना पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार बुधवार की रात अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस पानीपत.कैराना बाईपास पुल के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे अमजद पुत्र तासीन, निवासी मोहल्ला पीरजादगान को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कैराना में आयुध अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का आपराधिक इतिहास भी दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गौरव चौहान और हेड कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे।

### जिला बार एसो. में सीट आवंटन को लेकर भेदभाव का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिला बार एसोसिएशन में सीट आवंटन को लेकर भेदभाव का आरोप लगाते हुए एक अधिवक्ता ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। पीड़ित अधिवक्ता समराना एडवोकेट ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी द्वारा नियमों को दर.कनार कर चुनिंदा अधिवक्ताओं को ही सीटें आवंटित की जा रही हैं। अधिवक्ता ने बताया कि वह सम्मानित अधिवक्ता होने के साथ-साथ जिला बार एसोसिएशन के आजीवन सदस्य हैं, इसके बावजूद अब तक उन्हें सीट आवंटित नहीं की गई है।

आरोप है कि उनसे कम योग्यता रखने वाले अथवा बाहरी बार से जुड़े कुछ अधिवक्ताओं को सीटें दे दी गई हैं, जो नियमों के विपरीत है।समराना एडवोकेट का कहना है कि पिछले एक माह से उन्हें लगातार आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन कलेक्ट्रेट के कई चक्कर लगाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस कारण उन्हें मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित अधिवक्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और शीघ्र ही उन्हें नियमानुसार सीट आवंटित कराई जाए, ताकि बार एसोसिएशन में कथित अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# रामशिव मंदिर में रामकथा का शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के मोहल्ला दयानंदनगर स्थित राम शिव मंदिर में राम कथा का शुभारंभ हो गया। कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न स्थानों को होते हुए संपन्न हुई। कलश यात्रा का अनेकों स्थानों पर स्वागत किया गया।

गुरूवार को दोपहर दो बजे राम शिव मंदिर में कथा का शुभारंभ करते हुए संत किरणचंद्र महाराज ने श्रद्धालुओं को राम कथा का महत्व बताया। उन्होने भगवान राम के बाल्यकाल, उनके माता-पिता का चरित्र और अयोध्या में उनके समय के धार्मिक एवं सामाजिक मूल्य पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राम का जीवन आज भी हमें सत्य, धर्म, भक्ति और कर्तव्यपरायणता का संदेश देता है।

श्रद्धालुओं ने कथा के दौरान पूरी निष्ठा से कीर्तन, भजन और आरती में भाग लिया। संत किरणचंद्र ने रामायण के मुख्य प्रसंग जैसे राम का वनवास, माता सीता के चरित्र, लक्ष्मण और हनुमान जी की भक्ति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राम का आदर्श आज के युग में भी प्रत्एक व्यक्ति के जीवन का मार्गदर्शन कर सकता है। कथा स्थल पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने प्रवचन से प्राप्त ज्ञान व अनुभव को अपने जीवन में उतारने की शपथ ली। कथा 22 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगी। कथा के मुख्य यजमान सभासद सेठपाल सिंह रहे। मौके पर महेश धीमान, अमित, भानू बंसल, कमल आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग को ले जाने के आरोप में पिता-पुत्र पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** थाना कैराना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक और उसके पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग को नौमान स्कूल आते-जाते समय परेशान करता था। आरोप है कि विगत 21 जनवरी की रात करीब नौ बजे किशोरी घर के बाहर कूड़ा डालने गई थी, तभी नौमान उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। तलाश करने पर किशोरी आरा.पी के घर से मिली।पीड़ित का आरोप है कि मामले की शिकायत करने पर नौमान और उसके पिता नौशाद ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की मांग

**शामली।** प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में गिरते शिक्षा स्तर को लेकर वित्तविहीन विद्यालयों से जुड़े शिक्षकों एवं प्रबंधकों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन डीएम शामली के माध्यम से भेजा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि वित्त.विहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी सीमित संसाधनों में शिक्षा का दायित्व निभा रहे हैं, लेकिन उनके लिए अब तक कोई ठोस सेवा नियमावली या नियमित मानदेय की व्यवस्था नहीं है। सरकार से मांग की गई है कि इनके लिए मासिक मानदेय, शिक्षक सम्मान निधि अथवा वेतन की व्यवस्था की जाए, जिससे उनका जीविकोपार्जन सुनिश्चित हो सके। बताया गया कि यूपी बोर्ड में पढ़ने वाले लगभग 95 प्रतिशत छात्र गरीब परिवारों से आते हैं। मान्यता की शर्तों में अत्यधिक वृद्धि के कारण विद्यालयों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है, जिसका सीधा असर विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। इससे शिक्षा महंगी होती जा रही है और गरीब बच्चों के शिक्षा से वंचित होने का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में मान्यता नियमों को पूर्व की भांति सरल करने की मांग की गई है।शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में दी जा रही मात्र 450 रूपए मासिक शुल्क प्रतिपूर्ति को अपर्याप्त बताते हुए इसे बढ़ाकर कम से कम 2000 रूपए प्रतिमाह करने की मांग की गई है। इसके साथ ही स्कूल बसों की अवधि एनसीआर में 10 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष करने तथा स्कूल बसों को टोल टैक्स से मुक्त रखने की भी मांग रखी गई है। ज्ञापन में विद्यालयों को गृह कर एवं जल कर से मुक्त रखने तथा बिजली कनेक्शन को वाणिज्यिक श्रेणी से घरेलू श्रेणी में परिवर्तित करने की भी मांग की गई है। शिक्षा सत्र में पढ़ाई के दिनों की कमी पर चिंता जताते हुए बताया गया कि सार्वजनिक अवकाश, ग्रीष्मकालीन एवं शीतक.ालीन अवकाश, रविवार, कांवड़ यात्रा, अतिवृष्टि, बोर्ड व गृह परीक्षाएं, सत्र परीक्षाएं, स्काउट रैली, क्रीड़ा प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न विभागीय गतिविधियों के कारण वास्तविक पढ़ाई केवल लगभग 100 दिन ही हो पाती है। ऐसे में गैर-शैक्षणिक गति.विधियों पर नियंत्रण लगाकर शिक्षण दिवस बढ़ाने की मांग की गई है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र राणा, रामपाल सिंह जांगडा आदि मौजूद रहे।

# वीवीपीजी में कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन




शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर इकाई द्वारा शहर के वीवीपीजी कॉलेज, शामली में कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक डॉ। सुधीर कुमार, सह-संयोजक डॉ। भूपेंद्र कुमार एवं डॉ। निर्भय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य उद्बोधन में डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में कर्तव्य बोध केवल एक विचार नहीं, बल्कि प्रत्एक शिक्षक और नागरिक की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिक्षक समाज को दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। यदि शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार और सजग रहेगा, तो समाज स्वतः ही सशक्त और संस्कारवान बनेगा। सह-संयोजक डॉ। भूपेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का मूल उद्देश्य शिक्षक समाज, शिक्षाविदों एवं प्रबुद्ध नागरिकों में कर्तव्य, राष्ट्रबोध, नैतिक मूल्यों, शैक्षिक तथा सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूकता को और अधिक मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि कर्तव्य बोध दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका को पुनः स्मरण कराने का सशक्त माध्यम है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। डॉ। निर्भय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान शैक्षिक परिवेश में शिक्षकों को अनेक नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और सकारात्मक सोच ही शिक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ बना सकती है। शिक्षक यदि स्वयं आदर्श बनेगा, तभी छात्र उससे प्रेरणा ग्रहण कर पाएंगे।

## कैराना हाइवे पर आवारा सांडों का आतंक

**कैराना।** क्षेत्र से होकर गुजरने वाले बाईपास हाइवे पर आवारा सांडों की बढ़ती संख्या राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। दिन हो या रात, किसी भी समय सड़क पर सांडों का झुंड दिखाई दे रहा है, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन हादसों में लोग घायल हो रहे हैं, जबकि कई वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक सांड आ जाने से चालक नियंत्रण खो बैठते हैं, जिससे दुर्घटना हो जाती है। खासकर बाइक सवार और पैदल यात्री सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। रात के समय अंधेरे में स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब हाइवे पर सांड अचानक सड़क पर आ जाते हैं। नागरिकों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। आवारा पशुओं को पकड़ने और उन्हें गौशालाओं में भेजने की व्यवस्था न होने से लोगों में रोष है। स्थानीय नागरिक मोहम्मद आबिद, साबिर, इमरान और दानिश ने प्रशासन से जल्द से जल्द हाइवे से आवारा सांडों को हटाने की मांग की है।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड व अन्य कागजों में मेरा नाम भूरा पुत्र मौहम्मद नवाब लिखा है, जबकि मेरे नाम का घरेलू विद्युत कनेक्शन मौहल्ला खैल कांधला में लिया हुआ है, जिसका एकाउंट नं. 2003274000 है, जो मुझ शपथकर्ता नूर हसन के नाम लिया गया था। मेरे उक्त बिजली कनेक्शन में मेरा नाम नूर हसन के स्थान पर मेरा नाम भूरा पुत्र मौहम्मद नवाब किया जाए।

**भूरा पुत्र मौहम्मद नवाब**
निवासी- मौ0 खैल कांधला
हाल निवासी नई बस्ती इदरीश वेग विहार कांधला, परगना कांधला,
तहसील कैराना, जिला शामली

# कांग्रेसियों ने बैठक में शंकराचार्य से दुर्व्यवहार की भर्त्सना की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांग्रेस कार्यकर्ताओ की एक सभा आज प्रदेश कांग्रेस के सदस्य ओम प्रकाश शर्मा के कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गई।

सभा में माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या के मौके पर जिस तरह से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी सरस्वती को स्नान से रोका गया और उसके बाद उनके शिष्यों के साथ किए गए दुर्व्यवहार की भर्त्सना की गई । सभा को संबोधित करते हुए ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि अपने आपको हिंदुत्व की अलंबरदार बताने वाली भाजपा के शासन में धर्मगुरु और धर्म संस्थाओं पर हमला नया नहीं है । शंकराचार्य द्वारा पूर्व में अयोध्या में राम मंदिर के आधे अधूरे निर्माण के बावजूद लोकार्पण किए जाने को लेकर की गई आलोचना और एक समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुत्व में हिंसा का कोई स्थान नहीं संबंधी बयान को शंकराचार्य द्वारा सही ठहराने के कारण सरकार द्वारा बदले



की भावना से उन्हें स्नान से रोका गया तथा दुर्व्यवहार किया गया । किसी भी सरकार द्वारा ऐसा कार्य निश्चय ही गलत है । कांग्रेस पार्टी सदैव ही माघ मेले में सक्रिय रही है और कांग्रेस सेवादल के स्वयं सेवक पंडित जवाहर लाल नेहरु जी के समय से ही माघ मेले में अपनी सेवाए प्रदान करते रहे हैं । कांग्रेस पार्टी सरकार के इस बर्बर कृत्य की आलोचना करती है ।

वैभव गर्ग, बाबूखान, प्रवीण तरार, डा. पाल सिंह, रविन्द्र आर्य, आदेश कश्यप, ओमवीर उपाध्याय, मास्टर नरेन्द्र सिंह, रामपाल पांचाल, सोमदेव तोमर मौजूद रहे।

## एलम इंटर कॉलेज में पांच किशोरी क्लबों की स्थापना

**शामली।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को एलम इंटर कॉलेज में 5 किशोरी क्लबों की स्थापना की गई। किशोरी क्लबों का उद्देश्य बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ खेल. कूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय रहें। विद्यालय में 10-10 छात्राओं के कुल पांच क्लब गठित किए गए। इस अवसर पर क्लब संच. ालन हेतु कैरम बोर्ड, लूडो, शतरंज, हॉकी, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह ने की। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सदफ खान ने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और शिक्षा के साथ खेलों में सहभागिता उनके शारीरिक व मान. सिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। जेंडर स्पेशलिस्ट कुलदीप शर्मा ने बताया गया कि इसी अभियान के तहत 24 जनवरी, 2026 को कन्या वैदिक इंटर कॉलेज, कुडाना में किशोरी क्लबों की स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



## मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत थानाभवन में जागरुकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बृहस्पतिवार को मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम थाना थानाभवन द्वारा कस्बा थानाभवन के विभिन्न बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व महिला हेड कांस्टेबल उपासना द्वारा किया गया। बालिकाओं व महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर क्राइम व धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा व सहायता हेतु उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की गई, जिनमेंकृ 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) तथा 108 (एंबुलेंस सेवा) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समूह विवाह योजना आदि के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में निर्भीक होकर हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे।

# शिवसेना ने राम प्राण प्रतिष्ठा महापर्व की वर्षगांठ पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** शिवसेना द्वारा राम जी प्राण प्रतिष्ठा महापर्व की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर क्षेत्र में भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

यह शोभायात्रा गागोर गांव से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई, जो खेड़ी खुशनाम, दथेडा, गढ़ी, पठानपुरा, चौसाना और गंगारामपुर खेड़की सहित अनेक गांवों से होती हुई पुन: गागोर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में शोभायात्रा का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और हजय रामह के गगनभेदी नारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

शोभायात्रा में भगवान राम,



माता सीता और भक्त हनुमान की सुसज्जित झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों के दर्शन के लिए मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में शिवसेना के सैकड़ों कार्यकर्ता भगवा ध्वज, पटके और धार्मिक प्रतीकों के साथ शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में भगवामय वातावरण दिखाई दिया।

इस अवसर पर शिवसेना के बलिष्ठर छाछियान, योगिंदर, संदीप, विपिन, रामकुमार, रामपाल, रिंकू, अंकित, बृजेश, नीरज, सुरेंद्र, रामनाथ, राजकुमार, जसवीर सहित कई प्रमुख पदा. धिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने अनुशासन और उत्साह के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य भगवान राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि राम का जीवन सत्य, मर्यादा और भाईचारे की सीख देता है, जिसे आज की पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

## एक नजर

### सीएचसी झिंझाना पर इमरजेंसी सेवा शुरू, कस्बा व देहात के लोगों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झिंझाना पर इमरजेंसी सेवा पुन: शुरू होने से कस्बे और देहात क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। काफी समय से झिंझाना सीएचसी की आपातकालीन सेवाएं बंद थीं, जिन्हें ऊन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थानांतरित कर दिया गया था। इससे क्षेत्रवासियों को विशेषकर रात्रि व आकस्मिक मामलों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष वाजिद अली ने 26 नवंबर 2025 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली को लिखित प्रार्थना पत्र देकर झिंझाना सीएचसी पर आपातकालीन सेवाएं पुन: शुरू कराने की मांग की थी। प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर इमरजेंसी सेवा को दोबारा शुरू कर दिया है। आपातकालीन सेवा शुरू होते ही सीएचसी पर आने वाले मरीजों का उपचार प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे आसपास के गांवों के लोगों को अब तुरंत चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। ऊन ब्लॉक के चिकित्सा प्रभारी डाक्टर तरुण चौधरी ने बताया कि झिंझाना सीएचसी पर एक अतिरिक्त फार्मासिस्ट की नियुक्ति की गई है, जिसके बाद यहां आपातकाल. ीन सेवाएं सुचारू रूप से शुरू कर दी गई हैं। हालांकि ऊन सीएचसी पर भी आपातकालीन सेवाएं जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

### कब्रिस्तान की दीवार तोड़ने के विरोध में ग्रामीणों ने पुलिस से की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव टपराना निवासियों ने कथित तौर पर दबंगों द्वारा कब्रिस्तान की बाउंड्री तोड़कर जबरन रास्ता बनाने के प्रयास के विरोध में थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी है। शिकायतकर्ता अत्ताउल्लाह नौशाद आदि ने बताया कि कामिल रागिब व अन्य लोगों ने रात में कब्रिस्तान की दीवार गिरा दी। ग्रामीणों ने शिकायत में कहा कि इससे पहले भी इन व्यक्तियों ने चारदीवारी तोड़कर निर्माण करने का प्रयास किया था, जिसे हल्का लेखपाल ने रुकवा दिया था। तब से ही आरोपी ग्रामीणों को कब्रिस्तान से रास्ता निकालने की धमकी दे रहे थे। शिकायतकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में हल्का इंचार्ज एसआई शिव बहादुर ने बताया कि थाने में तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### 24 जनवरी से शुरू हो जाएंगे गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम



**शामली।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद में 24 से 26 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम 24 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से सिटी ग्रीन्स, दिल्ली रोड शामली में आयोजित होगा। कार्यक्रम में एक जनपद एक उत्पाद, एक जनपद एक व्यंजन, स्टार्टअप, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा इन्वेस्ट उत्तर प्रदेश से संबंधित विभागीय स्टॉल एवं प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने संबंधित नोडल अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों की समय से तैयारी कर सफल आयोजन के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने भी अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



## यातायात नियमों को लेकर जागरुकता अभियान, हेलमेट व सीट बेल्ट पर दिया गया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे पर झिंझाना थाना क्षेत्र की क्रिटिकल कॉरिडोर टीम द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत हरी नगर बॉर्डर स्थित बिडौली चौकी के समीप आम नागरिकों और वाहन चालकों को एकत्र कर यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

टीम द्वारा लोगों को बताया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। अधिकारियों ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट न केवल कानून का पालन है, बल्कि यह व्यक्ति की जान बचाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। अधिकांश सड़क हादसों में गंभीर चोट या मौत का कारण सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग न करना होता है, जिसे थोड़ी सी सावधानी से टाला जा सकता है। अभियान के दौरान वाहन चालकों से अपील की गई कि वे तेज गति, ओवरटेकिंग, गलत साइड से वाहन चलाने और मोबाइल फोन का प्रयोग करने जैसी लापरवाहियों से बचें।

साथ ही, यातायात संकेतों का पालन करने और नाबालिगों को वाहन न चलाने देने की भी हिदायत दी गई। इस अवसर पर क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के प्रभारी उप निरीक्षक सतीश कुमार, कांस्टेबल अंकुर तोमर एवं कांस्टेबल गौरव तोमर मौजूद रहे। टीम ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।

## न्यायालय ने दो अलग- मामलों में सुनाई सजा, लगाया अर्थदंड

**कैराना।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस द्वारा अपरा. धियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। थाना झिंझाना और थाना कांधला के दो मामलों में अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई गई। वर्ष 2020 में थाना झिंझाना में अभियुक्त जर्मन सिंह पुत्र कुलवन्त सिंह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस की प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय ने आज अभियुक्त को दो वर्ष के कारावास और 5000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अदालत ने यह प्रावधान भी रखा कि अर्थदंड न अदा करने पर 1 दिन का अतिरिक्त कारावास भी काटना होगा। वहीं, वर्ष 2016 में थाना कांधला में जयपाल पुत्र जिले सिंह के खिलाफ धारा 325, 504 में मामला दर्ज था। पुलिस की सशक्त पैरवी के बाद, अदालत ने आज उसे धारा 325 में तीन वर्ष के कारावास और 3000 रूपए अर्थदंड, तथा धारा 504 में एक वर्ष के कारावास और 1000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून का राज कायम रहेगा।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के सम्मान में कांग्रेस का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या के अवसर पर शंक. राचार्य अविमुक्तेश्वरानंद व उनके शिष्यों के साथ कथित अभद्रता के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम ऊन को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील ऊन पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि प्रयागराज माघ मेले में स्नान के दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों के साथ पुलिस-प्रशासन ने अभद्र व्यवहार किया, जो निंदनीय है। अश. वनी शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार में गाय और ब्राह्मण दोनों की दुर्गति हो रही है। सरकार के खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि शंकराचार्य के साथ हुए कृत्य में शामिल प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने भाजपा पर सनातन प्रेम का ढोंग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कोरिडोर के नाम पर देशभर में कई मंदिर तोड़े जा रहे हैं, जिसका कांग्रेस खुलकर विरोध करेगी। जिला संगठन सचिव सुबोध कोरी व आचार्य सचिन दीक्षित ने कहा कि शंकराचार्य का अपमान साक्षात भगवान शंकर का अपमान है। प्रदेश के मुखिया को सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक स्नान के लिए आमंत्रित करना चाहिए चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने न्याय नहीं किया तो बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रयागराज कूच करेंगे। प्रदर्शन में जिला व ब्लॉक स्तर के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सैनिक कल्याण बोर्ड में विधिक सहायता कैम्प का आयोजन

**शामली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली द्वारा सचिव के निर्देशानुसार विधिक सहायता शिविर का आयोजन जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें चीफ डिफेंस लॉयर आलोक चौहान, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अजय कुमार, रवि कुमार (लिपिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण), पी.एल.वी. चैन पाल सिंह, रामफाल, विनोद कुमार, नरेन्द्र कुमार, डॉ. रामकुमार गुप्ता व पी.एल.वी. उपस्थित रहे।



## जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि पर किया स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रखर समाजवादी नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जिले के विभिन्न स्थानों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी स्मृति में गोष्ठियों का आयोजन किया। कार्यक्रम समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष विद्या प्रकाश शर्मा के कादरगढ़ स्थित कार्यालय पर आयोजित हुआ। सपा नेता प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्रा न केवल समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताओं में रहे, बल्कि उन्होंने समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने वाली एक पूरी पीढ़ी तैयार की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जनेश्वर मिश्रा की प्रेरणा और पहल पर ही सक्रिय राजनीति में आए। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि जहां कहीं भी जुल्म और अन्याय होता था, वहां जनेश्वर मिश्रा विरोध के लिए सबसे पहले पहुंचते थे। कार्यक्रम में मास्टर जनेश्वर प्रसाद शर्मा, राहुल पुंडीर, आनंद प्रकाश शर्मा, कर्णपाल शर्मा, दीपक शर्मा, पंटू शर्मा, मुल्कीराज शर्मा, हरीश शर्मा, अशोक शर्मा, राकेश शर्मा, अनित शर्मा, ओम शर्मा, अजय धीमान, सुशील धीमान, राजबीर कश्यप, कपिल कश्यप, मनोहर सिंह, महक सिंह, मकसूद राणा, अभिषेक शर्मा, शमशाद, ठाकुर शांतनु, इमरान मलिक, भूपेंद्र सैनी, चौधरी योगराज सिंह, तासीन मंसूरी सहित आदि मौजूद रहे।

## बाल विवाह की रोकथाम को किया जागरूक

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों तथा जिलाधिकारी शामली के आदेशों के अनुपालन में दिनांक 22 जनवरी, 2026 को जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन महिला थाना शामली में बाल विवाह मुक्त समाज की दिशा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद शामली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान दिनांक 27 नवंबर, 2025 से 8 मार्च, 2026 तक संचा. लित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सभी धार्मिक नेता एवं विभिन्न धर्मो के श्रद्धालु समुदाय मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा गिरजाघर एवं अन्य धार्मिक स्थलों एवं विवाह संबंधी सेवा प्रदाता मैरिज हॉल बैंक्विट हॉल बैंड पार्टी डीजे कैंटर्स फोटोग्राफर टेंट हाउस



आदि के साथ को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से पारूल चौधरी ने बताया कि बाल विवाह विवाह का एक ऐसा प्रकार है जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम एवं लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने के बावजूद विवाह कर दिया जाता है, जो कि पूर्णत: गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम आयु में बालिकाओं का तथा 21 वर्ष से कम आयु में बालकों का विवाह कराना कानूनन अपराध है, जिसके लिए 2 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा रु. 1,00,000 तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्ति जैसे बराती, फोटोग्राफर, टेंट कैटरिंग संचालक, मौलवीध्पंडित, बैंड संचालक आदि के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करते हुए FIR दर्ज की जा सकती है।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिक. ारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है, जिनके माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाती है। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि यदि आपके आसपास कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है या संदेह होता है, तो इसकी तत्काल सूचना नजदीकी पुलिस थाना, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 अथवा महिला हेल्पलाइन सेवा 181 पर दी जा सकती है। समय पर सूचना मिलने से बाल विवाह को रोका जा सकता है।

# मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने देवबन्द पहुंच राज्यमंत्री के पिता के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के देवबन्द स्थित आवास पर पहुंचकर उनके दिवंगत पिता डा. राजकुमार रावत के निधन पर शोक जताते हुए उन्हेंश्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी निधन पर शोक जताते हुए परिवार को सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपरान्ह 3.45 बजे हेलीकाप्टर द्वारा देवबंद पहुंचे। कड़ी निगरानी के बीच कार द्वारा उन्हें जड़ौदा जट गांव स्थित राज्यमंत्री बृजेश सिंह के आवास पर ले जाया गया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत डा. राजकुमार रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने निधन पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। मुख्यमंत्री करीब 15 मिनट रुकने के बाद रवाना हो गए। इस मौके पर काबीना मंत्री अनिल कुमार, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, विधायक राजीव गुंबर, नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, गंगोह विधायक कीरत सिंह, रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम, पूर्व मंत्री संजीव बालियान पूर्व सांसद चौ. प्रदीप सिंह, पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी, संजीव भराला, पूर्व मंत्री उत्तराखंड यतिश्वरानंद आदि मौजूद रहे। उधर, सुबह 11 बजे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी राज्यमंत्री के आवास पर पहुंच कर उनके पिता के निधन पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार और पार्टी शोकाकुल परिवार के साथ है। वह राज्यमंत्री के आवास पर करीब आधा घंटा रुके। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। गांव में चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही। खुफिया विभाग भी चौकन्ना बना रहा।



## उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के पिता की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने देवबंद पहुंच राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के पिता राजकुमार रावत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करने के उपरांत पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव पर मंदिरों को ध्वस्त करने वाले मुगल आक्रांताओं के समर्थन के लिए तुष्टिकरण करने का आरोप लगाया।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सुबह करीब 11 बजे जडौदा जट्ट गांव पहुंचे। उन्होंने राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के पिता की प्रतिमा पर पुष्पांज. लि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और संगठन उनके साथ खड़ा है। इसके उपरांत डिप्टी सीएम ने सपा मुखिया पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया को अपना आत्म अवलोकन करना चाहिए। जब भी सनातन धर्म परंपराई टूटी हैं हमारे मंदिरों को ध्वस्त किया गया। इन्हीं मुगल आक्रांताओं ने मंदि. रों को ध्वस्त किया, जिनके समर्थन के लिए अखिलेश यादव तुष्टिकरण की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को थोड़ा आत्ममंथन करना चाहिए, सनातन संस्कृति को वोट की लिहाज से न देखें, सनातन संस्कृति को अपनाए और लोगों को यह बताएं कि उत्तर प्रदेश और देश तृष्टिकरण से नहीं चलेगा बल्कि यह जन-जन का भरोसा जीतने से चलेगा। बृजेश पाठक ने कहा कि जब उनकी सरकार होती है तो निहत्थे कारसेवकों पर केवल वोट की खातिर गोलियां चलवाई जाती हैं। अयोध्या में जिस ढंग से सरयू जल को इन्होंने खून से रंगा था क्या देश के लोग इन्हें माफ कर पाएंगे। कहा कि यह धदम भेषधारी लोग हैं, गांव में कहावत है नौ सौ चूहें खाकर बिल्ली हज को चली। इन्हें देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। नोएडा की घटना को उन्होंने दुखद बताते हुए कहा कि उस घटना की उच्च स्तरीय जांच के आद. ेश दिए गए हैं, एसआईटी जांच चल रही है। जो भी दोषी होगा कड़ी कार्रवाई होगी। देश के विभिन्न राज्यों में चल रही एसआईआर प्रक्रिया पर डिप्टी सीएम पाठक ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग भारत की सांविधानिक व्यवस्था के अनुरुप एसआईआर का कार्यक्रम समय समय पर चलाता है। आजादी के बाद कई बार हो चुका है और इस बार भी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत सभी कार्यकर्ता काम कर रहे हैं, बीएलओ की मद्द कर रहे हैं।



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आजादी के बाद से केंद्र और प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन किया है। सरकार की प्रतिबद्धता प्रदेश की जनता को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाएं देना है। पहले प्रदेश में केवल 40 मेडिकल कॉलेज थे, अब हमारे पास 81 मेडिकल कॉलेज हैं, जो पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहे हैं। एमबीबीएस और एमडी की सीटें ढाई से तीन बढ़ चुकी हैं। चिकित्सालयों में जो भी सीटें रिक्त थी हम उनको लगातार भर रहे हैं। हमारे पास दवाइयों की कोई कमी नहीं है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश पहला ऐसा राज्य है, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों को पांच लाख रुपये तक सेवा के रुप में दिए जा रहे हैं। गरीबों को सरकार ने आयुष्मान कार्ड देकर स्वास्थ्य सेवाएं गारंटी देने का काम किया है।

## पत्रकार गोविंदराम शर्मा के निधन पर जताया शोक

**देवबन्द।** वरिष्ठ पत्रकार गोविंदराम शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। वह पिछले कई वर्षों से हृदय रोग से पीड़ित थे। उनके निधन पर पत्रकारों, राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने दुख जताया है। आबकारी मार्ग निवासी गोविंदराम शर्मा ने विभिन्न समाचारों पत्रों में लंबे समय तक सेवाएं दी हैं। उन्होंने अपनी लेखनी से गरीबों के हकों की लड़ाई लड़ी और उन्हें उनका हक दिलाया। वह कई वर्षों से बीमार थे और घर पर ही उनका उपचार चल रहा था। बृहस्पतिवार की दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की खबर से उनके आवास पर लोगों का जमावड़ा लग गया। पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर, पूर्व विधायक माविया अली, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, प्रेस एसोसिएशन व नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज सिंघल, राजेश गुप्ता समेत पत्रकार मुमताज अहमद, अथर उस्मानी, समीर चौधरी, राज. कुमार जाटव, ओमवीर सिंह आदि ने दुख जताया।



## उपमुख्यमंत्री ने काफिला रुकवाकर किया पीएचसी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक काफिला रुकवा कर जडौदा जट्ट में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में औचक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। डिप्टी सीएम मरीजों की लाइन में लगे और उनसे बातचीत की। अस्पताल स्टॉफ को जानकारी हुई तो उनकी सांसें फूल गईं। परिसर में लगे पेड़ों के रखरखाव और सफाई व्यवस्था को लेकर डिप्टी सीएम ने खासी नाराजगी जताई और इन्हें दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को एक माह का समय दिया।

उपमुख्यमंत्री बृजेश सिंह का काफिला वापस लौटने के लिए रवाना हुआ तो रास्ते में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देख उन्होंने काफिला रुकवा लिया और सीधे अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंच गए। बृजेश



पाठक अस्पताल में लगी मरीजों की



लाइन में खड़े हो गए और मरीजों से

वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानने लगे। इससे अस्पताल अधिकारियों की सांस फूल गई। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में सप्ताह में होने वाली जांचों का आंकड़ा मालूम किया तो कर्मचारी इसमें उलझ गए। एक कर्मचारी ने आंकड़ा दस बताया तो दूसरे ने उसे खारिज करते हुए 12 जांच होना बताया। इसके बाद डिप्टी सीएम ने अलमारियां खोल दवाईयों का स्टॉक और रजिस्टर चेक किए। बृजेश पाठक जब अस्पताल परिसर में पहुंचे तो साफ सफाई और वहां लगे पेड़ों के रखरखाव में बरती गई लाप. रवाही पर उन्हें कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को एक माह का समय दिया। इस दौरान डीएम मनीष बंसल और सीएमओ प्रवीण कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल

## शोभायात्रा की झाकिंया रहीं आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में खेड़ामुगल गांव में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बैंडबाजों के साथ भगवान श्रीराम के भजनों से वातावरण भक्तिमयी हो गया। मनमोहक झांकियां शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहीं।

बृहस्पतिवार को शोभायात्रा का उद्घाटन सुजीत चौधरी ने फीता काटकर किया। महादेव चौक से आरंभ हुई शोभायात्रा मेन बाजार, शिव मंदिर और खेड़ामुगल बस स्टेंड से होते हुए वापस महादेव चौक पर पहुंची। इस दौरान यात्रा में बैंड, बग्गी और विभिन्न तरह की झांकियां यात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। आशु शर्मा, डॉ. अनुपम, पुनीत, अंकुश चौधरी व कपिल चौधरी ने मंदिर पर प्रसाद का वितरण किया।इस मौके पर महादेव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहित मित्तल, संचालक मुन्नू चौधरी सहेंद्र, पंकज, विपिन शर्मा विपिन शर्मा, आशु शर्मा, अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## इंटरनेशनल यूथ सैलिंग चैंपियनशिप में आर्यन हर्षयाना का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम मुराहट के युवा नौकायन खिलाड़ी आर्यन हर्षयाना पुत्र विकल सिंह ने चेन्नई में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल यूथ सैलिंग चैंपियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

याचटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (याई) द्वारा आर्यन हर्षयाना को टीम खिलाड़ी और सूबेदार मनोज कुमार पुत्र दयाराम सिंह को टीम कोच के रूप में चयनित कर भारतीय नौकायन टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया गया था। आर्यन ने इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 420 क्लास में भाग लिया। चुनौतीपूर्ण समुद्री परिस्थितियों, तेज हवाओं और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद उन्होंने उच्च तकनीकी कौशल, धैर्य और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया, जिसकी सराहना आयोजन समिति, तकनीकी अधिकारियों और वरिष्ठ कोचों द्वारा की गई। आर्यन को इस चैंपियनशिप के लिए सूबेदार मनोज कुमार द्वारा प्रशिक्षित किया गया। उनके रणनीतिक मार्गदर्शन और कठोर प्रशिक्षण ने आर्यन के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह उपलब्धि न केवल आर्यन के लिए बल्कि उत्तर प्रदेश के उभरते नौकायन खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है और राज्य में वाटर स्पोर्ट्स के विकास को नई दिशा देगी। ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए अपनी शुभकामनायें दी है।

## शिक्षा के बिना कोई समाज तरक्की नहीं कर सकता: कारी इस्हाक गोरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन के संरक्षक और प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने मुसलमानों की तालीम से बढ़ती दूरी पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर और देव. बंद इल्म और तालीम के बड़े मरकज (केंद्र) माने जाते हैं, लेकिन वर्तमान हालात इस पहचान पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि मुस्लिम मोहल्लों में जहां किताबों की दुकानें, इल्मी माहौल और ताल. ीमी रौनक दिखाई देती हैं, वहां अब तेजी से खाने-पीने के होटल और अन्य कारोबारी गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें कारोबार से कोई आपत्ति नहीं, लेकिन जब तिजारत (व्यापार) तालीम की जगह लेने लगे तो यह एक खतरनाक रुझान बन जाता है।

उन्होंने कहा कि देवबंद में दारुल उलूम के इर्द-गिर्द और सहारनपुर में कम्बोह के पुल पर रात-रात भर रौनके लगी रहती हैं। कोई होटल के बाहर चाय पीता नजर आता है, तो कोई टोली बनाकर घंटों बातें करता रहता है।

कारी इस्हाक गोरा ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि अगर यही वक्त इल्म, किताब और तालीम के लिए लगाया जाता तो हालात कहीं बेहतर हो सकते थे। क्योंकि तालीम किसी भी कौम की बुनियादी पहचान होती है और मुसलमानों की तरक्की का रास्ता हमेशा इल्म से होकर गुजरता है। उन्होंने समाज के जिम्मेदारों, उलमा, तालीमी संस्थाओं के संचालक और अभिभावकों से अपील की कि वे इस बदलते रुझान पर गंभीरता से गौर कर अपने बच्चों की शिक्षा पर विषेश धयान दें।



## झोलाछाप का अवैध क्लीनिक सील

### स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का उठाया जा रहा फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक पर छापा मारकर उसे सील कर दिया। झोलाछाप का क्लीनिक सील होने से हड़कंप मच गया। झोलाछाप डॉक्टरों को जैसे ही नोडल अधिकारी के आने की खबर मिली, तो ज्यादातर अपने-अपने क्लीनिक बंद रूफू चक्कर हो गए। नोडल अधिकारी की इस कार्रवाई से झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला रहमान चौक खंदक निवासी डॉ. दिलशाद का क्लीनिक है। शिकायतकर्ता जिले के उच्च अधिकारियों से लेकर सीएमओ इस झोलाछाप डॉक्टर की बार-बार शिकायत कर रहा था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नोडल अधिकारी द्वारा झोलाछाप डॉक्टर के कागजात दिखाने के लिए कहा गया, तो झोलाछाप डॉक्टर अपने कागजात दिखाने में आनाकानी करने लगा। कागजात न दिखा पाने पर नोडल अधिकारी ने झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक सील कर दिया। झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी विकास कुमार ने झोलाछाप डॉक्टर दिलशाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की पुष्टि की है। सीएमओ का कहना है कि डिग्री न दिखाई जाने पर झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अभियान चलाकर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्रवाई से झोलाछाप डॉक्टरों में खलबली मची हुई है। कुछ झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर करोड़ों की संपत्ति के मालिक हो गए है। क्षेत्र में महिला झोलाझाप चिकित्सक भी मौजूद हैं, जो कुंवारी लड़कियों का गर्भपात भी करा रही हैं। इनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाती है। कई झोलाछाप चिकित्सक अपने बोर्ड पर बड़े डाक्टरों का नाम लिखवाकर आंखों में धूल झोंकने का काम करते है। इनका कहना है कि हमारा महीना बंधा हुआ है। जिसकी वजह से खिलाफ कार्यवाही नहीं हो सकती। सूत्रों का कहना है कि उनकी इस बात में दम लगता है। क्योंकि क्षेत्र में बड़ी संख्या में झोलाझाप डॉक्टर खुलेआम क्लीनिक व नर्सिंग होम चला रहे हैं। फिर भी इनके खिलाफ न तो रिपोर्ट दर्ज होती है और न ही कलीनिक सील किया जाता है। अगर किसी जगह इनका विरोध होने लगता है, तो यह दूसरी जगह क्लीनिक खोल लेते है। इनके ज्यादातर क्लीनिक व नर्सिंग होम गली-मौहल्लों में होते हैं।



## कोबरा सांप का किया रेस्क्यू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एएनएम सेंटर के पास वन कर्मियों व सर्प मित्र की टीम ने एक कोबरा सर्प का रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर सरकारी अस्पताल की आवासीय कॉलोनी में एएनएम ट्रेनिंग सेंटर व प्रयोगशाला बनी हुई है। बताया जाता है कि एएनएम ट्रेनिंग सेंटर के पास एक कोबरा सर्प दिखाई दिया। सूचना पर वन विभाग की ओर से वनरक्षक राणा प्रताप सिंह व सर्प मित्र बी भास्कर की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा सर्प का रेस्क्यू किया। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि इसे हिंदी में नाग व इंग्लिश में कोबरा कहते हैं। पकड़े गए सर्प की लंबाई करीब 4 फिट है और यह जहरीले प्रजाति का होता है। कोबरा सर्प का रेस्क्यू होने के बाद एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की छात्राओं व कॉलोनी वासियों ने राहत की सांस ली है। कोबरा सर्प का रेस्क्यू करने के बाद उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**नजीबाबाद।** वीर शहीद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी के पहुंचने पर जिला कोषाध्यक्ष वकील अहमद, सोमेंद्र तोमर व मुजम्मिल एवं उनकी टीम ने फूलमालाओं के साथ उनका स्वागत किया। उद्घाटन मैच के बाद जिला अध्यक्ष ने विजेता टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (मैन ऑफ द मैच) को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन व टीम भावना पैदा करते हैं। अपना दल (एस) हमेशा युवाओं को उचित मंत्र प्रदान कर उनके नेतृत्व को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगामी युवा महोत्सव सांस्कृतिक सद्भाव सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता व भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

## टीबी मुक्त भारत के लिए रैली निकाली

**बिजनौर।** रेडियो संदेश बिजनौर की टीम ने राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के बैनर तले स्वयंसेवकों के माध्यम से टीबी मुक्त भारत के लिए एवं संचारी रोग निवारण के लिए एक विशाल रैली का आयोजन किया। विशाल रैली को समाजसेवी मुफ्ती आबिद रहमान साहब ने हरी झंडी दिखाकर गांव के लिए रवाना किया। रैली के पूर्व रेडियो संदेश बिजनौर टीम के वरिष्ठ सदस्य सुनील भारद्वाज ने कहा कि टीम स्वाति वीरा महाजन के मार्गदर्शन में काम कर रही है। रेडियो संदेश बिजनौर की टीम के वरिष्ठ सदस्य अजय उपाध्याय ने कहा कि रेडियो संदेश की टीम जन-जन तक पहुंचकर टीबी, मलेरिया, काला ज्वर, हेपेटाइटिस रोग से संबंधित रोगों के लक्षणों को बेहतर इलाज के लिए आमजन को प्रेरित करती है। संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए टीम का निरंतर सतत प्रयास जारी है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार यादव, चंद्रहास सिंह, श्यामल मंडल, संग्राम सिंह, सारिका चौधरी, रुक्मेश कुमार, संतोष कुमार, सर्वजीत सिंह, उर्मिला देवी, संगीता देवी, सहाना, कविता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क जागरूकता के लिए पोस्टर चस्पा किए गए। इस कार्यक्रम द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करने का कार्य किया गया। यह कार्यक्रम रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक सन्नी कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में कराया गया। इस कार्य में राजेश श्रीवास्तव का भी सहयोग रहा।

## सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई

**चांदपुर।** ग्राम केलनपुर स्थित लोकप्रिय इण्टर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा विशेष शिविर के द्वितीय दिवस को सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में जागरूकता और सेवा भाव के साथ मनाया गया। समाजसेवी शिव सेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह व प्रधानाचार्य हरवीर सिंह ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए नशे की अवस्था में वाहन न चलाये, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करे, दो पहिया वाहन पर हैलमेट व चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाए, गलत ओवरटेक न करे, लाल-हरी बत्ती का पालन करें, मोड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग करें।

## गाड़ी की टक्कर से बुग्गी चालक वृद्ध की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** गाड़ी की टक्कर में बुग्गी चालक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम रहमापुर निवासी रघुवीर (65 वर्ष) पुत्र बनवारी घोड़ा बुग्गी चलाते थे। रघुवीर आज सुबह नगीना की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह बनवारीपुर स्थित भरत सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने आए, वैसे ही पीछे से आ रही एक गाड़ी ने बुग्गी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बुग्गी पर बैठे रघुवीर सड़क पर आ गिरे तथा गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर पहुंची पुलिस रघुवीर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात ले आई, जहां मौजूद चिकित्सक ने रघुवीर को मृत घोषित कर दिया। रघुवीर की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली गाड़ी तथा चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार मामले में तहरीर आई है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## गांवों में अवैध कब्जा होने पर करें कार्रवाई : डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तराखण्ड सीमावर्ती ग्रामों, पीएम जनमन और वर्तमान में किये जा रहे ग्रामों के भ्रमणों/निरीक्षणों /चौपालों में दिये गये निर्देशों के अनुपालन संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 में उत्तराखंड सीमावर्ती 18 गांवों को प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों की तुलनात्मक सूची तैयार करें तथा उक्त ग्रामों में जिस विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है, तत्काल स्थानीय ग्रामीणों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू, सफाई कर्मी नियुक्त नहीं है, वहां शत प्रतिशत रूप से कार्मिकों को तैनात करें ताकि विकास की प्रगति किसी भी स्तर पर प्रभावित न होने पाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त गांव में जहां पर भी अवैध कब्जा पाया जाए, तत्काल कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए वहां खेल का मैदान, पार्क, आंगनबाड़ी केंद्र, सार्वजनिक शौचालय आदि आम लोगों के उपयोग के लिए निर्माण कार्य कराएं ताकि सभी ग्रामवासी लाभान्वित हो सके। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा से कराए जा रहे सभी कार्यों की सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि सीमावर्ती सभी गांवों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टंकियों का निर्माण कार्य पूरा कर पाइप लाइन बिछाने में क्षतिग्रस्त होने वाले मार्गों को मानक के अनुरूप ठीक कराना सुनिश्चित करें।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **अब्दुल सलाम** और उसकी पत्नी मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनो को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनो के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**शाबिर अली पुत्र अब्दुल करीम**
निवासी चकरोता रोड, नई बस्ती, गली नं0 3,जिला सहारनपुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महाराष्ट्र केसरी ने यूपी डॉमिनेटर्स को कड़े मुकाबले में रौंदा

**नोएडा, वार्ता।** हर्षिता मोर ने निर्णायक क्षण में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र केसरी को प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 9 में यूपी डॉमिनेटर्स पर रोमांचक 5-4 की जीत दिलाई। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए मैचडे सात के इस मुकाबले में महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में हर्षिता का शानदार फॉल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ महाराष्ट्र केसरी चार अंकों और 14 बाउट जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वहीं, करीबी हार के बावजूद यूपी डॉमिनेटर्स चार अंकों और बेहतर 16 बाउट जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। हर्षिता मोर को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि यूपी डॉमिनेटर्स की अंडर-20 वर्ल्ड रेसलिग चैंपियन तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। यूपी डॉमिनेटर्स ने मुकाबले की मजबूत शुरुआत की।

### अटल, रसूली की फिफ्टी की बदौलत अफगान ने जीती सीरीज

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान ने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में वेस्टइंडीज पर 39 रन की शानदार जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। सेदिकुल्लाह अटल और दरवेश रसूल के अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से अफगानिस्तान ने चार विकेट पर 189 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, जिसके बाद मुजीब उर रहमान ने चार विकेट लेकर वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान को पावरप्ले में ही दोनों सलामी के आउट होने से झटका लगा। रहमानुल्लाह गुरबाज (एक) शमर जोसेफ का शिकार हो गए और जादरान (22) जिन्होंने अच्छी शुरुआत की थी।

# भारत में टी-20 विश्व कप नहीं खेलेगा बांग्लादेश

- **बीसीबी, बांग्लादेशी क्रिकेटरों और सरकार के खेल सलाहकार के बीच बैठक के बाद सामने आया फैसला**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश ने भारत में टी-20 विश्वकप नहीं खेलने का फैसला किया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी), बांग्लादेशी क्रिकेटरों और सरकार के खेल सलाहकार के बीच ढाका में गुरुवार को बैठक के बाद यह फैसला सामने आया है। वे भारत में विश्वकप मैच नहीं खेलना चाहते हैं और अपने कार्यक्रम को श्रीलंका में कराना चाहते है। बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि हम श्रीलंका में खेलने की अपनी योजना के साथ आईसीसी के पास जाएंगे। उन्होंने हमें 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन एक वैश्विक संस्था सही में ऐसा नहीं कर सकती। आईसीसी 20 करोड़ लोगों को विश्वकप मैच देखने से वंचित करेगी। यह उनका अपना नुकसान है। आईसीसी श्रीलंका को सह मेजबान बता रहा है लेकिन वह सह मेजबान नहीं है। यह एक हाईब्रिड मॉडल है। मैंने आईसीसी बैठक में कुछ बातें सुनी थी जो चौंकाने वाली थीं। सरकार के सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा हम उम्मीद करते है कि आईसीसी हमें श्रीलंका में खेलने का मौका देगा। हमारी सरकार ने भारत न जाने का यह फैसला किया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश की भारत से उसके टी-20 विश्व कप मैच शिफ्ट करने की मांग कल खारिज कर दी थी। आईसीसी ने बीसीबी से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा था कि अगर बांग्लादेश टी-20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से इनकार करता रहता है, तो टूर्नामेंट में उसकी जगह किसी दूसरी टीम को ले लिया जाएगा। इस फैसले के बाद वोटिग हुई, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे।

## हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला: नजरुल



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को कहा कि आईसीसी ने उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप में हिस्सा लेने के संबंध में उचित न्याय नहीं दिया। कल, आईसीसी ने बांग्लादेश की भारत से श्रीलंका में वेन्यू बदलने की अपील को खारिज कर दिया, और इसके बजाय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को उनकी भागीदारी पर फैसला लेने के लिए 24 घंटे का समय दिया।

आईसीसी ने स्कॉटलैंड को भी स्टैंडबाय पर रखा है, अगर बांग्लादेश आखिरकार टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत जाने को तैयार नहीं होता है। नजरुल, जिन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ बैठक की थी, ने पत्रकारों से कहा कि वे अपना रुख बदलने को तैयार नहीं हैं।आसिफ ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला। हम वर्ल्ड कप खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हाल के दिनों में भारत में ऐसा कुछ नहीं हुआ है जिससे यह लगे कि वहां (सुरक्षा के लिहाज से) चीजें बदल गई हैं। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमें न्याय देगा।

बीसीसीआई के आईपीएल टीम कोलकाता नाईट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के निर्देश के बाद बांग्लादेश ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए यह मांग की थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने लगातार सरकार की सुरक्षा चिताओं को ही अपना आधार बनाया है और भारत में खिलाड़ियों की जान को खतरा बताया है। बीसीबी ने कई दफा आईसीसी से गुजारिश की थी कि उनके मैचों का आयोजन श्रीलंका में कराया जाए। पिछले सप्ताह हुई बैठक के दौरान तो बांग्लादेशी बोर्ड ने एक अजीबोगरीब प्रस्ताव तक दे डाला। उन्होंने मांग की कि बांग्लादेश को ग्रुप-सी से निकाल. कर ग्रुप-बी में भेज दिया जाए और आयरलैंड की जगह उन्हें दे दी जाए, क्योंकि आयरलैंड को अपने ग्रुप स्टेज के सभी मुकाबले श्रीलंका में ही खेलने हैं। हालांकि, आईसीसी ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया था और इससे पहले आए इसी तरह के अन्य सुझावों को भी कोई तवज्जो नहीं दी। भारत में नहीं खेलने से बांग्लादेश को वित्तीय नुकसान भी

# तेंदुलकर ने सायना नेहवाल की विरासत की तारीफ की



- **कहा: भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और आखिरकार युवा एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए उनका योगदान अभूतपूर्व है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने ओलंपिक मेडलिस्ट सायना नेहवाल के कॉम्पिटिटिव बैडमिंटन से रिटायरमेंट के बाद उन्हें सम्मान देते हुए कहा कि भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और आखिरकार युवा एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए उनका योगदान अभूतपूर्व है। एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए, तेंदुलकर ने कहा कि प्रिय सायना, आपका करियर इस बात का सबूत है कि महानता एक बार में एक दिन, धैर्य, साहस और लगातार कोशिशों से बनती है।

उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 को भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और यह साबित करने का क्रेडिट दिया कि जब विश्वास, तैयारी के साथ मिल जाए, तो किसी भी खेल का रास्ता बदल सकता है। तेंदुलकर ने लिखाकि मेडल्स से परे, आपकी सबसे बड़ी विरासत वह प्रेरणा है जो आपने अनगिनत युवा एथलीटों को बड़े सपने देखने और यह विश्वास करने के लिए दी है कि ग्लोबल सफलता संभव है।ष उन्होंने कोर्ट पर उनकी उपलब्धियों के साथ-साथ कोर्ट के बाहर सायना के प्रभाव को भी रेखांकित किया। भारत के पूर्व कप्तान ने कहा कि सायना के खेल के सफ़र का एक दौर खत्म हो गया है, जबकि दूसरा शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनका अनुभव, नजरिया और खेल के लिए प्यार नए खिलाड़ियों को गाइड करता रहेगा।



# भारत-न्यूजीलैंड का दूसरा मैच आज

- **भारत 2-0 की बढ़त बनाने के इरादे के साथ उतरेगा**
- **दूसरा टी-20 आज रायपुर में होगा**

**रायपुर, वार्ता।** भारत के अभिषेक शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में 35 गेंदों में 84 रन बनाकर पहले से ही सुर्खियों में हैं, और सभी की निगाहें फिर से उन पर होंगी जब दोनों टीमें शुक्रवार को शाम 7:00 बजे शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में भिड़ेंगी। भारत को हालांकि न्यूघीलैंड के पलटवार से सावधान रहना होगा जिसने वनडे सीरीज में पहला मैच हारने के बाद वापसी करते हुए अगले दोनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम की थी। भारत ने नागपुर में सीरीज के पहले मैच में 48 रन से जीत हासिल की, और 238/7 का बड़ा स्कोर बनाया। अभिषेक की शानदार पारी, जिसमें आठ ऊंचे छक्के शामिल थे, ने लय बनाई, जबकि रिकू सिंह की 20 गेंदों में नाबाद 44 रन की पारी ने भारत को 230 के पार पहुंचाया।

सूर्यकुमार यादव (22 गेंदों में 32) और हार्दिक पांड्या (16 गेंदों में 25) ने अहम सपोर्ट दिया। बॉल से वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने एक-एक विकेट लेकर न्यूजीलैंड को प्रेशर में रखा और उन्हें 190/7 पर रोक दिया। भारत रायपुर में अक्षर पटेल के बिना खेल सकता है, क्योंकि नागपुर में कैच-एंड-बॉलिग करते हुए उनकी उंगली में चोट लग गई थी। अगर भारत पेसर चुनता है तो उनकी जगह हर्षित राणा या अगर वे स्पिन-हैवी लाइनअप के साथ जाते हैं तो रवि बिश्नोई को लेने की उम्मीद है। 239 रन के बड़े टारगेट का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड को टॉप पर संघर्ष करना पड़ा क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से वे तुरंत प्रेशर में आ गए। ग्लेन फिलिप्स ने 40 गेंदों पर शानदार 78 रन बनाकर काउंटर अटैक किया, जिसमें मार्क चैपमैन (39) और डेरिल मिशेल (28) ने उनका साथ दिया। काइल जैमीसन और जैकब डफी ने दो-दो विकेट लिए, जबकि ईश सोढ़ी और मिशेल सेंटनर ने एक-एक विकेट लिया। हार के बावजूद, न्यूजीलैंड ने लड़ाई दिखाई और रायपुर में अपने टॉप-ऑर्डर की दिक्कतों और डेथ बॉलिग की चिताओं को दूर करने की कोशिश करेगा। टी-20 में आमने-सामने, भारत 26 मुकाबलों में न्यूजीलैंड से 13-10 से आगे है, जिसमें तीन मैच टाई रहे। हालिया फॉर्म भारत के पक्ष में है, जिसने अपने पिछले पांच टी-20 में से चार जीते हैं, जिसमें सीरीज का पहला मैच भी शामिल है। वहीं, न्यूजीलैंड ने अपने पिछले पांच टी-20 में तीन जीत और दो हार दर्ज की हैं।

## गावस्कर ने भारत की टी-20 जीत में वरुण के आत्मविश्वास को सराहा

**नागपुर, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने नागपुर में पहले टी-20 में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत के बाद वरुण चक्रवर्ती के शांत स्वभाव और बॉडी लैंग्वेज की तारीफ की, और कहा कि इस मिस्ट्री स्पिनर का बढ़ता कॉन्फिडेंस मेजबान टीम के लिए एक बड़ी पॉजिटिव बात थी। जियो स्टार पर बात करते हुए, गावस्कर ने माना कि वरुण थोड़े जंग खाए हुए लग रहे थे, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समझ में आता है। गावस्कर ने कहा कि उन्होंने दो विकेट लिए, और जब बैट्समैन पूरी जान लगा देते हैं, तो इकॉनमी रेट भी काफी अच्छा था। जरूरी बात यह है कि उनकी बॉडी लैंग्वेज अच्छी थी। गावस्कर ने बताया कि, अपने करियर के पहले के दौर के उलट, वरुण कुछ बाउंड्री लगने के बाद भी परेशान नहीं दिखे। उन्होंने आगे कहा कि अक्सर, जब वह कुछ रन के लिए आउट होता है, तो उसकी बॉडी लैंग्वेज थोड़ी उदास हो सकती है। ऐसा नहीं हुआ। वह सीधे मार्क की ओर वापस जा रहा था और इस बात से परेशान नहीं दिख रहा था कि उसे कुछ छक्के लगे थे, और यह हमेशा एक बहुत अच्छा संकेत होता है।

# नोवाक जोकोविच जीत के साथ तीसरे दौर में



- **रॉड लेवर एरिना में खेले गए मैच में जोकोविच ने एकल में 6-3, 6-2 6-2 से जीत हासिल की**

**मेलबर्न, वार्ता।** सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को इटली के फांसेस्को मास्ट्रेली को सीधे सेटों में हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में जगह बनाई। यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गए मुकाबले में सर्बियाई चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जोकोविच को एकल में 6-3, 6-2, 6-2 से जीत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाकर कोर्ट पर अपना दबदबा बनाया। मास्ट्रेली ने कुछ प्रतिरोध दिखाया, कई ब्रेक पॉइंट बचाए और शक्तिशाली सर्व और तीन ऐस लगाकर जोकोविच को सेट के लिए सर्व करने पर मजबूर किया। दूसरे सेट में भी पैटर्न वैसा ही रहा, जोकोविच ने 3-2 के बाद बढ़त बनाई और 6-2 से सेट जीत लिया। तीसरे सेट में, जोको. विच ने मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, एक तनावपूर्ण पांचवें गेम में सर्व ब्रेक करके 4-1 से आगे हो गए। मास्ट्रेली ने देर से वापसी की कोशिश किया, लेकिन जोकोविच की सटीकता और निरंतरता निर्णायक साबित हुई, क्योंकि उन्होंने इतालवी खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर जीत पूरी की। जोकोविच ने एक अनजान विरोधी के बारे में कहा कि आजकल मेरे साथ ऐसा अक्सर होता है।फिर भी, सम्मान हमेशा रहता है और मैं किसी को कम नहीं आंकता। उसके पास एक बड़ी सर्व है और बड़े स्टेज पर उसके पास अभी भी अनुभव की कमी है, लेकिन उसके पास गेम है जिससे वह बहुत आगे जा सकता है और रैंकिग में ऊपर जा सकता है, इसलिए मैं उसे इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं। जोकोविच तीसरे राउंड में नीदरलैंड के बोटिक से भिड़ेंगे। इस बीच चीन की वांग शिन्यू ने 24वीं सीड एलेना के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए तीसरे राउंड में जगह बनाई और महिला सिगल्स ड्रॉ के आखिरी 32 में पहुंचने वाली एकमात्र चीनी खिलाड़ी बन गईं। वांग एक सेट और एक ब्रेक से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए दो घंटे 20 मिनट में 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। दुनिया की नंबर 46 खिलाड़ी वांग, झेंग किनवेन के टूर्नामेंट से हटने के बाद मेलबर्न में चीन की सबसे ऊंची रैंक वाली खिलाड़ी हैं। वांग से काफी उम्मीदें हैं, जो ग्रैंड स्लैम में कभी भी चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ी हैं। उन्होंने ऑकलैंड में एलिना स्वितोलिना के खिलाफ अपने करियर के दूसरे फाइनल में उपविजेता रहने के बाद टूर्नामेंट में अच्छी फॉर्म में प्रवेश किया था, और पहले राउंड में क्वालिफायर एंहेलिना पर सीधे सेटों में शानदार जीत हासिल की थी। लेकिन पूर्व नंबर 3 और 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन ओस्टापेंको ने 48 मिनट के कड़े मुक. ाबले वाले पहले सेट में बढ़त बनाई, और नेट पर बैकहैंड विनर लगाकर मैच पर पकड़ बना ली। दूसरे सेट में वांग काफी पीछे थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार चार गेम जीतकर स्कोर बराबर कर लिया।

# इगा लगातार 24वें ग्रैंड स्लेम के तीसरे राउंड में



- **इगा स्वियाटेक ने महिलए एकल में चेक गणराज्य की मैरी बोजकोवा को सीधे सेटों में हराया**

**मेलबर्न, वार्ता।** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक गुरुवार को महिला एकल के मुकाबले में चेक गणराज्य की मैरी बोजकोवा को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगहा बना ली। वह लगातार 24वें ग्रैंड स्लेम के तीसरे दौर में पहुंची हैं। यहां एक घंटा 19 मिनट तक चले मुकाबले में नंबर दो सीड स्वियाटेक ने बोजकोवा पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। इस जीत से वह लगातार सातवें साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में पहुंच गईं। इस नतीजे के साथ स्वियाटेक ओपन एरा में एक ही दशक के पहले 24 महिला एकल ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में राउंड ऑफ 32 में पहुचने वाली पहली डब्ल्यूटीए टूर खिलाड़ी बन गईं।

मैच के बाद स्वियाटेक ने कहा कि आज खेलना बहुत अच्छा लगा। निश्चित रूप से हालात भी आसान नहीं थे। मुझे नहीं पता कि आप लोगों को ऐसा महसूस हुआ या नहीं, लेकिन कोर्ट पर बहुत तेज हवा चल रही थी। मुझे उसके हिसाब से एडजस्ट करना पड़ा, और मैं परफॉर्मेंस से सच में बहुत खुश हूं। स्वियाटेक तीसरे राउंड में नंबर 31 सीड रूस की एना कालिस्काया का सामना करेंगी। इस बीच तीन अमेरिकी खिलाड़ियों ने आसान जीत के साथ तीसरे राउंड में जगह बनाई। डिफेंडिग चैंपियन मैडिसन कीज और नंबर 6 सीड जेसिका पेगुला दोनों ने राउंड 2 में अपने ही देश की खिलाड़ियों को आसानी से हराया, जिसमें कुल मिलाकर सिर्फ आठ गेम हारे, जबकि नंबर 4 सीड अमांडा एनिसिमोवा ने कैटरीना सिनियाकोवा पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। पेगुला ने पूर्व टॉप 10 खिलाड़ी कोको वांडेवेड़ो से कहा कि यह खराब था कि उन्हें न सिर्फ एक और अमे. रिकी खिलाड़ी, बल्कि अपनी डबल्स पार्टनर, वर्ल्ड नंबर 37 मैककार्टनी केसलर के खिलाफ खेलना पड़ा, 6-0, 6-2 से जीत के बाद। पेगुला, जिन्होंने पिछले साल ऑस्टिन, टेक्सास में डब्ल्यूटीए 250 के फाइनल में केसलर को हराया था, ने रॉड लेवर एरिना में सिर्फ 58 मिनट में जीत हासिल करने के रास्ते में पहले आठ गेम जीते।

# मुझे अपने चुनिंदा शॉट्स पर पूरा भरोसा है: अभिषेक

- **कहा: मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मजबूत शुरुआत दिलाना होता है**



**नागपुर, वार्ता।** न्यूजीलैंड के विरु( पहले टी-20 मैच में 35 गें. दों में 84 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि उन्हें अपने कुछ चुनिदा शॉट्स पर ही पूरा भरोसा हैं। मैच के बाद अपनी रणनीति को लेकर अभिषेक ने कहा कि जब आप विपक्षी गेंदबाजो के वीडियो खंगालते हैं या अपनी बल्लेबाजी का विश्लेषण करते हैं, तो आपको अंदाजा हो जाता है कि सामने वाली टीम क्या रणनीति बनाए और मुझे अपने रन कहां बनाने हैं। सच कहूं तो मैं अपने गिने-चुने शॉट्स पर ही यकीन करता हूं क्योंकि मेरे पास वैरायटी बहुत अधिक नहीं है। बस कुछ खास स्ट्रोक्स हैं जिनकी मैं जी-तोड़ अभ्यास करता हूं और मैदान पर उन्हें ही आजमाता हूं। उन्होंने अपनी तकनीक को लेकर कहा कि मैं अधिकतर पावर हिटिग का प्रयास नहीं करता क्योंकि मुझमें वैसी शारीरिक ताकत नहीं है। मेरी बल्लेबाजी मुख्य रूप से टाइमिग के भरोसे चलती है। मेरे लिए सबसे अहम यह है कि मैं गेंद की लाइन पर नजर रखूं और माहौल को समझूं। चूंकि हम फ़िलहाल पूरे भारत में अलग-अलग जगहों पर खेल रहे हैं, तो परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाना बेहद आवश्यक हो जाता है। इसके लिए मैं मैच से पूर्व या नेट अभ्यास के दौरान ही अपनी रणनीति तैयार कर लेता हूं। विपक्षी गेंदबाजी की अपनी योजना होती है, इसलिए मेरे जेहन में हमेशा यह रहता है कि मैं अपने खेल और अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा रखूं। सलामी बल्लेबाज ने अपनी शैली पर कहा कि मैं इसे जोखिम भरा खेल नहीं मानता। हालांकि इसे 'कम्फर्ट जोन' कहना पूरी तरह सही नहीं होगा, लेकिन मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मजबूत शुरुआत दिलाना होता है। शुरुआती छह ओवरों का लाभ उठाना बेहद अहम है और मैं नेट्स पर भी इसी की तैयारी करता हूं। मेरे जेहन में यह बात स्पष्ट रहती है कि विपक्षी टीम के मुख्य गेंदबाज ही पारी के शुरुआती ओवर फेंकते हैं। अगर मैं पहले तीन-चार ओवरों में उन पर हावी हो जाऊं, तो मैच पर हमारी पकड़ मजबूत हो जाती है। उन्होंने कहा कि मैंने एक चीज सीखी है कि यदि आप हर गेंद पर प्रहार करना चाहते हैं या 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी का इरादा रखते हैं, तो वैसी ही मानसिकता और कड़ा अभ्यास जरूरी है।


# बीबीएल फाइनल के बाकी मैचों में नहीं खेलेंगे बाबर आजम

**सिडनी, वार्ता।** बाबर आजम बीबीएल फ़ाइनल के बाकी मैचों में नहीं खेलेंगे, सिडनी सिक्सर्स ने घोषणा की है कि उन्हें नेशनल टीम कैंप के लिए पाक लौटना होगा। सिक्सर्स ने गुरुवार को यह घोषणा की, एससीजी में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ अपने चैलेंजर फ़ाइनल से ठीक 24 घंटे पहले, जिसमें जीतने वाली टीम रविवार को पर्थ में बीबीएल फ़ाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ खेलेगी। बाबर शुरू में पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध थे और उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ पाक की तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया था। ऑस्ट्रेलिया 29 जनवरी से शुरू होने वाली तीन टी-20 में पाक के साथ खेलेगा, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के सभी स्क्वाड सदस्य जो अभी भी बीबीएल में शामिल हैं, वे फ़ाइनल के बाद तक अपनी बीबीएल टीमों के साथ रहेंगे, बाकी स्क्वाड 24 जनवरी को प्री-टूर कैंप के लिए यूएई के लिए उड़ान भरेगा। बयान में कहा गया हैकि सिडनी सिक्सर्स को आज सूचित किया गया है कि सिक्सर्स के ओपनर बाबर को आगामी अंतर्राष्ट्रीय मैचों की तैयारी शुरू होने के कारण अपने राष्ट्रीय टीम के साथियों के साथ कैंप में शामिल होने के लिए पाक लौटना होगा। नतीजतन, बाबर तुरंत ऑस्ट्रेलिया से रवाना होंगे और बीबीएल/15 फ़ाइनल सीरीज के बाकी मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। सिक्सर्स की जनरल मैनेजर ने पुष्टि की कि उन्होंने शुरू में बाबर के पूरा टूर्नामेंट खेलने की योजना बनाई थी हेन्स ने एक बयान में कहा कि सिडनी सिक्सर्स बाबर को ऑस्ट्रेलिया में अपने समय के दौरान क्लब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर देने के लिए तहे दिल से आभारी हैं।हालांकि हमने शुरू में बाबर के फाइनल में पूरे समय उपलब्ध रहने की योजना बनाई थी, लेकिन वह हमारे ग्रुप के एक बहुत ही वैल्यूएबल सदस्य रहे हैं, और हम पूरी तरह समझते हैं कि पाक के नेशनल कैंप की शुरुआत का मतलब है कि अब आने वाले मैचों के लिए तैयारियां चल रही हैं।



- **बाबर शुरू से पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध थे और उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ पाक की तीन मैचों की सीरीज के लिए नहीं चुना गया**

# बसंत पंचमी को लेकर उत्साह, पतंगों की खरीदारी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसंत पंचमी पर्व को लेकर शहर में उत्सव का माहौल है। पर्व के मद्देनजर युवाओं में पतंगबा.जी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्य बाजारों से लेकर गली-मोहल्लों तक पतंगों और देसी मांझे की जमकर बिक्री हो रही है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी बसंत पंचमी को लेकर तैयारियों में जुटे हुए हैं।

आज मनाए जाने वाले बसंत पंचमी पर्व पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं आगामी होलिका दहन के लिए विभिन्न स्थानों पर गोहा (उपला) एकत्र किए जाने का कार्य भी शुरू हो चुका है। पर्व को लेकर धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में तेजी आ गई है। बसंत पंचमी पर्व के दौरान पतंगबाजी के बढ़ते चलन को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बाजारों में समय-समय पर छापेमारी कर दुक.ानदारों को सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझा किसी भी सूरत में न बेचा जाए। पूर्व में कई सामाजिक संगठनों द्वारा भी चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं प्रशासन आमजन से अपील कर रहा है कि सुरक्षित और देसी मांझे का ही उपयोग करें, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। बसंत पंचमी को लेकर जहां एक ओर बाजारों में रौनक है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन की सख्ती से चाइनीज मांझे पर अंकुश लगाने की कोशिशें तेज हो गई हैं।

# ग्राहकों का विश्वास बनाए रखना सफलता की कुंजी: रूही अंजुम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने किसी भी कार्य को ऊंचाईयों पर बनाये रखने के लिये ग्राहकों में विश्वास जगाना जरूरी है।

रूही अंजुम ने यह बात खाता खेड़ी मुजफ्फर मस्जिद के निकट अल-हिबा रेस्टोरेंट के उदघाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसी भी काम की शुरूआत करना आसान होता है, लेकिन उसे निरंतर कसौटी पर खरा बनाये रखना एक चुनौती है। रेस्टोरेंट केवल पेट भरने का साधन न बने, बल्कि जायका लोगों को यहां तक खींच कर लाये और लोगों का विश्वास बने।

इस दौरान हाफिज आफरीन, देव, जितेंद्र, उस्मान, मीरा व सलमान आदि मौजूद रहे।

सपा प्रदेश रूही अंजुम ने आज सुबह मिशन कम्पाउंड स्थित सहक.ारी गन्ना विकास समिति कार्यालय पर जाकर बूथवाइज कार्य की चल रही प्रक्रिया को देखा और कई लोगों की समस्या का समाधान कराया।

# कचरा विवाद में बुजुर्ग की मौत, धक्का-मुक्की में गिरने से गई जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के नौसरहेड़ी गांव में एक मामूली कचरा विवाद ने दुखद रूप ले लिया 70 वर्षीय बुजुर्ग रामकिशन की धक्का मुक्की के दौरान गिरने से मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

आरोप हैं की जब मृतक रामकिशन के बेटे विनोद ने नाली की सफाई के बाद निकला कचरा सड़क पर डाल दिया पड़ोसी पक्ष ने इसका विरोध किया जिससे दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई यह बहस जल्द ही मारपीट में बदल गई रामकिशन और उनके दूसरे बेटे ने बेटे विनोद को बचाने के लिए मौके पर पहुंचकर बीच बचाव किया इसी दौरान हुई धक्का मुक्की में रामकिशन संतुलन खो बैठे और जमीन पर गिर पड़े गंभीर चोटिल होने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई

मृतक के बेटे विनोद ने थाना फतेहपुर में लिखित तहरीर देकर नामजद करते हुए अंकित सागर और साक्षी पर अपने पिता को जानबूझकर धक्का देकर मारने का गंभीर आरोप लगाया है थाना प्रभारी विनय शर्मा ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

## नशा तस्कर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक शातिर नशा तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से लाखों रूपए मूल्य की 441 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली।

मादक/नशीले पदार्थों, प्रति.बंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन सवेरा-नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत आज थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक शातिर नशा तस्कर शिवकुमार पुत्र त्रिलोकी निवासी ग्राम हरपाली थाना रामपुर मनिहारान को ग्राम उनाली की तरफ कच्चे रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 441 ग्राम चरस बरामद कर ली। बरामद चरस की कीमत लाखों रूपए बताई जा रही है।

# हाउस अरेस्ट किए गए डा.अशोक मलिक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक को हाउस अरेस्ट किया गया। उन्होंने आवास पर पहुंचे सीओ को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

डा. अशोक मलिक ने निजी स्कूलों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 15 सूत्रीय ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव को सौंपते हुए कहा कि वर्तमान सरकार मे आपातकाल जैसी स्थिति हो गई है देश का राजा अपनी प्रजा के दुख दर्द को सुनना नहीं चाहता। आज सरकार जनता की समस्या सुनना नहीं चाहती और कल जनता वोट मांगने के समय पर नेताओं को भी सुनना पसंद नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है चोर की जांच कर रहे हैं चोर फर्जी शिकायत और फर्जी जांचों के नाम पर लूटा जा रहा है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पिछले 40 वर्षों का भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं बीएसए के आचरण से सभी संगठन के लोग शिक्षा विभाग के कर्मचारीगण आगाज आ चुके हैं शिक्षक और शिक्षिकाओं को मोटी रकम लेकर निलंबन कर बहाल करने का गोरख धंधा चरम सीमा पर चला रही है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, के पी सिंह, महामंत्री अरविंद शर्मा, अजय सिंह रावत, गययूर आलम, मुजाहिद नदीम, जोरा सिंह, अमजद अली एडवोकेट धनंजय शर्मा मुजाहिद नदीम अनिल सचदेवा ईश्वर चंद फौजी योगेश शर्मा गयूर आलम केपी सिंह कंवरपाल सिंह महिपाल सिंह भोपाल सिंह हरेंद्र कुमार रविंद्र शरद चंद किशोर धर्मेंद्र सिंह हंस कुमार जोरा सिंह प्रवीण कुमार गुप्ता अरुण सैनी मास्टर सतीश शर्मा राजकुमार सैनी मास्टर दुर्गा प्रसाद मास्टर कययूम मास्टर कंवरपाल मास्टर पुष्पेंद्र पुंडीर कुलदीप श्रीमती सुषमा श्रीमती डिंपल श्रीमती सरिता चौधरी श्रीमती प्रिया कावतरा आदि उपस्थित रहे।

## भव्य यज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल देखा गया।

श्री राम चंद्र जी महाराज मंदिर में एक भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया इस दौरान विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ सभी श्रद्धालुओं से आहुतियां दिलवाई और प्रभु राम की कृपा सब पर बनी रहे, ऐसी मंगल कामनाएं कीं।यज्ञ के बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उत्सव को और भव्य बनाने के लिए सुंदर झांकियों के साथ नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान राम भजन और जयकारों की गूंज से पूरा नगर राममय हो गया।

# छोटे लोहिया को सपा दफ्तर पर दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं छोटे लोहिया के नाम से विख्यात स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

अंबाला रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र ने पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया और जब-जब उनके मार्गदर्शन की आवश्यकता हुई तब तक उन्होंने अपना नेतृत्व भी प्रदान किया।

पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, प्रदेश सचिव मजाहिर राणा, प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप, पूर्व विधायक मनोज चौधरी, मंत्री विनोद तेजियान, जिला महासचिव जितेंद्र राणा बाबा ने कहा कि मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत हर बूथ पर पीडीए प्रहरी के रूप में अपने दायित्व का निर्धारण करते हुए एक-एक वोट बनवाने का काम करें क्योंकि यही जीत का आधार बनेगा

इस मौके पर चौधरी ताहिर ब्लॉक प्रमुख जिला पंचायत सदस्य ममता चौधरी किरण पाल राणा जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी रमेश पवार संदीप सैनी राज.कुमार प्रधान राजेश शर्मा काशिफ अल्वी रतन यादव महाजबी खान आजाद माजरा शाहिद मंसूरी मुस्तकीम राणा महेंद्र राकेश अच्छन यादव दक्ष यादव हसीन कुरैशी इमरान मलिक तनवीर अहमद चौधरी कंवरपाल सिंह कुलद.ीप हंस हाजी खुर्शीद चौधरी जुमला सिंह शाहनवाज मलिक चौधरी सलीम तौफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# भाजपा राज में किसान खुशहाल: निम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की खुशहाली के लिए लगातार कार्य कर रही है।किसानों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

क्षेत्र के गाँव चकवाली में बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहक.ारी समिति द्वारा प्रथम खाद वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को खाद वित.रित की गई।संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। सहकारिता के माध्यम से किसानों को घर के पास ही खाद,बीज और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को अन्नदाता मानती है और उन्हें पूरा सम्मान देती है। किसान सम्मान योजना इसका उदाहरण है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रति.निधि नकुल चौधरी ने विधायक देवेंद्र निम को पौधा भेंट किया। विधायक देवेंद्र निम ने ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी ली और मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। इस दौरान ग्राम प्रधान श्रीमती सविता देवी,सभापति धर्मवीर उर्फ राजू, सचिव संजीव कुमार,कार्यक्रम आयोजक नकुल चौधरी मौजूद रहे।

## अपहरण मामले का फरार आरोपी पकड़ा



**चिलकाना।** थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई पुलिस टीम ने अपहरण के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि आरोपियों द्वारा षड्यंत्र रचकर पीड़ित की बहन का अपहरण किये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त हुई पीड़ित की तहरीर पर संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गयी थी। इसी मामले में पुलिस टीम ने अपराधिक षड्यंत्र रचने वाले तीन आरोपी अय्यूब पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम दूधगढ थाना चिलकाना, उस्मान पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम दूधगढ थाना चिलकाना व निजरान पुत्र दिलशाद उर्फ मुन्ना निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को मुखबिर की सूचना पर दूधगढ से ग्राम पठेड जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह, मुख्य आरक्षी वतन पंवार, मोहित शर्मा व आरक्षी विष्णु कुमार शामिल रहे।

# संत रविदास संत पर निकाली प्रभातफेरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अम्बेहटा।** नगर में संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर नगर के मोहल्ला नयाबास स्थित गुरुद्वारे में 11 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई है। यह आयोजन समाज में समानता, प्रेम और सामा.जिक समरसता के संदेशों को फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जो संत रविदास जी के आदर्शों पर आधारित है।

कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन रात्रि में सत्संग का आयोजन किया जा रहा है, जबकि सुबह 4 बजे प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई निकल रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। भजन-कीर्तन और गुरु रविदास जी की अमृतवाणी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। आयोजकों का कहना है कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आयोजन समिति के प्रधान डॉ. बिंदरपाल कल्याण के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संचालित हो रहा है। समिति के प्रमुख सदस्यों में मनजीत, रमेश मिस्त्री, अजय कुमार, धर्मसिंह, मोहित, गुरमीत, नीरज, आशुतोष, कर्मसिंह, विनती देवी, ओमबती देवी, मीरा देवी, श्यामों देवी, संजो देवी, शिक्षा देवी, उर्मिला देवी, बबली देवी और ऊषा देवी शामिल हैं, जो पूरी निष्ठा व सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

# 26 वर्षीय युवक की हार्ट अटैक से मौत, परिजनों में कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** धौलाहेड़ी गांव निवासी 26 वर्षीय युवक को हार्ट अटैक आने के कारण अचानक उसकी मौत हो गई, परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के मुता.बिक 26 वर्षीय युवक सद्दाम पुत्र फारुख निवासी ग्राम धौलाहेड़ी खनन परिवहन में चलने वाली एक गाड़ी पर सह परिचालक के रूप में कार्य करता था। जो कि बुधवार को रात्रि के समय नानौली स्थित एक क्रेशर से खनन सामाग्री भरने के लिए गया था। इसी दौरान उसके सीने में अचानक तेज दर्द हो गया। सद्दाम की हालत ज्यादा बिगड़ती देख गाड़ी चालक उसे आनन फानन में पठेड़ स्थित निजी चिकित्सक के यहां ले आया। उसके परिजन भी वहाँ पहुंच गए।

लेकिन चिकित्सक ने सद्दाम की हालत ज्यादा गम्भीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। और जब तक परिजन उसे सहारनपुर के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक सद्दाम की शादी अभी 3 वर्ष पूर्व ही हुई थी।

# प्रतियोगिता में यशु तथा इनायत रहे प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मारक विद्यालय में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दूसरे दिन कबड्डी, ऊँची कूद, चेयर रेस, स्पून रेस एवं रस्सा कूद आदि जैसे खेलों का आयोजन किया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता में कक्षा पांच की टीम ने कक्षा चार की टीम को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता टीम में रियाज, कन्हैया, आरिश, गौरव, यशु, हिमांशु और विनय शामिल रहे। चेयर रेस में कक्षा पांच की शिफा, कक्षा चार की अवनी, कक्षा तीन की हूमेरा और कक्षा दो की सारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ऊंची कूद में कक्षा पांच के यशु और इनायत, कक्षा चार के मनीष और अलकमा, कक्षा तीन के आशिक और इकरा तथा कक्षा दो के कामरान और सना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्पून रेस में कक्षा पांच की अनुष्का, कक्षा चार की श्रुति, कक्षा तीन की सिदरा और कक्षा दो की आलिया ने बाजी मारी। रस्सा कूद में कक्षा पांच की इल्मा प्रथम, कक्षा चार की अंजलि द्वितीय तथा कक्षा तीन की शबनूर तृतीय स्थान पर रहीं।

# 25को देवपुरम में दर्शन देंगे राम सुंदर दास महाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लाल द्वारा देवपुरम के प्रधान सेवक आशीष लाल मेहता ने बताया कि 24 जनवरी को ध्यानपुर से श्री राम सुंदर दास जी महाराज सहारनपुर स्थित देवपुरम मंदिर में पधार रहे हैं और 25 जनवरी को श्रद्धालुओं का दर्शन देंगे।

प्रधान सेवक आशीष मेहता ने बताया कि 25 जनवरी को लाल द्वारा देवपुरम में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुबह 9:00 बजे श्री राम सुंदर दास जी महाराज नाम दान दीक्षा प्रदान करेंगे। इसके पश्चात संत निवास का भूमि पूजन भी उनके करकमलों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। नाम दान दीक्षा, भूमि पूजन व दर्शन कार्यक्रम में उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब। प्रेस वार्ता में बताया गया कि नाम दान दीक्षा एवं भूमि पूजन कार्यक्रम के उपरांत सुबह 10रू00 बजे से श्रद्धालुओं को श्री राम सुंदर दास जी महाराज के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। इस अवसर पर सहारनपुर के अलावा अंबाला, यमुनानगर, जगाधरी, हरिद्वार, रुड़की सहित अन्य शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। वार्ता के दौरान मंत्री मोहनलाल पूरी, कोषाध्यक्ष चंदन सचदेवा, सुभाष कालरा, राकेश दत्ता, नरेंद्र भाटिया, शमी, बलकार सिंह, सुरेंद्र शेट्टी, आशीष आनंद श्याम, विजय सचदेवा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में कक्षा प्ले से कक्षा यूकेजी के छोटे-छोटे बच्चों ने बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल मैदान में पतंगें उड़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता, प्रधानाचार्य संजय कुमार, कोऑर्डिनेटर पारूल अग्रवाल व अध्यापिका अंजली गर्ग ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कोषाध्यक्ष ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत पंचमी हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है। जिसका मुख्य लक्ष्य मां सरस्वती के चरणों में विद्या का वरदान प्राप्त करना है। प्रधानाचार्य व कोऑर्डिनेटर ने बच्चों को बताया कि बसंत पंचमी हमारे देश का सबसे पवित्र त्योहार है जिसमें सभी अध्यापक व बच्चे मां सरस्वती के चरणों में बैठकर विद्या का वरदान पाने के लिए उनकी पूजा अर्चना करते है। अध्यापिका ने कहा कि बसंत पंचमी वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है, जिसे ऋतुराज भी कहा जाता है। इस दिन से प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है, खेतों में फसलें लहलहाती हैं और चारों ओर हरियाली छा जाती है। इसके बाद सभी बच्चों ने अतिथियों के साथ स्कूल स्कूल मैदान में पतंगें उड़ाईं। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

CMYK

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 23 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# राहुल के आरोप

कांग्रेस महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को जिस तरह सरकार ने खत्म किया है, उसको लेकर वह पीएम मोदी पर सीधे निशाना साध रही है। गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा चाहती है कि देश में लोकतंत्र, संविधान और एक व्यक्ति एक वोट की अवधारणा खत्म हो और आजादी से पहले वाला हिन्दुस्तान फिर से वापस लाया जाए। वह यह भी कहते हैं कि यह इसी सोच का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को मनरेगा के तहत मिले अधिकार को खत्म करने का काम किया है। मनरेगा रोजगार की गारंटी और सम्मान से जीने का अधिकार देता था और इसके पीछे उसकी सोच थी कि जिसे भी काम की जरूरत हो वह सम्मान के साथ व अधिकार के साथ काम मांग सके। कांग्रेस ने साफ किया कि वह सरकार को अपने मिशन में कामयाब नहीं होने देगी और इसके लिए बराबर लड़ेगी। उन्होंने याद भी दिलाया कि अब से पहले मोदी सरकार किसानों के खिलाफ काले कानून लेकर आई थी, जिससे किसानों ने रोक दिया जो अन्याय किसानों के साथ किया जाता था वही मजदूरों के साथ किया जा रहा है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि किस तरह दबाव के चलते किसानों के तीन काले कानून वापस लिए गए थे। राहुल गांधी मोदी सरकार को किसान विरोधी व मजदूर विरोधी बता रहे हैं। अपने तर्क में वह यह कहते हुए दिखाई देते हैं कि यह सबकुछ पूंजीपतियों के इशारे पर हो रहा है, क्योंकि भाजपा ऐसी व्यवस्था चाहती है जो देश की आजादी से पहले बनी हुई थी। उनकी मंशा है कि हिन्दुस्तान के चुने हुए लोगों के पास शक्ति हो और वह जिस तरह से चाहें देश को चलाएं। मोदी सरकार गरीबों को कुचलने और उन्हें चलाने का अधिकार भाजपा, अडाणी व अंबानी को देना चाहती है। इसके पीछे उसकी सोच यह है कि जब सारे अधिकार उन्हें मिल जाएंगे, तब गरीब पूरी तरह से देश के अमीरों पर निर्भर हो जाएगा। गरीब उनकी बात मानेगा, नहीं मानने पर वह भूखा मरेगा। यही ये लोग चाहते हैं। इसलिए गरीबों के रोजगार का अधिकार देने वाले मनरेगा को खत्म किया गया है। वह देश की आजादी से पहले राजा-महाराजाओं की सरकार जिस तरह चलती थी उसी तरह सरकार चलाना चाहते हैं, जहां संविधान के लिए कोई जगह नहीं है। राहुल गांधी लोगों से आह्वान भी करते हैं वह इस लड़ाई में कांग्रेस का साथ दें। वह पूरे विपक्ष को भी एकजुट रखकर इस लड़ाई को लड़ने की बात भी कह रहे हैं। राहुल गांधी के इन तमाम आरोपों को केवल राजनीति से प्रेरित रहकर खारिज नहीं किया जा सकता। आखिर मनरेगा जैसी योजना में संशोधन की क्या जरूरत थी। उस वक्त तो और भी नहीं जब संशोधन करने की कहीं से भी आवाज न उठ रही हो। मजदूरों को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है।

## मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी




भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं, इसलिए गरीबों को गुलाम बनाए रखने के इरादे से ग्रामीण श्रमिकों के हित की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) कानून को खत्म करने का कदम उठाया गया है, मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी है और इस लड़ाई को एक जगह पर बैठकर या सिर्फ नारे लगाकर नहीं लड़ा और जीता जा सकता है, सरकार मनरेगा खत्म करने का कानून संसद के शीतकालीन सत्र में लाई थी और कांग्रेस ने इसका जमकर विरोध किया था, अब जल्द ही बजट सत्र शुरू होने वाला है और कांग्रेस शीतकालीन सत्र की तरह ही बजट सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार के इस कदम का विरोध करेगी, कांग्रेस इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी, जब तक इस कानून को बहाल नहीं किया जाता है। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# अंतरिक्ष में वायरस में होने वाले परिवर्तन महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय

अंतरिक्ष मानव सभ्यता के लिए केवल तारों और ग्रहों का रहस्यमय विस्तार नहीं है, बल्कि यह जीवन की परिभाषा, उसके व्यवहार और उसके विकास को समझने की एक अनोखी प्रयोगशाला भी है। जैसे-जैसे मनुष्य अंतरिक्ष में अधिक समय बिताने लगा है, वैसे-वैसे यह प्रश्न भी गंभीर होता जा रहा है कि वहां मौजूद सूक्ष्मजीव, विशेष रूप से वायरस, किस प्रकार व्यवहार करते हैं। पृथ्वी पर वायरस पहले से ही जीवन के सबसे रहस्यमय रूपों में गिने जाते हैं, और जब यही वायरस अंतरिक्ष जैसे अत्यधिक भिन्न वातावरण में पहुंचते हैं, तो उनके भीतर होने वाले परिवर्तन वैज्ञानिकों के लिए गहन अध्ययन का विषय बन जाते हैं। अंतरिक्ष में विक. सित या परिवर्तित वायरस को अक्सर स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस कहा जाता है, और यह अवधारणा भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं, मानव स्वास्थ्य और जैविक सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनती जा रही है।

वायरस पृथ्वी पर हर जगह पाए जाते हैं हवा में, पानी में, मिट्टी में और यहां तक कि हमारे शरीर के भीतर भी। वे जीवित और निर्जीव के बीच की एक अनोखी कड़ी माने जाते हैं, क्योंकि वे स्वयं स्वतंत्र रूप से प्रजनन नहीं कर सकते, बल्कि किसी जीवित कोशिका का सहारा लेते हैं। पृथ्वी का वातावरण, गुरुत्वाकर्षण, तापमान और विकिरण का स्तर वायरस के व्यवहार को प्रभावित करता है, लेकिन अंतरिक्ष में ये सभी कारक नाटकीय रूप से बदल जाते हैं। वहां सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण, तीव्र कॉस्मिक विकिरण, सीमित पोषण और अलग प्रकार की जैविक परिस्थितियां मौजूद होती हैं। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि वायरस भी इन परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने लगें। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किए गए अनेक प्रयोगों से यह सामने आया है कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में सूक्ष्मजीवों का व्यवहार बदल जाता है। बैक्टीरिया और वायरस दोनों ही अंतरिक्ष में अलग ढंग से बढ़ते और विकसित होते हैं। कुछ अध्ययनों में यह पाया गया है कि अंतरिक्ष में मौजूद वायरस अधिक सक्रिय हो सकते हैं या उनके संक्रमण की क्षमता में बदलाव आ सकता है। यह परिवर्तन किसी जादुई प्रक्रिया का परिणाम नहीं, बल्कि जैविक अनुकूलन की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। जब कोई जीव या सूक्ष्मजीव नए वातावरण में पहुंचता है, तो उसका जीनोम धीरे-धीरे उन परिस्थितियों के अनुसार ढलने लगता है। कॉस्मिक विकिरण अंतरिक्ष का एक प्रमुख कारक है, जो पृथ्वी के वातावरण में मौजूद ओजोन परत द्वारा काफी हद तक रोका जाता है। अंतरिक्ष में यह सुरक्षा कवच नहीं होता। यह विकिरण वायरस के डीएनए या आरएनए में उत्परिवर्तन कर सकता है। कुछ उत्परिवर्तन वायरस को कमजोर बना सकते हैं, जबकि कुछ उसे अधिक अनुकूल और कभी-कभी अधिक खतरनाक भी बना सकते हैं। यही कारण है कि वैज्ञानिक अंतरिक्ष में वायरस के विकास को लेकर सतर्क रहते हैं।



यह केवल अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य का सवाल नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर वापस लौटने वाले अंतरिक्ष यानों के साथ संभावित जैविक जोखिम का भी प्रश्न है। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस की अवधारणा केवल सैद्धांतिक नहीं है। कई प्रयोगों में देखा गया है कि अंतरिक्ष में रखे गए वायरस पृथ्वी पर लौटने के बाद अपने मूल रूप से कुछ अलग व्यवहार करते हैं। कुछ वायरस अधिक तेजी से कोशिकाओं को संक्रमित करते पाए गए, जबकि कुछ की प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने की क्षमता में बदलाव देखा गया। इसका अर्थ यह नहीं है कि हर अंतरिक्ष-विकसित वायरस खतरनाक ही होगा, लेकिन यह अवश्य दर्शाता है कि अंतरिक्ष जैविक विकास को एक नई दिशा दे सकता है। मानव शरीर स्वयं भी अंतरिक्ष में बदलता है। लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने से अंतरिक्ष यात्रियों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है। ऐसे में यदि कोई वायरस अधिक सक्रिय या अनुकूलित रूप में मौजूद हो, तो संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। यही कारण है कि अंतरिक्ष मिशनों में जैविक निगरानी को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। अंतरिक्ष यात्रियों के शरीर में मौजूद वायरस, जैसे कि हर्पीस वायरस, अंतरिक्ष में अधिक बार सक्रिय होते देखे गए हैं। यह इस बात का संकेत है कि अंतरिक्ष का वातावरण वायरस और मेजबान दोनों के बीच के संतुलन को बदल सकता है। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस का अध्ययन केवल जोखिमों तक सीमित नहीं है। इसके सकारात्मक पहलू भी हो सकते हैं। अंतरिक्ष में वायरस के व्यवहार को समझकर वैज्ञानिक नई दवाओं, वैक्सीन और जैव-प्रौद्योगिकी के नए रास्ते खोल सकते हैं। यदि यह समझ में आ जाए कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण या विकिरण वायरस की संरचना को कैसे बदलता है, तो उसी ज्ञान का उपयोग पृथ्वी पर रोगों के उपचार में किया जा सकता है। कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि अंतरिक्ष अनुसंधान से प्राप्त जानकारी कैंसर चिकित्सा, जीन थेरेपी और प्रतिरक्षा विज्ञान में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इसके अतिरिक्त, स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस जीवन की उत्पत्ति से जुड़े प्रश्नों को भी नई दृष्टि से देखने का अवसर देते हैं। कुछ सिद्धांतों के अनुसार, जीवन के मूल घटक अंतरिक्ष से पृथ्वी पर आए होंगे। यदि वायरस अंतरिक्ष में विकसित हो सकते हैं, तो यह संभावना और भी मजबूत होती है कि जीवन के सरल रूप ब्रह्मांड में व्यापक रूप से मौजूद हों। यह विचार हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि पृथ्वी पर जीवन शायद अकेला नहीं है, बल्कि ब्रह्मांड के अन्य हिस्सों में भी सूक्ष्म स्तर पर जीवन पनप रहा हो सकता है। अंतरिक्ष में जैविक सुरक्षा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। जैसे-जैसे मानव मंगल, चंद्रमा और उससे आगे की यात्राओं की योजना बना रहा है, वैसे-वैसे यह सुनिश्चित करना आवश्यक हो जाता है कि हम अपने साथ पृथ्वी के वायरस को अनियंत्रित रूप से अन्य ग्रहों पर न ले जाएं। इसी प्रकार, किसी अन्य ग्रह से संभावित जैविक तत्वों को पृथ्वी पर लाने से पहले भी सावधानी बरतनी होगी। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस इस संदर्भ में एक चेतावनी की तरह हैं, जो हमें यह याद दिलाते हैं कि जीवन और जैविक पदार्थ अत्यंत अनुकूलनशील होते हैं। अंतरिक्ष में वायरस का विकास हमें यह भी सिखाता है कि प्रकृति सीमाओं को नहीं मानती। जहां जीवन के लिए परिस्थितियां अत्यंत कठोर प्रतीत होती हैं, वहां भी जैविक तत्व अपने अस्तित्व के रास्ते खोज लेते हैं। यह अनुकूलनशीलता ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। वायरस, जो स्वयं जीवन की सीमाओं पर खड़े होते हैं, अंतरिक्ष में जाकर इस सत्य को और भी स्पष्ट कर देते हैं। भविष्य में स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस पर शोध और अधिक गहन होगा। नई तकनीकों, जैसे कि उन्नत जीनोमिक विश्लेषण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, की सहायता से वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश करेंगे कि अंतरिक्ष में कौन-से उत्परिवर्तन होते हैं और उनके दीर्घकालिक प्रभाव क्या हो सकते हैं। यह शोध न केवल अंतरिक्ष विज्ञान को आगे बढ़ाएगा, बल्कि पृथ्वी पर मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जैविक संतुलन को समझने में भी सहायक होगा। अंततः, स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस की अवधारणा हमें यह एहसास कराती है कि अंतरिक्ष केवल भौतिक अन्वेषण का क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह जैविक और दार्शनिक प्रश्नों का भी मंच है। यह हमें जीवन की नाजुकता और उसकी अद्भुत अनुकूलन क्षमता दोनों से परिचित कराता है। जैसे-जैसे मनुष्य अंतरिक्ष की ओर अपने कदम बढ़ाता जाएगा, वैसे-वैसे यह आवश्यक होगा कि वह न केवल तकनीकी रूप से, बल्कि जैविक और नैतिक रूप से भी तैयार हो। अंतरिक्ष में विक. सित वायरस इस यात्रा के मूक साक्षी हैं, जो हमें लगातार यह याद दिलाते हैं कि जीवन जहां भी जाता है, वहां परिवर्तन और विकास अनिवार्य होते हैं।

**-साभार**

# भू-तापीय ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा की नई दावेदार

**भूकंप का खतरा में मुख्य चिंता हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग से होने वाले भूकंपों की है। स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया में ऐसे प्रोजेक्ट्स को भूकंपीय गतिविधियों के कारण बंद करना पड़ा था। इस समस्या से निपटने के लिए फेर्वो जैसी कंपनियां अमेरिकी ऊर्जा विभाग के सख्त दिशानिर्देशों का पालन कर रही हैं। वे लगातार भूकंपीय गतिविधियों की निगरानी करती हैं और अगर झटके सुरक्षित सीमा से अधिक होते हैं, तो संचालन बंद कर देती हैं। बोरहोल ड्रिलिंग की लागत बहुत अधिक होती है-प्रति बोरहोल लाखों डॉलर। हालांकि ड्रिलिंग तकनीकों में तेल और गैस उद्योग से प्रेरित हुए सुधार ने EGS को अधिक दक्ष और किफायती बना दिया है।**

लंबे समय तक नजरअंदाज की गई भूतापीय ऊर्जा इन दिनों स्वच्छ ऊर्जा का एक आशाजनक विकल्प बनकर उभर रही है। जहां अमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी टेक्नो-कंपनियां हाल ही में परमाणु ऊर्जा समझौतों के लिए सुर्खियां बटोर रही हैं, वहीं मेटा और गूगल जैसी कंपनियां नई पीढ़ी की भूतापीय तकनीक में भारी निवेश कर रही हैं। दरअसल, पारंपरिक भूतापीय प्रणालियां धरती के गर्भ में मौजूद प्राकृतिक गर्म पानी के चश्मों पर निर्भर हैं। दूसरी ओर, नई पीढ़ी की भूतापीय प्रणाली, जिन्हें एन्हांस्ड जियोथर्मल सिस्टम्स कहा जाता है, में जमीन में कई किलोमीटर गहरी बोरिंग करके पानी और रेत को उच्च दबाव पर डालकर चट्टानों में दरारें बनाई जाती हैं। इन दरारों से पानी गुजरते हुए चट्टानों की गर्मी से तपता है और भाप के रूप में सतह पर लौटता है। इस भाप का उपयोग बिजली बनाने में किया जाता है। वास्तव में, नई पीढ़ी की भूतापीय तकनीक को बढ़ावा देने में कंपनियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ह्यूस्टन स्थित फेर्वो एनर्जी कंपनी ऊटा में 2000 मेगावॉट क्षमता का भूतापीय संयंत्र बना रही है। यह क्षमता दो बड़े परमाणु रिएक्टरों के बराबर है। 2028 तक यह संयंत्र गूगल जैसे ग्राहकों को 400 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति करेगा।

मेटा के साथ साझेदारी में सेज जियोसिस्टम्स, 2027 तक मेटा के डैटा सेंटर्स को 150 मेगावॉट तक भूतापीय ऊर्जा प्रदान करने वाली है। कनाडाई कंपनी एवर फ्रैंकिंग (चट्टान तोड़े) बगैर क्लोज्ड-लूप प्रणाली बनाएगी, जिसमें पानी भूमिगत सील्ड पाइपों में घूमता है। एवर का पहला व्यावसायिक संयंत्र जर्मनी में



अगले वर्ष से शुरू होगा, जो स्थानीय कस्बों को ऊष्मा और बिजली की आपूर्ति करेगा।

**चुनौतियां और समाधान**

भूकंप का खतरा में मुख्य चिंता हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग से होने वाले भूकंपों की है। स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया में ऐसे प्रोजेक्ट्स को भूकंपीय गतिविधियों के कारण बंद करना पड़ा था। इस समस्या से निपटने के लिए फेर्वो जैसी कंपनियां अमे. रिकी ऊर्जा विभाग के सख्त दिशानिर्देशों का पालन कर रही हैं। वे लगातार भूकंपीय गतिविधियों की निगरानी करती हैं और अगर झटके सुरक्षित सीमा से अधिक होते हैं, तो संचालन बंद कर देती हैं।

**लागत की चुनौती**

बोरहोल ड्रिलिंग की लागत बहुत अधिक होती है-प्रति बोरहोल लाखों डॉलर। हालांकि ड्रिलिंग तकनीकों में तेल और गैस उद्योग से प्रेरित हुए सुधार ने EGS को अधिक दक्ष और किफायती बना दिया है। साथ ही, भूतापीय ऊर्जा की एक बड़ी खासियत है कि यह दिन-रात लगातार बिजली बनाती है। यह स्थिरता इसे सौर और पवन जैसे अनियमित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का महत्वपूर्ण पूरक बनाती है।

**बाजार और संभावनाएं**

भूतापीय ऊर्जा की सफलता काफी हद तक भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करती है। जिन क्षेत्रों में ज्वालामुखीय गतिविधि अधिक हैं या जहां पृथ्वी की पर्पटी पतली है जैसे पश्चिमी अमे. रिका वहां गर्म चट्टानें सतह के करीब होती हैं, जिससे ऊर्जा उत्पादन आसान और किफायती हो जाता है। अध्ययन बताते हैं कि अगर ऊर्जा संयंत्रों को बदलती ऊर्जा मांगों के अनुसार अनुकूल बनाया जाए, तो पश्चिमी अमेरिका में भूतापीय ऊर्जा परमाणु ऊर्जा की तुलना में अधिक किफायती हो सकती है। बहरहाल, भूतापीय ऊर्जा के सामने अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन यह सतत और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने की क्षमता रखती है, जो इसे भविष्य के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है।

**-स्रोत फीचर्स**

# साइबर अपराध का बढ़ता आतंक और लाचार सरकारी तंत्र



रजनीश कपूर

साइबर अपराध आज की डिजिटल दुनिया में एक ऐसी महामारी बन चुका है जो न केवल आम आदमी की मेहनत की कमाई को चंद मिनटों में उड़ा देता है, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्गोंरू बुजुर्गों और अशिक्षितोंको भी अपना शिकार बनालेता है। हाल ही में दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग एनआरआई दंपत्ति, ओम तनेजा और डॉ. इंदिरा तनेजा, के साथ हुई घटना इसकी एक दर्दनाक मिसाल है। यह दंपत्ति अमेरिका से 2014 में अपनी मातृभूमि की सेवा करने के इरादे से भारत लौटे थे, लेकिन साइबर ठगों ने उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर दो सप्ताह से अधिक समय तक मानसिक रूप से प्रताड़ित कर 14.85 करोड़ रुपये ठग लिए। यह दिल्ली में हुई अब तक के सबसे बड़े साइबर फ्रॉड मामलों में से एक है, जहां ठगों ने खुद को दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई), मुंबई पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर दंपति को मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स से जुड़े झूठे आरोपों में फंसाया। इस घटना ने न केवल इस दंपत्ति की जीवनभर की बचत छीन ली, बल्कि पूरे देश में साइबर सुरक्षा की कमजोरियों को उजागर कर दिया है।



इस मामले में मुंबई पुलिस और सीबीआई के फर्जी अधिकारियों ने उन्हें डर धमका कर 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा, जहां वे घर से बाहर नहीं निकल सकते थे और लगातार निगरानी में रहने को मजबूर थे। ठगों ने धमकी दी कि अगर वे सहयोग नहीं करेंगे, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनके बच्चे भी फंस जाएंगे। दंपत्ति, जो शिक्षित और अमेरिका में दशकों तक काम कर चुके थे, डर के मारे इनकी हर गैरकानूनी शर्तों पर सहमत हो गए। उन्होंने अपनी म्यूचुअल फंड और बचत खातों से 8 अलग-अलग ट्रांसफर में 14.85 करोड़ रुपये 'वेरिफिकेशन' के नाम पर ठगों के खातों में ट्रांसफर कर दिए, जिसमें हर ट्रांसफर लगभग 2 करोड़ का हुआ। गौरतलब है कि यह कोई इकलौता मामला नहीं है, भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2022 से 2024 के बीच ऐसे मामले तीन गुना बढ़कर 1,23,000 हो गए और पीड़ितों से करोड़ों रूपए ठगे गए। उदाहरण के तौर पर, मुंबई में एक 86 वर्षीय महिला से 20 करोड़ रुपये ठगे गए, जहां ठगों ने खुद को अधिकारियों के रूप में पेश किया। बेंगलुरु में एक महिला टेकी से 32 करोड़ रुपये की ठगी हुई, जो इनसाइडर ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेंट स्कैम से जुड़ी थी। मुंबई में एक 72 वर्षीय व्यवसाई और उनकी पत्नी से 58 करोड़ रुपये उड़ाए गए, जहां ठगों ने उन्हें दो महीने तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा। दिल्ली में ही एक और बुजुर्ग व्यवसाई महिला से 6।9 करोड़ रुपये ठगे गए। यह मामले दिखाते हैं कि ठग बुजुर्गों और शिक्षितों को निशाना बनाते हैं, क्योंकि वे डर और अकेलेपन का फायदा उठाते हैं।

कुल मिलाकर, 2025 में केवल दिल्ली में ही 1,250 करोड़ रुपये की साइबर ठगी हुई और पूरे भारत में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। सवाल उठता है कि आज के टेक्निकल युग में देश का सिस्टम क्यों फेल हो रहा है? अपराधी मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशियाकंबोडिया, म्यांमार, लाओस और चीनसे ऑपरेट करते हैं, जहां वे भारतीयों को ट्रैफिक कर 'स्लेव कंपाउंड्स' में साइबर अपराध करवाते हैं। फर्जी कॉल्स, फेक आईडी और एआई का इस्तेमाल कर वे भारतीय सिस्टम को चकमा देते हैं। जानकारों के अनुसार, भारतीय पुलिस में कुशल कर्मचारियों की कमी, पुरानी इंफ्रास्ट्रक्चर और कानूनी खामियां इसका एक बड़ा कारण हैं। जांच धीमी है, क्योंकि अपराध सीमा पार से हो रहे हैं और पैसा विदेशी खातों में जाता है। बैंक वाले ट्रांसफर को रोकने में असफल रहते हैं, क्योंकि पीड़ित खुद ही पैसा ट्रांसफर करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के अपराधियों को पकड़ना मुश्किल है। अपराधी कम जोखिम में ज्यादा कमाई करते हैं और पकड़े जाने की दर काफी कम है। सोचने वाली बात है कि क्या सरकार केवल जागरूकता फैलाने तक ही सीमित है? नहीं, लेकिन सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयास अपर्याप्त हैं। गृह मंत्रालय ने इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर I4C स्थापित किया है, जहां नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 काम करते हैं। अब तक 9.42 लाख सिम और 2।63 लाख आईएमईआई ब्लॉक किए गए। सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग सिस्टम ने 5,489 करोड़ रूपए बचाए। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में जागरूकता फैलाई और विज्ञापन, रेडियो, मेट्रो में अभियान चलाए। 26 दिसंबर 2025 को इंटर-डिपार्टमेंटल कमिटी बनी, जो गूगल, व्हाट्सएप जैसी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। फाइनेंशियल फ्रॉड के लिए नई एसओपी बनी और एआई-बेस्ड फ्रॉड डिटेक्शन पर जोर दिया जाने लगा। लेकिन शायद इतना सब भी काफी नहीं। इसके लिए कड़े चेक सिस्टम होने चाहिए। बैंक में असामान्य ट्रांसफर पर अलर्ट और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों जैसे यूएन साइबरक्राइम ट्रीटी को दृढ़ करना भी जरूरी है। गौरतलब है कि ऐसे में आम आदमी क्या करे? सबसे पहले, याद रखें कि भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कोई कानून नहीं है। कोई कॉल आए तो उसकी जांच करें, पुलिस स्टेशन जाकर सूचना दें और इसे चेक करें। किसी भी स्थिति में पैसे ट्रांसफर न करें, ओटीपी शेयर न करें। अपने घर परिवार में बुजुर्गों को शिक्षित करें, अकेले न छोड़ें। सरकारी जागरूकता अभियान के अनुसार यदि आप भी साइबर फ्रॉड के शिकार होते हैं तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। बैंक को सूचित कर ट्रांसफर फ्रीज करवाएं। एफआईआर दर्ज कराएं और कोर्ट ऑर्डर से पैसा वापस पा सकते हैं। जैसे कि बेंगलुरु में एक दंपत्ति ने अपने 1.4 करोड़ रिकवर किए। जागरूकता फैलाएं, क्योंकि परहेज इलाज से बेहतर होता है। ऐसी घटनाएं साइबर अपराध की गंभीरता दर्शाती है। सरकार को जागरूकता से आगे बढ़कर सख्त चेक सिस्टम, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और तकनीकी अपग्रेडेशन पर फोकस करना चाहिए। अन्यथा, 'डिजिटल इंडिया' का सपना एक डरावना सपना बन जाएगा। आम आदमी की सुरक्षा राज्य की जिम्मेदारी है, समय है कड़े कदम उठाने का।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यूरोपीय यूनियन ने भारत से रक्षा समझौते को दी मंजूरी

## अगले हफ्ते दिल्ली में डील होगी, ईयू बोला: आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते (सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट) को मंजूरी दे दी है। अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में इस पर साइन होंगे। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने यूरोपीय संसद में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी।

इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), डिफेंस एंड सिक्योरिटी डील, साइबर सिक्योरिटी, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन भारत आ रहे हैं। वे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। भारत-ईयू शिखर सम्मेलन अगले दिन 27 जनवरी को होगा। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने



**■ ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट को मंजूरी देने का ऐलान किया**

सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट को मंजूरी देने का ऐलान किया। कलास ने बताया कि भारत और ईयू के बीच सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी जैसे सेक्टर्स में सहयोग बढ़ेगा। कलास ने कहा कि यूरोप भारत के साथ एक नए और मजबूत एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत, यूरोप की आर्थिक मजबूती के लिए बहुत जरूरी होता जा रहा है। भारत आ रहे ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे। इनमें काजा कलास, ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविक और कई डायरेक्टर्स रहेंगे। भारत और ईयू के बीच 27 जनवरी को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन हो सकते हैं। इसके लिए दोनों देश कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे। पहले यूरोपीय संसद को हां करनी होगी। यूरोपीय काउंसिल की मंजूरी के बाद ट्रेड कमिश्नर सेफकोविक इसे भारत के सामने साइन के लिए पेश करेंगे। समिट के दौरान भारत और ईयू 2030 तक के लिए एक राजनीतिक एजेंडा भी पेश करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल दोनों देश अभी कार्बन बार्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) जैसे विवादित मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए बात कर रहे हैं। सीबीएएम के तहत स्टील और सीमेंट जैसे उत्पादों पर कार्बन टैरिफ के लिए बनाए गए नियम है। अगर कोई देश बहुत प्रदूषण करके सामान बनाता है। फिर उसे यूरोप में लाया जाता है, तो यूरोप उस पर अतिरिक्त टैक्स लगाता है। ईयू ने इस पालिसी को लेकर अब तक कोई बदलाव नहीं किया है। दोनों देश इसका हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं। कलास ने कहा है कि आज की खतरनाक दुनिया में मिलकर काम करना दोनों के लिए फायदेमंद होगा। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से बाजार खुलेगा, जिससे देशों के सामान पर टैक्स और रुकावटें कम होंगी। इसकी वजह से ज्यादा कंपनियां और व्यापारी एक-दूसरे के देश में सामान बेच और खरीद सकते हैं।



**जम्मू। गणतंत्र दिवस से पहले जम्मू-अखनूर-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त करते सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान।**

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सदस्य संख्या 15 से 25 की जाए: भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समयबद्ध सुधारों को लागू करने में हो रही देरी के प्रति आगाह करते हुए सुझाव दिया है कि अफ्रीका एवं एशिया प्रशांत को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के लिए स्थाई तथा अस्थाई सीटों की संख्या बढ़ाकर 15 से 25 की जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने बुधवार को जी-4 (भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान) की ओर से बयान देते हुए कहा कि सुरक्षा परिषद में उन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व बघया जाना चाहिए जिनका प्रतिनिधित्व नहीं है या बहुत कम है।

## ग्रीस में खराब मौसम के कारण दो लोगों की मौत

**एथेंस।** ग्रीस में खराब मौसम के कारण बुधवार को दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार दक्षिणी ग्रीस के पेलोपोन्नीस पेनिनसुला में एस्ट्रोस किनौरियास बंदरगाह पर तेज लहरों में बह जाने और सिर में गंभीर चोटें आने के कारण एक तटरक्षक अधिकारी की मौत हो गई। ग्रीक नेशनल ब्रॉडकास्टर ईआरटी ने बताया कि दक्षिणी एथेंस के सबअर्ब ग्लीफाडा में बाढ़ के पानी में एक महिला की कार बह जाने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि देश के बड़े हिस्से मौसम के इस बदलाव से प्रभावित हुए जिससे भारी बारिश, तेज हवाएं और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। एटिका सहित कम से कम छह इलाकों को 'रेड कोड' इमरजेंसी की स्थिति में रखा गया और निवासियों को अलर्ट मिले जिनमें उनसे घर के अंदर रहने और आधिकारिक निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर एटिका और अन्य प्रभावित इलाकों में स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया। पूरे देश में यातायात में रुकावट की खबरें आईं, कई गाड़ी चलाने वाले बुरी तरह प्रभावित इलाकों में फंस गए जबकि देश भर के बंद. रगाहों पर नाव सेवाएं रोक दी गई।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का यू-टर्न

## यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ नहीं लगाएंगे, ग्रीनलैंड समझौते पर नाटो चीफ के साथ की बातचीत

**दावोस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने से पीछे हट गए हैं। ये टैरिफ 1 फरवरी से लगने वाले थे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दावोस में नाटो चीफ जनरल मार्क रुट के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी नाटो चीफ के साथ ग्रीनलैंड को लेकर होने वाले समझौते की बुनियादी बातें तय हो गई हैं। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो यह अमेरिका और नाटो के सभी देशों के लिए फायदेमंद होगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे, जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगा।

हालांकि ट्रम्प ने इस समझौते की पूरी जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मामला थोड़ा मुश्किल है और इसकी पूरी जानकारी बाद में दी जाएगी। ट्रम्प और नाटो के बीच ग्रीनलैंड फ्रेमवर्क के तहत कई बिंदुओं पर सहमति बनी है। इसके तहत ग्रीनलैंड और पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा नाटो और अमेरिका मिलकर करेंगे। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह डील जल्द सार्वजनिक की जाएगी। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को ग्रीनलैंड में कुछ सीमित इलाकों में अपने सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति मिलेगी। इन ठिकानों का इस्तेमाल जमीन, समुद्र और हवा तीनों मोर्चों पर निगरानी और रक्षा के लिए होगा। इसके साथ ही नाटो, अमेरिका के प्रस्तावित 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम में



**■ अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगा: ट्रम्प**

### ट्रम्प ने जंग सुलझाने वाला बोर्ड ऑफ पीस किया लॉन्च

**दोहा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावोस में जंग सुलझाने के लिए बनाए गए 'बोर्ड आफ पीस' को लान्च किया। उन्होंने कहा कि इस बोर्ड का शुरुआती मकसद गाजा में हुए युद्धविराम को मजबूत करना है, लेकिन आगे चलकर यह दूसरे ग्लोबल विवादों में भी भूमिका निभा सकता है। व्हाइट हाउस ने इस बोर्ड में शामिल होने के लिए 60 देशों को न्योता भेजा था, लेकिन सिर्फ 20 देश ही हस्ताक्षर समारोह में मौजूद रहे। इसमें पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ के अलावा सऊदी अरब, कतर, यूएई, अर्जेंटीना और पराग्वे के नेता मौजूद थे। भारत से कोई हस्ताक्षर समारोह में शामिल नहीं हुआ। वहीं अमेरिका के सहयोगी माने जाने वाले ज्यादातर

**■ पाकिस्तानी पीएम मौजूद थे भारत से कोई नहीं, 60 देशों को न्योता भेजा 20 पहुंचे**

यूरोपीय देश भी इस समारोह से गायब रहे। पहले माना जा रहा था कि कार्यक्रम में 35 देशों के नेता शामिल हो सकते हैं। ट्रम्प ने पिछले साल सितम्बर 2025 में पहली बार गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था। ट्रम्प के साथ मंच पर कई देशों के नेता मौजूद रहे। तस्वीर में ट्रम्प इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो। ट्रम्प ने पहली बार पिछले साल सितम्बर 2025 में गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था।

भी सहयोग करेगा। फ्रेमवर्क में यह भी शामिल है कि ग्रीनलैंड के खनिज संसाधनों पर अमेरिका के साथ साझेदारी होगी। रूस और चीन को इस इलाके में आर्थिक या सैन्य पकड़ बनाने से रोका जाएगा। सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस समझौते में अमेरिका के ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण या मालिकाना हक में लेने की कोई बात नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, इस ढांचे के तहत ग्रीनलैंड की सुरक्षा मौजूदा 1951 के अमेरिका-डेनमार्क समझौते से भी ज्यादा मजबूत की जाएगी। 1951 में अमेरिका और डेनमार्क के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था। इसके तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में सैन्य ठिकाने बनाने की इजाजत मिली थी। उस समय कई बेस बने, लेकिन आज सिर्फ एक बेस पिटुफिक स्पेस बेस एक्टिव है। सीबीएस न्यूज के सूत्रों के मुताबिक इस समझौते के तहत सबसे अहम बात ये होगी कि अमेरिका, ग्रीनलैंड का मालिक नहीं बनेगा। वह हर फैसले डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सहमति से ही लेगा। नाटो ने भी इस समझौते के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। गठबंधन की प्रवक्ता एलिसन हार्ट ने कहा कि ट्रम्प और मार्क रुट की मुलाकात बहुत फायदेमंद रही। उनके मुताबिक, आगे होने वाली बातचीत का मकसद यही होगा कि नाटो के देश मिलकर आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका के बीच बातचीत जारी रहेगी, ताकि रूस और चीन ग्रीनलैंड में कभी भी कोई ठिकाना न बना सकें। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुस.न ने भी बयान जारी कर कहा कि दिन की शुरुआत भले अच्छी नहीं रही हो, लेकिन अंत बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि डेनमार्क इस बात का स्वागत करता है कि ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को बलपूर्वक लेने की बात से इनकार किया और यूरोप के साथ व्यापार युद्ध को फिलहाल रोक दिया। ट्रम्प ने ट्रुथ पर लिखा कि ग्रीनलैंड से जुड़े गोल्डन डोम मामले पर और चर्चा जारी है।

## यूरोपीय देशों के राजदूतों से मिले एस. जयशंकर

**नई दिल्ली।** यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन की अगले सप्ताह भारत यात्रा से पहले विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने गुरुवार को यहां यूरोपीय संघ के देशों के राज. दूतों के साथ मुलाकात की और वैश्विक परिस्थितियों पर चर्चा की। यूरोपीय राजनयिकों के साथ मुलाकात के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर में मौजूदा अस्थिरता और अनिश्चितता के माहौल में भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंध जरूरी हैं।

इन संबंधों से वैश्विक व्यवस्था को स्थिरता मिलेगी। विद.ेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि आज यूरोपीय संघ के देशों के राजदूतों के साथ बातचीत कर खुशी हुई। उनसे दुनिया की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की, जहां अस्थिरता और अनिश्चितता नई सामान्य स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि बात. चीत में उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। डा. जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संबंध मजबूत आपूर्ति शृंखलाओं पर सहयोग के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था के जोखिम को कम करेंगे, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत, समुद्री डकैती रोधी



**■ विदेश मंत्री ने कहा भारत-यूरोपीय संघ संबंधों से वैश्विक व्यवस्था होगी स्थिर**

अभियानों और विकास परियोजनाओं जैसे सार्वजनिक हित के कार्यों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में भरोसा जगाएंगे और व्यापार, आवागमन तथा सुरक्षा साझेदारी को सशक्त बनाकर वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करेंगे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कोस्टा और सुडेर लेयन की यात्रा का भारत में उत्सुक्ता से इंतजार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ के दोनों शीर्ष नेता इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। इसके बाद वे 27 जनवरी को संयुक्त रूप से भारत-यूरोपीय शिखर सम्मेलन की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सह-अध्यक्षता करेंगे।

# बांग्लादेश में पाक समर्थक इस्लामिक पार्टी सरकार बनाएगी!

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले महीने होने वाले आम चुनाव में एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिल सकता है। लंबे समय तक राजनीति से बाहर रही पाकिस्तान समर्थक कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी पहली बार सरकार बनाने के बेहद करीब पहुंचती नजर आ रही है।

हाल ही में हुए दो अलग-अलग सर्वे में जमात देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को कड़ी टक्कर दे रही है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को 300 सीटों संसदीय पर आम चुनाव होंगे। जमात-ए-इस्लामी वही पार्टी है जिसने 1971 में बांग्लादेश की

**■ जमात-ए-इस्लामी सर्वे में दूसरे नंबर पर पहुंची देश की आजादी का विरोध किया था**

आजादी का विरोध किया था और पाकिस्तानी सेना का साथ दिया था। देश की आजादी के बाद 1972 में इस पर बैन लगा दिया गया था। यह बैन 1975 में हटाया गया और 1979 में जियाउर रहमान के शासन में पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति मिली। अमेरिकी संस्था इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीटयूट (आईआरआई) ने दिसम्बर में कराए गए एक सर्वे में बताया था कि बीएनपी को 33 प्रतिशत और जमात को 29 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। वहीं जनवरी में किए गए एक जाइंट सर्वे में बीएनपी को 34.7 प्रतिशत और जमात को 33.6 प्रतिशत समर्थन मिला था। यह सर्वे नरेटिव, प्रोजेक्शन बीडी, इंटरनेशनल इंस्टीटयूट आफ ला एंड डिप्लोमेसी (आईआईएलडी) और जगोरन फाउंडेशन ने मिलकर किया था। जमात के प्रमुख शफीकुर रहमान का कहना है कि उनकी पार्टी अब विरोध और टकराव की राजनीति नहीं बल्कि लोगों के हितों की राजनीति कर रही है। उन्होंने मेडिकल कैंप लगाने, बाढ़ पीड़ितों की मदद करने और आंदोलन में मारे गए लोगों के परिवारों को सहायता देने की बात कही। एक्सपर्ट्स का मानना है कि लोगों में पिछली सरकार की नीतियों को लेकर गुस्सा है, जिसका फायदा जमात को मिला।

# भारत को टैरिफ से ज्यादा पाल्यूशन से खतरा: हार्वर्ड प्रोफेसर

## गीता गोपीनाथ ने कहा: हर साल 17 लाख लोग मर रहे, फिर भी ध्यान नहीं

**दावोस।** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर गीता गोपीनाथ ने पाल्यूशन को भारत के लिए टैरिफ से ज्यादा बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने ये बयान दावोस में भारतीय मीडिया से बात करते हुए दिया। गीता यहां वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की मीटिंग में शामिल होने पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि जब नए कारोबार और आर्थिक विकास की बात होती है, तो चर्चा ज्यादातर व्यापार, टैरिफ और नियमों तक सीमित रहती है, जबकि प्रदूषण को उतनी अहमियत नहीं दी जाती।

उन्होंने कहा कि भारत में प्रदूषण एक बड़ी चुनौती है और इसका असर अब तक लगाए गए किसी भी टैरिफ से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है। यह देश में होने वाली कुल मौतों का लगभग 18 प्रतिशत है। गीता गोपीनाथ ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत से परिवारों पर असर पड़ता है, कामकाजी



**■ वर्ल्ड बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है**

लोगों की संख्या घटती है और देश के लंबे समय के विकास को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की वजह से लोगों की काम करने की क्षमता घटती है, इलाज पर खर्च बढ़ता है और देश की आर्थिक गतिविधियों पर बुरा असर पड़ता है। इससे विकास की रफ्तार धीमी होती है। गीता गोपीनाथ ने कहा कि प्रदूषण सिर्फ भारत की अंदरूनी समस्या नहीं है, बल्कि यह उन विदेशी निवेशकों के लिए भी चिंता का विषय है जो भारत में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं। गीता गोपीनाथ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय निवेशक जब भारत में कारोबार शुरू करने और यहां रहने की योजना बनाते हैं, तो वे पर्यावरण को भी ध्यान में रखते हैं। खराब हवा और खराब रहने की स्थिति, खासकर स्वास्थ्य से जुड़े खतरे, निवेशकों को रोक सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह चिंता उन भारतीयों के लिए और भी ज्यादा है जो रोज प्रदूषित शहरों में रहते और काम करते हैं। प्रदूषण पर कंट्रोल और नियमों में ढील जैसे मुद्दों पर तुरंत पालिसी लेवल पर कदम उठाने की जरूरत है। भारत जब खुद को एक ग्लोबल आर्थिक और मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के तौर पर पेश कर रहा है, तब ये बातें साफ करती हैं कि साफ शहर और बेहतर जीवन स्थितियां बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से निपटना सिर्फ पर्यावरण से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह लोगों की जान बचाने, आर्थिक विकास बढ़ाने और भारत को विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने से जुड़ा है। भारत में वायु प्रदूषण अब सिर्फ एक पर्यावरण की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह लोगों की जान और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट लैंसेट काउंटडाउन आन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज ने 29 अक्टूबर 2025 को जारी रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में भारत में पीएम 2.5 नामक बारीक प्रदूषक कणों के कारण 17 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई। ये 2010 के मुकाबले 38 प्रतिशत ज्यादा हैं। इनमें से करीब 44 प्रतिशत मौतें कोयला और पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधनों (फासिल फ्यूल) के जलने से हुई।

# ग्रीनलैंड पर 50 साल पुरानी दलील से फंसा डेनमार्क

## अमेरिका ने हमला किया, तो नाटो दूर रहेगा, एक्सपर्ट बोले: यह डेनमार्क के कर्मों का फल

**नुउक।** डेनमार्क इस समय एक अजीब और मुश्किल हालात में फंसा हुआ है। उसका सामना किसी दुश्मन देश से नहीं, बल्कि अपने ही सहयोगी देश अमेरिका से है। राष्ट्रपति ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कई धमकियां दे चुके हैं।

ग्रीनलैंड आधिकारिक तौर पर डेनमार्क का हिस्सा है और वह भी अमेरिका की तरह नाटो मेंबर है। यानी ऐसे हालात पैदा हो गए हैं जहां पर नाटो का ही एक मेंबर देश, दूसरे मेंबर देश को मिलिट्री एक्शन की धमकी दे रहा है। डेनमार्क की ऐसी हालात को लेकर ग्रीस के पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री यानिस वारोफाकिस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह ग्रीनलैंड के कर्मों का फल है। उन्होंने कहा कि नाटो बाहरी दुश्मनों से बचाने के लिए है, लेकिन भीतर के दुश्मनों से हिफाजत के लिए नहीं है। जब 1974 में



**■ नाटो बाहरी दुश्मनों से बचाने के लिए है, लेकिन भीतर के दुश्मनों से हिफाजत के लिए नहीं है**

नाटो के दो मेंबर देशों ग्रीस और तुर्की के बीच साइप्रस को लेकर जंग के हालात बने थे, तब डेनमार्क ने यह कहा था कि नाटो का काम किसी मेंबर देश को दूसरे मेंबर देश से बचाना नहीं है। नाटो की स्थापना 1949 में सोवियत संघ से बचाव के लिए हुई थी।

इसके नियमों का आर्टिकल-5 कहता है कि अगर किसी एक सदस्य पर हमला होता है, तो उसे सभी पर हमला माना जाएगा। लेकिन समस्या यह है कि अगर हमला नाटो के अंदर से ही हो, तो क्या होगा? इस पर नाटो के नियम साफ नहीं हैं। ट्रम्प काफी समय से यूरोप और नाटो देशों को भड़काने वाले बयान दे रहे हैं। वे बार-बार ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने की बात कर चुके हैं। यूरोप के कई नेताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अमे. रिका ने सच में ताकत के बल पर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की, तो यह नाटो के लिए अंत की शुरुआत हो सकती है। यूरोपीय देशों ने डेनमार्क के समर्थन में प्रतीकात्मक तौर पर सैनिक भेजे हैं। ब्रिटेन ने सिर्फ एक सैनिक और नार्वे ने दो सैनिक भेजे। यह कदम सैन्य नहीं, बल्कि राजनी. तिक संदेश था। हालांकि इससे भी ट्रम्प नाराज हो गए और उन्होंने डेनमार्क के समर्थन में खड़े यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। साइप्रस एक छोटा सा आइलैंड है, लेकिन इसकी भौगोलिक और राजनीतिक अहमियत बहुत बड़ी रही है। यह यूरोप, एशिया और मिडिल ईस्ट के बीच स्थित है। लंबे समय तक साइप्रस पर ब्रिटेन का शासन था और 1960 में यह ब्रिटेन से आजाद हुआ। आजादी के समय साइप्रस की आबादी दो हिस्सों में बंटी हुई थी। तब करीब 80 प्रतिशत आबादी ग्रीक मूल की थी और लगभग 18 प्रतिशत तुर्की मूल की। दोनों समुदायों के बीच पहले से तनाव था, इसलिए आजादी के साथ ही एक खास व्यवस्था बनाई गई।

